सूर्योदय 7:00 सूर्यास्त 6:11

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.1 न्यू | 15.6 अधि |
| धर्मशाला | 5.2 न्यू | 18.7 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75939.21 |
| निफ्टी | 22929.25 |
| सोना 87,160 | चांदी 100,503 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




प्रो लीग जीतना और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना हमारा लक्ष्य: हरमनप्रीत

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 15 फरवरी 2025 | 4 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 48, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


# अमेरिका–भारत व्यापार की बढ़ेगी रफ्तार

## सहमतिः दोनों देश 2030 तक 500 अरब डॉलर का करेंगे द्विपक्षीय व्यापार और निवेश

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच व्यापार एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा एवं सुरक्षा, ऊर्जा और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न विषयों पर द्विपक्षीय वार्ता हुई, जिससे व्यापार की रफ्तार बढ़ेगी। दोनों पक्षों ने आपसी हितों के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय विकास पर भी विचार हुआ। इस दौरान दोनों नेताओं में एक–दूसरे के प्रति गर्मजोशी, उत्साह, दोस्ती और सम्मान साफ दिखाई दिया। ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद यह पहला मौका था जब पीएम मोदी की उनसे मुलाकात हुई।

दोनों देशों के बीच आपसी व्यापार को और बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुने से ज्यादा बढ़ाकर 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा। बैठक के दौरान मोदी और ट्रंप ने कहा कि हमारी टीमें एक पारस्परिक लाभकारी ट्रेड एग्रीमेंट को जल्द संपन्न करने पर काम करेंगी। भारत ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में हम तेल और गैस ट्रेड को बल देंगे। दोनों देश ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर में भी निवेश को बढ़ाएंगे। साथ ही न्यूक्लियर एनर्जी क्षेत्र में स्मॉल मॉड्यूलर के लिए सहयोग पर बल देंगे।



ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर में भी निवेश को बढ़ाएंगे

### ट्रंप के खास ऐलान

- ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों पक्षों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए एक रोडमैप की घोषणा।
- इस साल से भारत में अपनी सैन्य बिक्री को कई अरब डॉलर तक बढ़ाएंगे।
- दोनों देश दुनिया में कट्टरपंथी इस्लामी खतरे से लड़ने के लिए पहले की तरह मिलकर करेंगे काम।
- भारत के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा लगभग 100 अरब डॉलर है। पीएम मोदी और मैं, इस पर चर्चा करने के लिए सहमत हुए हैं कि इसे कैसे कम किया जाए।

### भारत को एफ–35 लड़ाकू विमानों की आपूर्ति का रास्ता साफ

**भारत** और अमेरिका ने नई 10 वर्षीय रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर करने व प्रमुख हथियारों के सह-उत्पादन को जारी रखने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिका 'एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू जेट' विमान की संभावित आपूर्ति सहित भारत को सैन्य हार्डवेयर की बिक्री में वृद्धि करेगा। उन्होंने बताया कि 2017 में उनके प्रशासन ने क्वाड सुरक्षा साझेदारी को फिर से सक्रिय किया, जिसमें भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं।

### आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के साथ अमेरिका

**पीएम** मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति से डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात के दौरान एक बार फिर आतंकवाद का मुद्दा उठाया। दोनों नेताओं ने कहा कि हम आतंकवाद के मुद्दे पर एक-दूसरे के साथ दृढ़ता के साथ खड़े हैं। मोदी और ट्रंप ने सीमा पार आतंकवाद के उन्मूलन के लिए ठोस कार्रवाई पर एक बार फिर जोर दिया। मोदी ने कहा मैं राष्ट्रपति ट्रंप का आभारी हूं कि उन्होंने 2008 में जिसने भारत में नरसंहार किया था, उस मुजरिम को भारत के हवाले करने का फैसला लिया है।

### 26/11 के मास्टरमाइंड को भारत को सौंपेगा अमेरिका

- क्वाड सुरक्षा साझेदारी को फिर से सक्रिय किया
- पीएम मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप को दिया भारत आने का निमंत्रण

### डिफेंस सेक्टर भी होगा मजबूत

**पीएम** मोदी और ट्रंप के बीच डिफेंस सेक्टर को लेकर भी खासतौर पर बात हुई। दोनों देशों ने डिफेंस सेक्टर के जरिए भी एक-दूसरे के संबंध को और मजबूत करने पर जोर दिया है। दोनों देश ज्वॉइंट डेवलपमेंट और ज्वॉइंट प्रॉडक्शन और ट्रांसफर और टेक्नोलॉजी की दिशा में सक्रिय रूप से आगे बढ़ेंगे। दोनों देशों के बीच हुई डील आने वाले समय में नई टेक्नोलॉजी और इक्विमेंट भारत की क्षमता को और बढ़ाएंगे।

### मानव तस्करी के 'इकोसिस्टम' के खिलाफ लड़ना होगा

**पीएम** मोदी ने मानव तस्करी के उस 'इकोसिस्टम' (पारिस्थितिकी तंत्र) के खिलाफ लड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया है जो आम परिवारों के लोगों को बड़े सपनों और वादों का झांसा देकर दूसरे देशों में अवैध प्रवासियों के रूप में बसाने में संलिप्त है। मोदी ने कहा कि केवल भारत का सवाल नहीं है, बल्कि एक वैश्विक मुद्दा है। हमारा मानना है कि कोई भी व्यक्ति जो दूसरे देश में अवैध तरीके से प्रवेश करता है और रहता है, उसे उस देश में रहने का कोई कानूनी अधिकार या प्राधिकार नहीं है।

### अब होगी मेगा पार्टनरशिप

**प्रधानमंत्री** मोदी ने ट्रंप के मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मैगा) अभियान का जिक्र करते हुए भारत के 2047 तक 'विकसित भारत' बनने के लक्ष्य को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका की भाषा में इसे मिगा कह सकते हैं यानी मेक अमेरिका ग्रेट अगेन। मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच सहयोग मेगा (मैगा+ मेगा) पार्टनरशिप का रूप ले सकता है, जिससे दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे।

पीएम मोदी ने समझाया भारत-अमेरिका साझेदारी का विजन

### दोस्ती की 'झप्पी'




## न्यूज शॉर्ट्स


### महामंडलेश्वर कल्याणी नंद गिरि पर हमला

**प्रयागराज।** महाकुंभ में किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कल्याणी नंद गिरि उर्फ छोटी मां पर जानलेवा हमला हुआ है। वीरवार देर रात 5-6 हमलावरों ने आशीर्वाद लेने के बहाने कार रुकवाई, जैसे ही महामंडलेश्वर कार से उतरीं। हमलावरों ने चाकू से हमला कर दिया। बचाने आईं 3 शिष्याओं पर भी चाकू से वार किया। आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और चारों को महाकुंभ के सेंट्रल हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हमला उस वक्त हुआ, जब महामंडलेश्वर कार से शिविर को जा रही थीं। हमलावरों की पहचान अब तक नहीं हो पाई है।

### पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर 17 मार्च तक लगी रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी से सुरक्षा 17 मार्च तक बढ़ा दी है। उन पर सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी, ओबीसी और दिव्यांगता कोटे का गलत लाभ उठाने का आरोप है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने खेडकर को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा।

### सत्येंद्र के खिलाफ केस चलाने की मांगी मंजूरी

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने राष्ट्रपति से 'आप' नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस चलाने की मंजूरी मांगी है। मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच और 'पर्याप्त सबूत' के आधार पर मंजूरी मांगी है। सत्येंद्र जैन के खिलाफ 2017 में मनी लांड्रिंग केस दर्ज किया था। सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में एफआईआर दर्ज की थी। मई 2022 में उन्हें अरेस्ट कर लिया। वह फिलहाल जमानत पर बाहर है।

### पोप फ्रांसिस की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

**रोम।** पोप फ्रांसिस की तबीयत बिगड़ गई है, जिन्हें रोम के जेमेली पॉलीक्लीनिक में भर्ती किया है। ब्रोंकाइटिस के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया है। इसके साथ ही अन्य स्वास्थ्य जांच भी की जा रही है। यह कदम उनकी सांस संबंधित समस्या के बढ़ने की वजह से उठाया गया है।

### अमेरिका में फिर हुई टिकटॉक की वापसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका में शॉर्ट वीडियो शेयरिंग ऐप टिकटॉक की वापसी फिर से हो गई है। टेक दिग्गज एप्पल और गूगल ने टिक-टॉक को अपने ऐप स्टोर्स पर दोबारा से लिस्ट कर दिया। यह फैसला अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी के आश्वासन के बाद लिया है, जिसमें कहा गया कि टिकटॉक पर बैन तुरंत लागू नहीं किया जाएगा।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- दियोटसिद्ध मंदिर में श्रद्धालुओं को बेहतर आतिथ्य सेवाएं देने के निर्देश -पेज 2
- खनन माफिया के हौसले बुलंद, शिकंजा कसे सरकार -पेज 3
- बैंक कर्मियों ने किया केंद्र सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन -पेज 10
- देश में अडानी पर साधते चुप्पी और विदेश में बताते 'व्यक्तिगत मामला' -पेज 13
- श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को 174 रन से हराया -पेज 14


## अदालतें विधायिका को विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकतीं : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अदालतें विधायिका को किसी विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकतीं। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट न्यायालय के फरवरी 2024 के आदेश के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।



उच्च न्यायालय ने इस मुद्दे पर एक जनहित याचिका का अपने आदेश में निस्तारण कर दिया था। पीठ ने याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि संसद ने हर पहलू पर विचार करने के बाद एक नया अधिनियम बनाया है। रिट अधिकार क्षेत्र में न तो उच्च न्यायालय और न ही उच्चतम न्यायालय विधायिका को किसी विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश दे सकता है। जनहित याचिका में जिला अदालतों या पुलिस को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वे शिकायतकर्ता या पीड़ित को आरोप पत्र की प्रति निःशुल्क उपलब्ध कराएं।

### केंद्र, ईसी और छह राजनीतिक दलों से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, निर्वाचन आयोग और छह राजनीतिक दलों से उन याचिकाओं पर लिखित में जवाब देने को कहा, जिनमें चुनावों के दौरान जवाबदेही सुनिश्चित करने और काले धन पर रोक लगाने के लिए उन्हें सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के दायरे में लाने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की पीठ इस मुद्दे पर गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर दो अलग-अलग जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। सीजेआई ने कहा कि हम इसे अंतिम सुनवाई के लिए किसी 'नॉन-मिसलेनियस' दिन लेंगे। इस बीच, दलीलें पूरी होनी चाहिए।

## प्राकृतिक खेती से लागत घटी, मुनाफा बढ़ा : सुक्खू

### मुख्यमंत्री बोले- राजीव गांधी स्टार्टअप योजना से बढ़ रही किसानों की आय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में किसानों को सशक्त और ग्रामीण आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं।



बोले- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को किया जा रहा सुदृढ़

खेती की लागत को कम करने किसानों की आय एवं उत्पादकता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से पर्यावरण को रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से बचाया जा रहा है। वहीं, खेती की लागत कम होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है।

सुक्खू ने कहा कि प्राकृतिक खेती करने से कृषि की लागत में औसतन 36 फीसदी की कमी आई है और उत्पादों के औसतन 8 फीसदी अधिक दाम मिले हैं। प्राकृतिक खेती कर रहे 75 फीसदी किसान–बागवान फसल विविधिकरण की ओर अग्रसर हुए हैं।

### 35 हजार हेक्टेयर भूमि पर की जा रही प्राकृतिक खेती

सीएम सुक्खू ने कहा कि प्रदेश के सभी कृषि जलवायु क्षेत्रों में किसान-बागवान विविध फसलों व फलों को प्राकृतिक खेती से उगा रहे हैं। प्रदेश की 3,592 पंचायतों में एक लाख 98 हजार किसान 35 हजार हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती से विविध फसलें उगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती पर विशेष बल देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 15 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है।

### 10 साल में राज्य को बनाएंगे आत्मनिर्भर'

**सुक्खू** ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आगामी दस साल में राज्य को 'समृद्ध और आत्मनिर्भर' बनाने के लिए आत्मनिर्भर हिमाचल की परिकल्पना की है। हमारी सरकार 'समृद्ध किसान समृद्ध हिमाचल' के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार ने रोजगार को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना के तीसरे चरण के तहत राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्टअप योजना की शुरुआत की गई है।

### बलूचिस्तान में बम विस्फोट में 11 लोगों की गई जान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार सुबह हुए बम विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गई और चार मजदूर घायल हो गए। बलूचिस्तान लंबे समय से अशांत है। सूबे की सीमाएं अफगानिस्तान से लगती हैं। पाकिस्तान आरोप लगाता रहता है कि अफगान आतंकी मुल्क में खूनखराबा कर अशांति फैला रहे हैं। द न्यूज के अनुसार, यह विस्फोट हरनाई जिले के शाहराग इलाके में हुआ। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि 11 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। हरनाई के डिप्टी कमिश्नर हजरत वली काकर ने बताया कि कोयला मजदूरों को ले जा रहे वाहन पर बम फेंका गया।

### विक्रमादित्य सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेता प्रतिपक्ष पर बोला हमला

## दिल्ली जाकर मदद रोक रहे जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला में प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जयराम और भाजपा नेता दिल्ली जाकर हिमाचल को मिलने वाली मदद को रुकवाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष पूरी तरह मुद्दा विहीन हो गया है।



उन्होंने कहा कि जयराम वीरवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और दूसरे केंद्रीय मंत्रियों से मिले। वह केंद्र से हिमाचल को मिल रही मदद को रोकने का काम कर रहे हैं। संघीय ढांचे में इस तरह का बर्ताव सही नहीं है। वर्तमान में केंद्र सरकार हिमाचल की आवाज को दबा रही है। हिमाचल की रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट जो 2020–21 में 13 हजार करोड़ थी, वो 2025–26 में घटकर 3000 करोड़ रह जाएगी।

### बोले– हमने 2 साल में 42 हजार नौकरियां दीं

**विक्रमादित्य** ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने मात्र दो साल के कार्यकाल में 42 हजार लोगों को नौकरियां दी हैं, जबकि पूर्व भाजपा सरकार ने पांच साल में 20 हजार नौकरियां दी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सरकारी क्षेत्र में 12500 पद भरे गए हैं। मौजूदा सरकार ने दो साल में 20 हजार नए पदों को भरने की मंजूरी दे रखी है। उन्होंने कहा कि एलिमेंटरी एजुकेशन डिपार्टमेंट में 3200 भरे जा चुके हैं। 2095 पदों पर टीजीटी, शास्त्री और जेबीटी की भर्ती की गई, जबकि 245 पद स्पेशल एजुकेटर और एनटीटी (नर्सरी टीचर ट्रेनरों) शिक्षकों के भरे हैं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में 1097 पद भरे जा चुके हैं। कंप्यूटर टीचर और एसएमसी टीचरों की भर्ती भी लिमिटेड डायरेक्ट रिक्रूटमेंट कोटे से की जा रही है।

### नए चुनाव आयुक्त के चयन पर 17 को बैठक

**नई दिल्ली।** कानून मंत्रालय की ओर से नए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के चयन के लिए 17 फरवरी को तीन सदस्यीय कमेटी की बैठक बुलाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी चयन कमेटी की बैठक में शामिल होंगे। मौजूदा सीईसी राजीव कुमार का कार्यकाल 18 फरवरी को खत्म हो रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 के प्रावधानों को पहली बार सीईसी की नियुक्ति के लिए लागू किया जा रहा है। राजीव कुमार को मई, 2022 में मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया था।

## प्रदेश के 5 शहरों का तापमान माइनस में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के मैदानी इलाके शिमला से ठंडे हो गए हैं। शिमला का न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया, जबकि ऊना का तापमान 1 डिग्री तक लुढ़क चुका है। प्रदेश के 5 शहरों का पारा माइनस में है।

मनाली का तापमान भी –0.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को प्रदेश के अधिक ऊंचे क्षेत्रों में हल्की–बारिश बर्फबारी हो सकती है। 16 से 18 फरवरी तक मौसम साफ हो जाएगा। 19 और 20 फरवरी को बारिश व बर्फबारी होगी। खासकर 20 फरवरी को प्रदेश के ज्यादातर भागों में बारिश–बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया है।

### 3 जिलों में कोल्ड वेव का अलर्ट

**मौसम** विभाग ने शनिवार और रविवार को 3 जिलों ऊना, हमीरपुर और बिलासपुर में शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में रात और सुबह के वक्त कोल्ड वेव चलने से परेशानी हो सकती है। शीतलहर की वजह से ही मैदानी इलाकों में ठंड पड़ रही है।

## आरबीआई ने लगाया न्यू इंडिया को–ऑपरेटिव बैंक पर बैन

**एजेंसी, मुंबई**

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश के प्राइवेट सेक्टर के मुंबई बेस्ड न्यू इंडिया को–ऑपरेटिव बैंक पर बैन लगाया है। न्यू इंडिया को–ऑपरेटिव बैंक पर बैन लगाए जाने के बाद से ग्राहक धन निकासी या लेन–देन नहीं कर पाएंगे। बैंक पर यह बैन अगले 6 महीनों के लिए लगाया गया है, जो वीरवार से लागू हो चुका है।

बैंक में भारी अनियमितताओं के चलते यह प्रतिबंध लगाया है। न्यू इंडिया को–ऑपरेटिव बैंक के एक ग्राहक अजय मोरे ने कहा कि मैं पिछले 22 सालों से इस बैंक का ग्राहक हूं। अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के बैंक पर प्रतिबंध लगा दिया गया। हमारे सारे पैसे बैंक में जमा हैं,



अब खर्चे के लिए कुछ भी नहीं है। हमें बताया गया कि 90 दिन तक इंतजार करना होगा, लेकिन इतने दिनों तक हम क्या करेंगे? ग्राहकों का कहना है कि अगर आरबीआई को बैंक पर कोई कार्रवाई करनी थी, तो पहले ग्राहकों को सूचित किया जाना चाहिए था। इस अचानक उठाए गए कदम से हजारों ग्राहक प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, आरबीआई ने की शर्तों के तहत ग्राहकों को सीमित धनराशि निकालने की अनुमति दी है, लेकिन ग्राहकों का कहना है कि यह राशि काफी नहीं है।

**दुर्दिन** बढ़ने के बजाए लगातार घट रहा उत्पादन, आजीविका चलाने वाले प्रदेश के बागवानों की बढ़ी परेशानी

## मौसमी कुचक्र में दम तोड़ने लगा हिमाचली सेब

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश का लाल सेब महकता, लहराता, जायके में बेहद उम्दा, सेहत के लिए कई गुणों का खजाना है।



अब ऐसा लाजवाब सेब अगर मौसमी कुचक्र में दम तोड़ने लगे, तो समझा जा सकता है कि राज्य के भीतर सेब से अपनी आजीविका चलाने वाले बागवानों के दुर्दिन आने वाले हैं। सेब की वार्षिक पैदावार लगातार गिर रही है। 2010–11 में 8.92 लाख मीट्रिक टन सेब की सबसे ज्यादा उच्चतम पैदावार को छोड़ दें, तो उससे पहले या फिर बाद के अब तक सालों में सेब उत्पादन बढ़ने के बजाय घटा है। यह गिरावट बराबर बनी हुई है, खासकर रॉयल, रेड, रेड गोल्डन व इसके समकक्ष प्रजातियों के पौधों पर बुरा असर पड़ने लगा है, जो अपनी उत्पादन क्षमता खोने लगे हैं। सीडलिंग प्रक्रिया के तहत लगाए गए इन पेड़ों पर मौसम की प्रतिकूल मार पड़ी है। वैसे भी राज्यों के भीतर पेयजल की कमी चल रही है, लिहाजा सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता करना इतनी आसान नहीं रहने वाली है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान स्पैशल

### कुल फल उत्पादन में सेब का हिस्सा 85 फीसदी

**तालाब** व बावड़ियां हर साल गायब हो रही हैं। नदियों का दायरा सिमट रहा है, जो बेहद मामूली रह गई है। इस सूरत में आधुनिक रूप से तैयार होने वाले सेब की पैदावार को गति देना इतना आसान नहीं है। 1950-51 में सेब की खेती महज 400 हेक्टेयर से बढ़कर 2021-22 में 1,15,016 हेक्टेयर हो गई है, जो अभी भी बढ़ रही है। इसके लिए एक आर्थिक सर्वेक्षण किया गया था, जिसमें इन तथ्यों की पुष्टि हुई है। यहां पर कुल फल उत्पादन में सेब का हिस्सा लगभग 85 फीसदी है। फलों की खेती के तहत इस राज्य में कुल भूमि क्षेत्र के लगभग आधे हिस्से में सब की फसल उगाई जाती है। आंकड़ों के अनुसार, सेब की उपज 2011-12 में घटकर 2.75 लाख मीट्रिक टन और 2018-19 में 3.68 लाख मीट्रिक टन रह गई है।

### ठंड कम पड़ने से सेब की गुणवत्ता पर असर

सर्दियों के दौरान ठंड कम पड़ने से कुल पैदावार के साथ सेब की गुणवत्ता पर भी सीधा असर देखने को मिल रहा है। रॉयल डिलीशियस जैसी पुरानी सेब की किस्म के लिए 7 डिग्री से कम तापमान चाहिए होता है, जिसके लिए सर्दियों में 1200 से 1400 चिलिंग ऑवर्स की जरूरत पड़ती है। वहीं, नई प्रजातियों के पौधों को ठीक से फलने-फूलने और फल देने के लिए 300 से 500 चिलिंग ऑवर्स की आवश्यकता रहती है।

### आगजनी की घटनाओं से बढ़ रहा तापमान

**प्रदेश** में ज्यादातर पुराने सब की वैरायटियां लगी हुई हैं, जो पूरी तरह से मौसम पर निर्भर हैं। वनों, घासनियों व अन्य कोई अहम क्षेत्रों में लगातार आगजानी की घटनाएं भी डराने वाली हैं, जो वातावरण को गर्म कर रही हैं और ठंड को सीमित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग भी पैदावार को प्रभावित कर रहा है। विशेषज्ञ इस बारे में पहले ही चिंता जाहिर कर चुके हैं, जो सेब उत्पादन के लिए पोलिनेटर व पोलिनेशन को कम करने का काम कर रहा है। एक और अहम पहलू यह भी है कि जंगलों में आग लगने से जंगली मक्खियां व जंगली तितलियां अब बागों में दिखाई नहीं देती हैं, इससे भी सेब का उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

### पुरानी प्रजातियों के पेड़ उखाड़ रहे बागवान

**बागवान** पुरानी प्रजातियों के पेड़ों को बड़ी संख्या में उखाड़ रहे हैं, जो सेब उत्पादन कम होने का एक अन्य कारण है। 100 साल पुराने इन पेड़ों को क्रमवार काटा जा रहा है, जिसकी जगह रूट स्टॉक आधारित पेड़ रोपे जा रहे हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का मत है कि अब समय नई किस्म आधारित सेब पौधों को लगाने का है, जिससे सेब बागवानी को बचाया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर के कई क्षेत्रों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 16 फरवरी को लाइनों एवं उपकरणों को बदलने के कार्य के चलते अप्पर बाजार, लोअर बाजार, नादौन चौक, बस स्टैंड, पुलिस स्टेशन, गांधी गेट, वार्ड नंबर 2, 4, 6 और 8, बराड़ बल्ह तथा आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### तकनीकी विवि हमीरपुर में शहीदों को किया याद



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई ने 14 फरवरी को रक्तदान शिविर और निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन करवाया। सभी ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि एनके शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन के बारे में बताया तथा वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा जिला संगठन मंत्री अभिलाष शर्मा ने हमे पंच परिवर्तन व युवाओं का राष्ट्रीय के लिए दृष्टिकोण के बारे में बताया। जिला मीडिया संयोजक गुरप्रीत ने कहा कि हम पुलवामा में हुए सीआरपीएफ के 40 शहीद जवानों के बलिदान कभी नहीं भूलेंगे और उनको श्रद्धांजलि अर्पण की और शहीद जवानों की याद में तकनीकी विश्वविद्यालय में रक्तदान और निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और अन्य स्टाफ ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया और 120 से अधिक लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस मौके पर इकाई अध्यक्ष ठाकुर भवानी सिंह, इकाई सचिव आकांक्षा शर्मा, प्रदेश कार्यक्रम सदस्य नितिन पटियाल, जिला व्यावसायिक संयोजक कृष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सान्या कटोच का स्कूल पहुंचने पर किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी की प्लस टू की छात्रा सान्या कटोच ने जेईई मेन्स 2025 सेशन-1 में 97.45 पर्सेंटाइल हासिल करके अपने अभिभावकों, अध्यापकों व स्कूल का नाम रोशन किया। सान्या की इस उपलब्धि पर स्कूल में खुशी का महौल है। सान्या का स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत करते हुए बधाई दी तथा उसका मुंह मीठा करवा कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं । स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने सान्या कटोच को बधाई दी और बताया कि सान्या कटोच के 97.45 पर्सेंटाइल प्राप्त करना हमारे स्कूल के लिए गर्व की बात हैं और बताया कि यह परिणाम हमारे अध्यापकों की मेहनत का नतीजा है।

### बच्चों ने मौन रखकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी के बच्चों ने दो मिनट का मौन रखकर पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 जवानों को श्रद्धांजलि दी तथा उनकी वीरता को याद किया। कक्षा सातवीं की छात्रा सुहानी ने बताया कि किस प्रकार ये वीर सैनिक एक काफिले में जा रहे थे और घात लगाकर आतंकियों ने उनके काफिले पर हमला किया और भारत मां के 40 जवान शहीद हो गए। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच व अध्यापक वर्ग ने भी बच्चों को बताया कि 14 फरवरी, 2019 को पुलवामा में हुए आंतकी हमले को आज 6 साल हो गए, यह दिन हर भारतीय के दिल में शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है।

### उपलब्धियां हासिल करने वाली बेटियां की सम्मानित

**अनंत ज्ञान, रंगस।** बाल विकास परियोजना कार्यालय नादौन के रैल वृत के सौजन्य से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत पर्यवेक्षक अजय चौधरी, आंगनबाडी कार्यकर्ता रंजना देवी, पंचायत प्रधान करंडोला प्लासी जगदीप चंद, पंचायत उपप्रधान रतन चंद व लता देवी द्वारा बेटी आंशिका को सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि अंशिका ने मार्च 2024 में आयोजित धर्मशाला बोर्ड की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। उनके घर जा कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उनके नाम की नामपट्टिका को उनके घर के मुख्य द्वार पर स्थापित करवाया। जिससे गांव व इलाके की अन्य बेटियों को प्रोत्साहन मिल सके। इस अवसर पर बेटी के पिता संजीव कुमार व माता पार्वती देवी भी मौजूद थीं। वहीं रंगस वृत के तहत जोलसप्पड़ पंचायत की शिवानी को आर्मी में नर्सिंग लैफ्टिनेंट बनने पर उसके घर जा कर शिवानी के नाम की पट्टिका को उनके घर के मुख्य द्वारा पर स्थापित किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान मीना कुमारी के अलावा सुपरवाइजर अमन डोगरा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बंदना कुमारी व शिवानी के पिता विपन कुमार व माता भी मौजूद थीं।

### इंस्पेक्टर को प्रेजिडेंट पुलिस पदक से किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पीटीसी डरोह में विधि प्रशिक्षक के पद पर तैनात इंस्पेक्टर प्रवीण राणा को प्रेसिडेंट पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पदक राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने राज भवन में प्रदान किया। उन्हें यह पदक वर्ष 2016 में नगरोटा में हुए ब्लाइंड मर्डर केस के सुलझने के लिए दिया गया है। नगरोटा में 2016 में एक ब्लाइंड मर्डर केस हुआ था। जिसको उन्होंने 2019 में सुलझाया तथा आरोपियों को पकड़ा। उसे समय प्रवीण राणा स्टेट सीआईडी में बतौर सब इंस्पेक्टर तैनात थे। तब उन्होंने इस केस को सुलझा कर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया था। प्रवीण राणा को इससे पहले दो बार डीजीपी डिस्क अवार्ड ,एक बार लाइफ सेविंग पदक, एक बार यूएन पुलिस मेडल तथा गॉडफ्रे फिलिप्स बहादुरी पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। वर्तमान में प्रवीण राणा पीटीसी डरोह में बतौर इंस्पेक्टर इंस्पेक्टर तैनात हैं। उन्हें यह पुरस्कार वर्ष 2022 के लिए उनकी सेवाओं हेतु दिया गया है।

### भुक्कड़ में लोगों को बताई बैंक की योजनाएं

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा भरेड़ी के सौजन्य एकदिवसीय डिजिटल वित्तीय सहायता शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भुक्कड़ में किया। शिविर की अध्यक्षा भरेड़ी बैंक के प्रबंधक राजेंद्र चंदेल ने की। इस शिविर में बैंक प्रबंधक ने लोगों को बैंक की विभिन्न योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी गई।

# दियोटसिद्ध मंदिर में श्रद्धालुओं को बेहतर आतिथ्य सेवाएं देने के निर्देश

## जिलाधीश ने की बाबा बालक नाथ मंदिर चैत्र मास मेलों की तैयारियों की समीक्षा

**एसके ठाकुर, बड़सर**

उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में इस वर्ष 14 मार्च से 13 अप्रैल तक आयोजित किए जाने वाले चैत्र मास मेलों की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिलाधीश एवं बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास के आयुक्त अमरजीत सिंह ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों और मंदिर न्यास के अधिकारियों के साथ बैठक कर मेलों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मंदिर परिसर और इसके आसपास के पूरे क्षेत्र के लिए एक दीर्घकालीन मास्टर प्लान होना चाहिए और सभी कार्य उसी प्लान के अनुसार होने चाहिएं।

जहां-तहां निर्माण कार्यों के बजाए मास्टर प्लान को विशेषज्ञ वास्तुविदों की मदद से चरणबद्ध ढंग से क्रियान्वित किया जाना चाहिए। उन्होंने मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को पूरे आतिथ्य सेवाएं देने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्हें किसी प्रकार की सुविधाओं में कमी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए मंदिर अधिकारी, सभी संबंधित विभाग और स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। जिलाधीश ने मंदिर परिसर में प्राथमिकता के आधार पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मेलों के सुचारु आयोजन के लिए एसडीएम बड़सर को मेला अधिकारी, एसडीपीओ बड़सर को मेला पुलिस अधिकारी और बीएमओ को मेला चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया जा रहा है।



14 मार्च से 13 अप्रैल तक आयोजित किए जाएंगे चैत्र मास के मेले।

### मंदिर के लंगर में पूरियां बनाने के निर्देश

बैठक के दौरान लंगर में श्रद्धालुओं को परोसे जाने वाले प्रसाद को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान लंगर में श्रद्धालुओं को सब्जी के साथ पूरी बनाने के भी निर्देश दिए ताकि जो श्रद्धालु चावल न खाते हों, उन्हें पूरी उपलब्ध करवाई जाए।

मेलों के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। इस दौरान पूरे क्षेत्र में यातायात एवं कानून व्यवस्था, पेयजल और बिजली की आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं, सफाई तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं सुचारु रहनी चाहिएं। इसके लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मचारी, होमगार्ड्स, चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी, सफाई कर्मचारी और अन्य कर्मचारी तैनात किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेले के दौरान मंदिर को 24 घंटे खुला रखा जाएगा।
मंदिर न्यास के अध्यक्ष एवं बड़सर के एसडीएम राजेंद्र गौतम और मंदिर अधिकारी संदीप शर्मा ने मेलों से संबंधित विभिन्न प्रबंधों की जानकारी दी। बैठक में आरटीओ अंकुश शर्मा, झंडूता की एसडीएम, सीएमओ डॉ. प्रवीण चौधरी, डीएसपी लालमन शर्मा, होमगार्ड के कमांडेंट विनय कुमार, जिला एवं उपमंडल स्तर के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### मंदिर परिसर स्टाफ को दी जाएगी ट्रेनिंग

जिलाधीश ने बताया कि मंदिर परिसर के स्टाफ को आतिथ्य सेवाओं से संबंधित ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि वे श्रद्धालुओं को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान कर सकें। जिलाधीश ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पूरे दियोटसिद्ध क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत करवाने, जल शक्ति विभाग को सभी फायर हाइड्रेंटों को हर समय चालू हालत में रखने तथा अग्निशमन विभाग द्वारा चिह्नित नए स्थानों पर भी हाइड्रेंट बनाने के निर्देश दिए। सड़कों के किनारे लगने वाली अस्थायी दुकानों में भी सफाई, अग्निशमन और अन्य सभी आवश्यक प्रबंधों का विशेष ध्यान रखें। पार्किंग व्यवस्था, बस एवं टैक्सी सुविधा, लंगर व्यवस्था और अन्य प्रबंधों को लेकर भी बैठक में व्यापक चर्चा की गई।

# सम्मान पर बोले पुलिस अधीक्षक भगत सिंह पुलिस की बेहतरी और जनहित के लिए कार्य



पुलिस अधीक्षक आईपीएस भगत सिंह को राज्यपाल ने राष्ट्रपति पदक से किया सम्मानित।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजभवन शिमला में हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक आईपीएस भगत सिंह ठाकुर को राष्ट्रपति पदक प्राप्त हुआ। यह वर्ष 2021 में सराहनीय सेवाओं के लिए भारत सरकार ने प्रदान किया था। शुक्रवार को शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बेहतर सेवाएं देने के लिए सम्मानित किया।

बतौर बाक्सिंग के खिलाड़ी रहते उन्हें चार बार पुरस्कृत भी किया गया। बतातें चलें कि आईपीएस भगत सिंह ने खेल कोटे में बतौर पुलिस इंस्पैक्टर वर्ष 1994 में अपनी सेवाऐं देना शुरू किया। इसके बाद वे वर्ष 2000 में बतौर एचपीस प्रमोट होकर डीएसपी बने। इस दौरान उन्हें वर्ष 1997 में परशुराम अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। भगत सिंह अपने सेवाकाल के दौरान वर्ष 2015 में बतौर पुलिस अधीक्षक प्रमोट हुए और उन्हें वर्ष 2021 में आईपीएस से नवाजा गया। उन्होंने पुलिस विभाग में पुलिस वेलफेयर के लिए अलग सुविधाएं देने को लेकर भी पुरस्कृत किया गया।

उन्होंने पुलिस में सीएसडी कैंटीन, बैंक के साथ पुलिस के लिए जीवन बीमा करवाने का एमओयू साईन करवाया, जो पहले 60 लाख था, अब उसे एक करोड़ तक बढ़ाया गया है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में लॉ एंड आर्डर के लिए भी उन्हें पुरस्कृत किया जा चुका है। पुलिस अधिक्षक भगत सिंह ने बताया कि उन्होंने हमेशा अपने काम पर ही फोकस किया है। उन्हें जहां भी भेजा, वहां उन्होंने पुलिस की बेहतरी एवं जनहित के लिए उचित कार्य किया है।

## नेताओं के रिश्तेदारों को दी नौकरी : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल सरकार पर नौकरी घोटाले के गंभीर आरोप लगे हैं। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सरकार पर युवाओं के साथ छल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रतिभाशाली और मेहनती युवा दिन-रात परीक्षा की तैयारी करते रहे, लेकिन विधानसभा सचिवालय में हुई भर्तियों में केवल नेताओं के करीबी लोगों को बैकडोर एंट्री दे दी गई। उन्होंने कहा कि नेताओं के रिश्तेदारों को नौकरी पर रखा गया है, जबकि बेरोजगारों को निराशा हाथ लगी है।

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि प्रदेश के 68 विधानसभा क्षेत्रों में से सिर्फ तीन विधानसभा क्षेत्रों के लोगों को ही सरकारी नौकरियों में एडजस्ट किया गया, जो कि सरकार पर प्रश्नचिन्ह पैदा करता है।

## खुले में शौच जाने पर नगर परिषद नादौन ने काटे चालान

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नगर परिषद क्षेत्र में खुले में शौच जाने वालों के खिलाफ नगर परिषद ने शिकंजा करते हुए शुक्रवार को करीब आधा दर्जन प्रवासियों के चालान काटे हैं। नगर परिषद को मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए नगर परिषद अध्यक्ष शम्मी सोनी ने इस संदर्भ में संबधित कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं।

इसके चलते परिषद के सेनेटरी सुपरवाइजर अक्षित सोनी के नेतृत्व में संबधित कर्मचारियो ने कुछ प्रवासी लोगों को खुले में शौच जाने पर पकड़ा, जिससे अन्य प्रवासियों में अफरा-तफरी मच गई। नगर परिषद ने पकड़े गए लोगों के चालान काटकर 500-500 रुपए जुर्माना वसूला है तथा हिदायत दी है कि वे जहां किराए पर रह रहे हैं, उन्हें शौचालय की व्यवस्था करने के लिए कहीं अन्यथा उनके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

इस संदर्भ में नगर परिषद नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने कहा कि कुछ लोग खुले में शौच करते पकड़े गए हैं। उनके चालान काटे गए हैं। उन्होंने बताया कि संबधित कर्मचारियों को नगर परिषद क्षेत्र में गंदगी फैलाने वालों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## स्कूल बसों, परमिट के बगैर चल रही बसों व अन्य पर आरटीओ की कार्रवाई

# 30 से ज्यादा काटे चालान, 2 लाख तक जुर्माना

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले के बिझड़ी इलाके में स्कूल बसों, रूट बस, टिप्पर, बाइक, टैक्सी बाइक, रूट परमिट के बगैर चल रहीं बसों के बड़े स्तर पर शुक्रवार को चालान किए गए। इसे तकरीबन 2 लाख के जुर्माने के रूप में वसूली भी की गई। हमीरपुर के आरटीओ अंकुश शर्मा की अगुवाई में यह कार्रवाई हुई।

यह चालान भोटा और दियोटसिद्ध मार्ग पर किए गए। स्कूल बसों के भी इसमें कई चालान शामिल हैं। कई चौपाहिया वाहनों की बॉडी में अल्टरेशन की गई थी, उनके भी चालान काटे गए। कंडक्टर लाइसेंस के बगैर भी कई रूटों पर बसें चल रही थीं, उनमें भी जब कंडक्टर लाइसेंस नहीं दिखा पाए तो उनके भी चालान किए गए। तकरीबन आधा दर्जन उन बसों के भी चालान किए गए जो रूट परमिट नहीं दिखा पाईं। कई बसें बगैर टाइम टेबल के ही रूट पर चलती हुई पाई गईं, उनके भी अच्छे खासे चालान काटे हैं।



आरटीओ अंकुश शर्मा और उनकी टीम गारली चौक पर चालान काटते हुए।

गारली चौक पर काफी देर तक यह चालान काटे और इसमें कई टिप्पर भी शिकंजे में आए, जिन पर लाइसेंस नहीं थे। कइयों की नंबर प्लेटस नहीं थीं। आरटीओ अंकुश शर्मा का कहना था कि कई छोटे वाहनों की अल्टरेशन की गई थी। नियमों के तहत वैसा हो नहीं सकता था। उनकी बॉडी को बढ़ाया गया था, इसलिए उनके भी चालान हुए हैं। कई स्कूल बसों के कंडक्टर लाइसेंस नहीं दिखा पाए। बगैर रूट परमिट के जो बसें चल रही थीं, उनके भी चालान काटे गए हैं। कुल मिलाकर 30 चालान हुए हैं, जिनमें करीब दो लाख रुपए जुर्माने के रूप में वसूली की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## होली तक सुजानपुर का होगा कायाकल्प विधायक कै. रणजीत ने की रूपरेखा तैयार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले से पहले सुजानपुर का कायाकल्प किया जाएगा। सुजानपुर की सुंदरता को बरकरार रखने के लिए होली मेला से पहले यह सारे कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों को अंतिम रूप पहनने के लिए सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने सुजानपुर प्रशासन के साथ एक बैठक की। इसमें इन कार्यों को अमलीजामा पहनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए।

कैप्टन रणजीत सिंह ने बैठक में कहा कि सुजानपुर एक पौराणिक तथा ऐतिहासिक शहर है। सुजानपुर शहर को महाराजा संसार चंद ने बसाया था। सुजानपुर शहर की इसी धरोहर को बचाए रखने के लिए कार्य किया जाएगा तथा सुंदरता को भी बरकरार रखा जाएगा। विधायक ने बैठक में कहा कि चौहान के किनारे लगाई गई रेलिंग में सुंदर पेंटिंग लगाई जाएगी। शहर से बाहर आने वाले लोगों को इसके ऐतिहासिक धरोहर के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुजानपुर के पुराने टियालों का जीर्णोद्वार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुजानपुर में पार्किंग की समस्या गंभीर है। बाहर से आने वाले लोगों को अपनी गाड़ियां खड़ी करने में परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने चार स्थानों पर पार्किंग सुविधा बनाए जाने के निर्देश दिए, जिसका कार्य भी अब शुरू हो गया है। इसके अलावा भी उन्हें और भी कई महत्वपूर्ण जरूरी आदेश दिए।

इस अवसर पर एसडीम सुजानपुर डॉक्टर रोहित शर्मा, बीडीओ किशोरी लाल,ईओ अजमेर सिंह, नायब तहसीलदार कमल, विभिन्न विभागों के अधिकारी सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा मौजूद रहे।

# करोड़ों रुपए के एनएच-03 प्रोजेक्ट में बन रहे हल्की टीन के रेन शेड

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

विकास के साथ कई दुश्वारियां झेल रहे हजारों लोगों के लिए बन रहा एनएच 03 कब खुशियां लेकर आएगा, यह एक बड़ा सवाल बना हुआ। शुरू से ही सर्वे, अलाइनमेंट, निर्माण, कटिंग और गुणवत्ता को लेकर विवादों में घिरा हमीरपुर से मंडी बन रहा एनएच-03 के निर्माण में अब टीन के बन रहे रेन शैड सवालों के घेरे में आ गए हैं।

**गुणवत्ता और मजबूती को लेकर फिर उठे सवाल**

लोगों का मानना है कि इन नए बन रहे रेन शेल्टर की न तो मजबूती है और न ही क्वालिटी। हल्की टीन से बने ये शेड नुमा रेन शेल्टर किसी बड़ी धांधली की तरफ इशारा कर रहे है। लोगों का यह भी मानना है कि इससे बेहतर रेन शेल्टर तो पंचायतों द्वारा विभिन्न लिंक सड़कों पर बनाए गए हैं।



करोड़ों रुपए के इस एनएच प्रोजेक्ट पर हल्की टीन के रेन शेल्टर नए विवादों को जन्म दे रहे हैं।

आपको बता दें कि हमीरपुर से लेकर अवाहदेवी, सरकाघाट, धर्मपुर, कोटली होते हुए मंडी की दूरी वर्तमान में 124 किलोमीटर है, जो घटकर 109 किलोमीटर रह जाएगी।

इतना ही नहीं रोड कंप्लीट होने पर हमीरपुर से मंडी वाया सरकाघाट, धर्मपुर मंडी का सफर दो घंटे कम समय में पूरा होगा। हमीरपुर से मंडी तक कुल 40 बस स्टॉप और वर्षाशालिकाओं का निर्माण होना है। 109 किलोमीटर लंबे बन रहे एनएच-तीन के लिए हमीरपुर और मंडी जिला के 93 गांवों की 155.2223 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की गई है। इसमें करीब 59 हेक्टेयर फोरेस्ट लैंड और 50 हेक्टेयर सरकारी भूमि है, जबकि 44 हेक्टेयर जमीन का मुआवजा भू-मालिकों को दिया गया है।

इसमें सुजानपुर, बमसन, भोरंज, सरकाघाट, धर्मपुर, कोटली और मंडी सात तहसीलें शामिल हैं। वहीं, निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर श्री कांत ने कहा कि डीपीआर में जैसा बताया गया है , निर्माण कार्य उसी तरह हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

## पोस्टर मेकिंग में नेहा प्रथम

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** राजकीय महाविद्यालय बड़सर में रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी एड्स और नशा सेवन पर भाषण, पोस्टर मेकिंग और रील मेकिंग पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य राकेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में अतिशा ने प्रथम स्थान, पोस्टर मेकिंग में नेहा ने प्रथम, रील मेकिंग में दीया शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अंत में रैली का भी आयोजन किया। इस रैली में 70 से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ मनोज डोगरा, डॉ ज्योत्सना, डॉ अनिल कुमार, प्रो. मनोज शर्मा, प्रो. मस्तराम, प्रो. मनदीप शर्मी तथा प्रो. अंजना मौजूद रहे। अंत में रेड रिबन क्लब के संयोजक प्रो. अजय कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सबका धन्यवाद किया।

## एबीवीपी सुजानपुर कॉलेज इकाई ने की 24 घंटे की सांकेतिक भूख-हड़ताल

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा हिमाचल प्रदेश के शिक्षण संस्थानों के अंदर प्रदेश की वर्तमान शिक्षा विरोधी एवं बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस सरकार के खिलाफ एबीवीपी सुजानपुर महाविद्यालय इकाई ने 24 घंटे की सांकेतिक भूख-हड़ताल की। यह भूख-हड़ताल 13 फरवरी 12 बजे से शुरू हुई जो कि 14 फरवरी 12 बजे तक चली।

अभाविप सुजानपुर इकाई के अध्यक्ष आदित्य चंदेल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के शैक्षणिक परिदृश्य और प्रदेश के वर्तमान परिदृश्य की बात करें तो आज खस्ताहाल पूरे प्रदेश के कांग्रेस की सरकार ने बना रखे हैं। उन्होंने कहा प्रदेश के विभिन्न मुद्दों को लेकर राज्य भर में धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदेश विश्वविद्यालय में अभी तक स्थायी कुलपति की नियुक्ति प्रदेश सरकार नहीं करवा पा रही है, परीक्षा परिणाम में अनेक अनियमितताएं निरंतर सामने आ रही हैं। प्रदेश के अंदर छात्र संघ चुनाव काफी लंबे समय से बंद है, जिस ओर भी कोई ध्यान सरकार का नहीं है। प्रदेश के अंदर आज भी ऐसे शिक्षण संस्थान हैं, जो आज भी मूलभूत सुविधाओं ओर अपने भवन निर्माण के लिए जूझ रहे हैं।

टूरिज्म विलेज के नाम पर वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा कृषि विश्वविद्यालय की 112 हेक्टेयर भूमि को हड़पने का प्रयास किया जा रहा था जो बिलकुल भी छात्रों के हित में नहीं है। वर्तमान सरकार निरंतर छात्र विरोधी निर्णय लेने से बाज नहीं आ रही है। आदित्य ने यह भी कहा कि खनन माफिया, नशा माफिया और गुंडा गर्दी को संरक्षण प्रदेश की सरकार दे रही है। वित्तीय संकट जो पूरे प्रदेश में मंडरा रहा है, उसके साथ-साथ इस प्रदेश सरकार द्वारा जो निर्णय शिक्षा हित में किए जा रहे हैं, वह धरातल पर छात्रों के हितों को पूर्ण नहीं कर पा रहे हैं। इन सभी मुद्दों को लेकर विद्यार्थी परिषद ने 24 घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल पूर्ण की है।

**जानकारी** प्रेस रूम का जीर्णोद्धार व खेलकूद सुविधाएं जुटाई गईं : विक्रम ढटवालिया

# प्रेस क्लब हमीरपुर का 10 मार्च को होगा चुनाव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रेस रूम के जीर्णोद्धार पर पांच लाख रुपए से अधिक की राशि खर्च की गई, जबकि कार्यकाल के दौरान खेलकूद व फर्नीचर सहित अन्य सुविधाएं भी जुटाई गईं। यह बात प्रेस क्लब हमीरपुर के अध्यक्ष विक्रम ढटवालिया ने शुक्रवार को प्रेस रूम में आयोजित प्रेस क्लब हमीरपुर की वार्षिक आम बैठक में कही। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि उपरोक्त कार्यों के अलावा प्रेस क्लब का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिला, जिन्होंने प्रेस क्लब हमीरपुर के भवन के लिए भूमि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि उपायुक्त अमरजीत सिंह ने भी भूमि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है। प्रेस क्लब की समानांतर बॉडी पर अध्यक्ष ने कहा कि कोई समानांतर बॉडी हमीरपुर में नहीं है और यदि है भी तो वह किसी भी नजरिए से वैध ही नहीं हो सकती। महासचिव वासुदेव नंदन ने क्लब के अन्य निर्णयों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि क्लब के सदस्यों ने 10 मार्च को क्लब के अगले चुनाव करवाने का निर्णय लिया तथा घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब के गैर सदस्यों द्वारा सदस्यता अभियान चलाने के गंभीर मुद्दे पर भी चर्चा की गई।



प्रेस क्लब हमीरपुर की वार्षिक आम बैठक में मौजूद गणमान्य।

सदस्यता नवीनीकरण तथा नए सदस्यों को शामिल करने का कार्य एक मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा, जबकि सदस्यता फार्मों की जांच पांच मार्च तक पूरी कर ली जाएगी। यह भी निर्णय लिया गया कि यदि उन्होंने पत्रकारों को गुमराह करना तथा प्रेस क्लब हमीरपुर के नाम पर धन एकत्र करना बंद नहीं किया तो उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई जाएगी। उपस्थित सभी सदस्यों को प्रेस क्लब हमीरपुर के सदस्यता फार्म भी प्रदान किए गए हैं, जिन्हें एक मार्च तक समिति के पास जमा करवाना होगा।

उन्होंने कहा कि अशोक कटोच, अनिल कुमार, वासुदेव नंदन तथा राजकुमार सूद सहित सदस्यों की एक सदस्यता समिति का भी गठन किया गया। बैठक में प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कंवर, विजय शामा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणवीर ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष व पूर्व महासचिव सुरेंद्र कटोच, वरिष्ठ पत्रकारों में कपिल बस्सी, रजनीश शर्मा, अश्वनी वालिया, रविंद्र ठाकुर, नवनीत बत्ता, रविंद्र कुमार, राजकुमार सूद, सुनील कुमार, शिल्पा शर्मा, नीलम राय, नीलम कुमारी, विजय कुमार, अनिल कुमार, महेंद्र कुमार, महेंद्र सिंह, राज कुमार सूद व कमल किशन सहित कई अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# घर-घर सर्वे के लिए जिले में 1880 गणना ब्लॉक चिन्हित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

इस वर्ष करवाई जाने वाली आठवीं आर्थिक गणना के लिए हमीरपुर जिले में भी आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। शुक्रवार को एडीएम राहुल चौहान ने आर्थिक गणना से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करके इसकी तैयारियों के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आठवीं आर्थिक गणना का क्षेत्रीय कार्य अप्रैल से शुरू किया जाएगा।

इस आर्थिक गणना में सभी प्रकार के गैर कृषि उद्यम (मौसमी व बारहमासी) जो किसी भी प्रकार का उत्पादन करते हैं या सेवाएं प्रदान करते हैं, की गणना की जाएगी। कृषि क्षेत्र फसल उत्पादन एवं पौधरोपण को इस गणना से बाहर रखा गया है। राहुल चौहान ने बताया कि आर्थिक गणना के लिए आंगनबाड़ी और आशा वर्कर्स की सेवाएं लेने का प्रस्ताव है, जिसकी रूपरेखा शीघ्र ही तय कर दी जाएगी। यह सर्वेक्षण स्मार्ट फोन या टेबलेट द्वारा घर-घर जा कर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हमीरपुर जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लगभग 1880 गणना ब्लॉक बनाए जाएंगे। एक प्रगणक को कम से कम 3 गणना ब्लॉक दिए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्र में प्रगणक को 4000 रुपए प्रति गणना ब्लॉक और शहरी क्षेत्र में 5000 रुपऐ प्रति गणना ब्लॉक के अनुसार मानदेय दिया जाएगा। प्रति गणना ब्लॉक पर 500 रुपऐ फोन भत्ता भी मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्र में 150-180 परिवारों का एक गणना ब्लॉक और शहरी क्षेत्र में 120-150 परिवारों का एक गणना ब्लॉक बनाया जाएगा। एडीएम ने बताया कि पटवारियों, पंचायत सचिवों और सहायकों को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी जाएगी।

**नाम परिवर्तन**

**मैं प्रमिला देवी** पत्नी Army No.2645049 Ex GDR. स्वर्गीय संतराम गांव धार डाकघर पटनौण जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश घोषणा करती हूं कि मेरा नाम व जन्मतिथि गलती से आर्मी रिकॉर्ड में Primbla Devi व आयु 10.01.1947 दर्ज है। सही नाम Parmila Devi व आयु 01.01.1949. है। सभी संबंधित नोट करें।

# खनन माफिया के हौसले बुलंद, शिकंजा कसे सरकार

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

प्रदेश में खनन माफिया के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे अब निजी भूमि के साथ-साथ सरकारी जमीन से भी अवैध खनन करने में दिन-रात जुटे हैं।

खनन माफिया बेखौफ होकर प्रदेश में धरती मां का सीना छलनी कर रहे हैं। अगर प्रशासन इनके खिलाफ कोई कार्रवाई करता है तो वह प्रशासनिक अधिकारियों के ऊपर जानलेवा हमला करने से भी गुरेज नहीं करते हैं। हाल ही में मंडी जिले के बिंद्रवण में खनन माफिया पर कार्रवाई करने गए एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर पर जानलेवा हमला कर दिया गया। एसडीएम जब ब्यास नदी के पास हो रहे अवैध खनन पर कार्रवाई करने पहुंचे तब खनन माफिया ने उन पर हमला बोल दिया। इस हमले में एसडीएम बुरी तरह से घायल हो गए और उनका एक दांत भी टूट गया।




**निजी के साथ सरकारी जमीन का सीना अवैध खनन से किया जा रहा छलनी**

यह ताजातरीन मामला इस बात की गवाही दे रहा है कि प्रदेश में खनन माफिया बेलगाम हो चुका है। उस पर शिकंजा कसना बेहद जरूरी हो गया है। खन माफिया बेहिचक हैं और प्रशासन, सरकार सब इनकी दहशत के सामने बेबस नजर आ रहे हैं।

यह कोई अकेला मामला नहीं है, बल्कि इससे पहले बीबीएन यानी बद्दी-बरोटीवाला और नालागढ़ में तैनात आईपीएस अधिकारी एसपी इल्मा अफरोज का मामला भी काफी सुर्खियों में रहा था। उन्होंने भी जब अवैध खनन करने वाले ट्रकों के चालान काटे, तो उन्हें जबरदस्ती लंबी छुट्टी पर भेज दिया गया। इन घटनाक्रमों से यह सवाल उठता है कि आखिर प्रशासन और सरकार खनन माफियाओं के सामने नतमस्तक क्यों हो गए हैं?

इन घटनाओं से यह साफ हो जाता है कि खनन माफिया अब शासन और प्रशासन दोनों के लिए सिरदर्द बन गए हैं। अगर सरकार और प्रशासन ने अब भी कड़ी कार्रवाई नहीं की, तो हिमाचल के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन और बढ़ सकता है और यह प्रदेश की सुरक्षा के लिए खतरे की घंटी बन सकता है। खनन माफियाओं के खिलाफ सरकार को कठोर कदम उठाने की जरूरत है, नहीं तो प्रदेश की स्थिति और खराब हो सकती है।

**आप इस स्टोरी को हमारे फेसबुक पेज और यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। देखने के लिए अनंत ज्ञान के पेज और चैनल को सब्सक्राइब करें।**

## सरकार अवैध खनन पर अंकुश लगाने में विफल : बिंदल

भाजपा ने इस घटना के बाद हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर हमला किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि यह बेहद चौंकाने वाला और दुर्भाग्यपूर्ण मामला है कि मंडी के एसडीएम पर अवैध खनन की गतिविधियों की जांच करते समय खनन माफिया के गुंडों ने हमला किया। बिंदल ने इसे कांग्रेस सरकार की गैर-गंभीरता का परिणाम बताया और कहा कि यह घटना अवैध खनन पर अंकुश लगाने में कांग्रेस सरकार की विफलता को दर्शाती है।



उन्होंने राज्य के विभिन्न स्थानों जैसे बद्दी बरोटीवाला, ऊना, मंडी और कांगड़ा का नाम लिया, जहां अवैध खनन बड़े पैमाने पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन की दृष्टि से ये इलाके बेहद संवेदनशील हैं इसलिए इन इलाकों में सरकार को विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### चार किलो चरस समेत व्यक्ति दबोचा

**अनंत ज्ञान-चौपाल।** नेरवा पुलिस की एसआईयू टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को चरस की खेप के साथ हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार हेड कांस्टेबल पुनीत के नेतृत्व में स्पेशल सेल की टीम चौपाल के सरैन में गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस टीम को एक सूचना मिली कि एक व्यक्ति झोकड़ के समीप चरस लेकर आ रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर व्यक्ति को चरस समेत गिरफ्तार कर लिया।

### किशन कपूर के निधन पर अनुराग ठाकुर ने परिवार के साथ व्यक्त की संवेदनाएं



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** दिवंगत भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री, सांसद किशन कपूर के परिवार के साथ संवेदनाएं व्यक्त की। सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि पार्टी के प्रति किशन कपूर के योगदान को तथा सत्ता में रहते हुए जनता के लिए किए कार्यों को कभी बुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि पार्टी में उनकी कमी हमेशा बनी रहेगी।

### बेरल में पाइप लाइन का कार्य कर रही कंपनी की पाइपें चोरी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** थाना बागा में एक चोरी का मामला दर्ज किया गया है। लहोटी बिल्डकॉन लिमिटेड कंपनी के साइट इंजीनियर विक्रांत सिंह की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार कंपनी का पाइप लाइन का कार्य बेरल गांव में चल रहा है, जो आईपीएच विभाग दाड़लाघाट के अंतर्गत आता है। पाइपों का स्टोर गांव सिंहारली में आईपीएच पंप हाउस के पास है, जिसकी रखवाली के लिए संदीप कुमार को चौकीदार के रूप में नियुक्त किया गया था। शिकायत के अनुसार 9 फरवरी को संदीप कुमार ने विक्रांत को फोन करके बताया कि जब वह अपने स्टोर पर पहुंचा, तो उसने पाया कि 4 पाइपें 65 एमएम लंबाई 6 मीटर गायब थीं। संदीप ने अपने वर्करों से भी पूछताछ की, लेकिन सभी ने पाइपों को ले जाने से इनकार किया। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने बताया कि इस मामले में आगे की जांच की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### मोदी सरकार का बजट हिमाचल के विकास को देगा नई गति : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट देश के संपूर्ण विकास का बजट है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस बजट में किसान, बागवान, गरीब, युवा और महिलाएं सभी को लाभ मिलेगा, वहीं आधारभूत ढांचे के विकास को भी बड़ी प्राथमिकता दी गई है। डॉ. बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के दृष्टिकोण से यह बजट अत्याधुनिक और शानदार है। केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश में फोरलेन हाईवे, सुरंगों, ओवरब्रिज और रेलवे विस्तार जैसे बुनियादी ढांचा विकास कार्यों के लिए अभूतपूर्व राशि स्वीकृत की गई है। रेलवे विस्तार के लिए 2716 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो 2024-25 के 2698 करोड़ रुपए से अधिक है। बिलासपुर तक रेललाइन मार्च 2027 तक चालू करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे प्रदेश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। जल जीवन मिशन को 2028 तक बढ़ा दिया गया है, जिससे हिमाचल में पेयजल सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना, निशुल्क अन्न योजना और आयुष्मान भारत योजना का सबसे अधिक लाभ हिमाचल प्रदेश को मिलेगा। हिमाचल प्रदेश एक कर्मचारी बहुल राज्य है, जहां लगभग 3 लाख सरकारी कर्मचारी और एक लाख सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी हैं। मोदी सरकार के इस बजट में इनकम टैक्स में बड़ी राहत दी गई है।

# राष्ट्रपति पदक से 76 विजेताओं को किया सम्मानित

## जवानों की कर्तव्यनिष्ठा, साहस और सेवा-भावना को समर्पित हैं ये पुरस्कार : राज्यपाल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल ने आज यहां राजभवन में 'अलंकरण समारोह' में विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा के लिए पुलिस, गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा तथा जीवन रक्षा पदक से 76 विजेताओं को अलंकृत किया है।

पुरस्कार पाने वालों में कमांडेंट जनरल होम गार्ड और सिविल डिफेंस श्रीमती सतवंत अटवाल त्रिवेदी को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक तथा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर अतिरिक्त निदेशक सीबीआई नई दिल्ली में एन वेणुगोपाल को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक, भी शामिल हैं। वर्ष 2020 के बाद पांच साल बाद यह अलंकरण समारोह आयोजित किया जा रहा है।



इस अवसर पर, राज्यपाल ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी कर्तव्यनिष्ठा, साहस और सेवा-भावना को दिया गया है, जिससे उन्होने समाज की रक्षा की है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि इनमें से कई सम्मान पाने वालों ने नशे के खिलाफ मजबूती से काम किया है। उन्होंने कहा कि उनका यह सहयोग इस बुराई को खत्म करने में अन्यों में भी जोश भरेगा।

उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में पुलिस और गृह रक्षा बलों की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद आप जिस प्रकार कानून-व्यवस्था बनाए रखते हैं, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन, आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम, यातायात नियंत्रण और समाज में शांति बनाए रखने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

उन्होने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट पुलिसिंग, डिजिटल निगरानी, आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण और आधुनिक सुरक्षा उपकरणों की आपूर्ति जैसे कदमों से पुलिस और गृह रक्षा सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है। इसके अलावा, आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि किसी भी संकट की घड़ी में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इस अवसर पर पदमश्री विद्यानंद सरैक तथा नेक राम भी उपस्थित थे।

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री श्री अनिरूद्ध सिंह, नगर निगम के महापौर श्री सुरेन्द्र चौहान, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार श्री सुनील षर्मा, मुख्य सचिव श्री प्रबोध सक्सेना, अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह श्री ओंकार शर्मा, पुलिस महानिदेशक श्री अतुल वर्मा, सचिव श्री चन्द्र प्रकाश वर्मा, पुलिस, गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा तथा जीवन रक्षा विभाग के उच्च अधिकारीगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## सरकारी अस्पतालों की पुरानी मशीनें बदलने से लोगों को मिलेगा बेहतर इलाज

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश सरकार राज्य के सरकारी अस्पतालों में लगी 30-40 वर्ष पुरानी मशीनें बदलने वाली हैं, जिसके लिए राज्य सरकार ने लगभग 1800 करोड़ रुपए का प्रावधान कर दिया है। इलाज में देरी होने से मरीज की बीमारी बढ़ती है और इलाज पर खर्च भी बढ़ता है। सही समय पर बीमारी की पहचान न होने से मरीज का बीमारी पर खर्च 30-50 प्रतिशत बढ़ जाता है। ऐसे में पुरानी मशीनों के कारण मरीजों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इन्हें बदलने के निर्देश दिए हैं, क्योंकि पूर्व की सरकारों ने पुरानी मशीनरी को बदलने के लिए कोई प्रयास नहीं किया।

**नई मशीनों की खरीद पर 1800 करोड़ खर्च करने जा रही प्रदेश सरकार**

मुख्यमंत्री के निर्देशों पर अमल करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर दी है। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को कायाकल्प करने के लिए चार बिंदुओं पर काम किया जाएगा। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में रोबोटिक सर्जरी शुरू करने के साथ-साथ रेडियोलॉजी और लैब के लिए स्टेट ऑफ द आर्ट उपकरण खरीदे जाएंगे। सभी मेडिकल कॉलेजों में थ्री-टेस्ला मशीनें, 256 स्लाइस वाली हाई-एंड सीटी स्कैन मशीनें, पैट स्कैन मशीनें के साथ-साथ सभी आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे।

राज्य सरकार हमीरपुर में 150 बैड का कैंसर केयर सेंटर स्थापित करने जा रही है, जिसमें रेडियेशन थेरेपी के साथ-साथ न्यूक्लियर दवाएं जैसी आधुनिक सुविधाएं कैंसर के मरीजों को उपलब्ध होंगी।

## बौद्ध बने आदि महोत्सव के नेशनल को-ऑर्डिनेटर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा अनुसूचित जनजाति के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष और हिमाचल के शीर्ष भाजपा नेता युवराज बौद्ध को केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम में 16 से 24 फरवरी तक आयोजित किए जा रहे आदि महोत्सव का नेशनल को-ऑर्डिनेटर तैनात किया है। इस आदि महोत्सव का उद्घाटन राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाएगा। बौद्ध ने बताया की नौ दिन तक चलने वाले इस राष्ट्रीय आयोजन में देशभर के जनजातीय क्षेत्रों में पैदा होने वाले उत्पादों को बिक्री के लिए स्टॉल उपलब्ध करवाए जाएंगे और जनजातीय क्षेत्रों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## इंदु गोस्वामी से बोले केंद्रीय मंत्री-पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं ग्रीन क्रेडिट रूल्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्रीय पर्यावरण एवं वन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी को सदन में बताया कि केंद्र सरकार ने ग्रीन क्रेडिट अर्जित करने के लिए 12 अक्तूबर 2023 को ग्रीन क्रेडिट रूल 2023 अधिसूचित किए हैं, ताकि पर्यावरण पर सकारात्मक पहल को बढ़ावा दिया जा सकें।



उन्होंने बताया की इसके अधीन वन विभाग के नियंत्रण में बंजर जमीन पर स्वैच्छिक रूप से पौधरोपण करना और पर्यावरण संतुलन साधना है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने 22 फरवरी 2024 को पौधरोपण से ग्रीन क्रेडिट की गणना के लिए नोटिफिकेशन जारी की है। ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम के अंतर्गत पौधरोपण के तौर तरीकों की विस्तृत जानकारी को मंत्रालय ने फरवरी 2024 को अधिसूचित किया है। केंद्रीय श्रम औरोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने राज्य सभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को सदन में बताया कि असंगठित क्षेत्र के कामगारों को वृद्धावस्था पेंशन प्रदान करने के लिए फरवरी 2019 में प्रधान मंत्री श्रम योगी मान धन योजना लागू की गई है, जिसके अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के कामगारों को 60 वर्ष आयु के बाद न्यूनतम 3000 रुपए की पेंशन प्रदान की जाती है।

उन्होंने कहा कि इसके लिए 15000 रुपए आय से कम आमदनी बाले 18 से 40 आयु वर्ग के कामगारों को पंजकृत किया जाता है, जो कि किसी अन्य सरकारी योजना के अंतर्गत कवर नहीं होते हों। उन्होंने बताया की लाभार्थी की आयु के हिसाब से मासिक सहभागिता राशि 55 रुपए से 200 रुपए तक तय की जाती है तथा केंद्र सरकार समान राशि का योगदान प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि इसका पंजीकरण कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से किया जा सकता है, जिसके देश में चार लाख केंद्रों का नेटवर्क है।

## प्रदेश में ई-कचरा निपटान के नए नियम लागू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में बढ़ते ई-कचरे और इसके निपटान से जुड़ी समस्याओं से निजात पाने के लिए नये नियम को लागू किया गया है। सभी सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और आयोगों द्वारा उत्पन्न ई-कचरे का निपटान 'ई-कचरा (प्रबन्धन) नियम-2016' के नियम-9 के अनुसार किया जाएगा।



नए नियम के तहत ई-कचरे को केवल अधिकृत संग्रह केंद्रों, निर्माताओं के डीलरों, विघटनकर्ताओं, पुनर्चक्रणकर्ताओं या निर्माताओं द्वारा नामित टेक-बैक सेवा प्रदाताओं के माध्यम से अधिकृत विघटनकर्ताओं या पुनर्चक्रणकर्ताओं तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब केवल हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में पंजीकृत अधिकृत ई-कचरा संग्रह केंद्र, निर्माताओं के डीलर, विघटनकर्ता या पुनर्चक्रणकर्ता ई-कचरे की नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पात्र होंगे।

प्रवक्ता ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में ई-कचरा निपटान प्रथाएं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित 'ई-कचरा (प्रबन्धन) नियम-2016' के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप नहीं थी, जिस कारण प्रदेश में नए नियमों को लागू किया गया है। ई-कचरे में विषाक्त घटक होते हैं, जो उचित प्रबन्धन के अभाव में पर्यावरण और स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इन जोखिमों को कम करने के लिए ई-कचरे का निपटान जिम्मेदारी से करना तथा दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। विभाग ने लोगों से आग्रह किया गया है कि वे ई-कचरे को खुले स्थानों या सामान्य कचरे के साथ न फेंके।

## दिल्ली विजय के उपरांत हमीरपुर पहुंचे सांसद अनुराग का हुआ भव्य स्वागत

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का परचम लहराने के उपरांत शुक्रवार को अपने गृह जिला पहुंचे सांसद अनुराग ठाकुर का स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।



गौर हो कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में 27 वर्ष के उपरांत भाजपा ने विजय परचम लहराया है, जिसमें सांसद अनुराग की भी विशेष भूमिका बताई जा रही है। अनुराग ने जिस प्रकार लगातार केजरीवाल एवं आम आदमी पार्टी को अपने निशाने पर रखा था, उससे 'आप' को बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा है। ठाकुर ने परिधि गृह में पहुंचे ही पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का स्वागत करने हेतु धन्यवाद किया। इसके उपरांत अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे हुए लोगों से भी मुलाकात की। इस दौरान कुछ समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि कई समस्याओं को संबंधित विभागों को भी प्रेषित किया गया है। इस अवसर पर अनुराग ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की हैंडबॉल टीम ने उत्तराखंड में आयोजित 38वीं नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल प्राप्त करके हिमाचल का नाम रोशन किया है। मैं हिमाचल की बेटियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं और शुभकामनाएं देता हूं। मैंने अपने संसदीय क्षेत्र में खेल-खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए इंटीग्रेटेड एथलीट ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत की है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में हैंडबॉल क्षेत्र में अभी कई प्रकार की सुविधाएं चाहिएं। इंडोर स्टेडियम के बिना यह संभव नहीं है। हमारा प्रयास रहेगा कि उनके लिए इनडोर स्टेडियम तैयार किए जाएं, ताकि खेलों का जो वातावरण है वह कायम रह सके। इसे जिला बिलासपुर में विशेष रूप से घुमारवीं में इसे बनाया जाएगा।

# एम्स बिलासपुर में पहली बार फेफड़े के ट्यूमर की हुई सर्जरी

**शुभम राही, बिलासपुर**

**डॉ. चित्रेश शर्मा ने किया सफल ऑपरेशन**

हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। एम्स बिलासपुर में पहली बार वीडियो-असिस्टेड थोरैसिक सर्जरी (वीएटीएस) के माध्यम से फेफड़े के ट्यूमर की सफल सर्जरी की गई। यह ऑपरेशन प्रसिद्ध ऑंकोसर्जन डॉ. चित्रेश शर्मा द्वारा किया गया, जो न्यूनतम आक्रमक सर्जरी में माहिर हैं। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर है। वीएटीएस एक आधुनिक, न्यूनतम आक्रमक तकनीक है, जिसमें सर्जन छोटे चीरे के माध्यम से फेफड़ों से ट्यूमर निकालते हैं।



यह पारंपरिक ओपन सर्जरी की तुलना में कम दर्द, तेज रिकवरी और कम अस्पताल में समय बिताने का लाभ प्रदान करता है। सर्जरी के बाद, मरीज की स्थिति स्थिर है और उनकी रिकवरी अच्छी चल रही है। इस सफल ऑपरेशन को एम्स बिलासपुर और हिमाचल प्रदेश में चिकित्सा क्षेत्र के लिए एक नई शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। यह न केवल राज्य में चिकित्सा सुविधाओं की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाता है, बल्कि डॉ. शर्मा और उनकी टीम की विशेषज्ञता को भी उजागर करता है, जो जटिल सर्जिकल मामलों को सफलता से हल कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**कवायद** हिमाचल सरकार को भी आया पत्र, माप-तोल विभाग बना रहा प्लानिंग

# देश में अब सभी को अपनाना होगा भारतीय मानक समय

**शुभम राही, बिलासपुर**

भारत सरकार के अब जल्द ही देश में सभी को एक भारतीय मानक समय लागू करने जा रही है। एक देश एक कर व्यवस्था (जीएसटी) लागू करने और एक देश एक चुनाव के लिए कदम बढ़ाने के बाद अब सरकार जल्द ही एक देश एक समय को लागू करने जा रही है। समय के मानकीकरण के लिए सरकार ने सभी आधिकारिक और कमर्शियल प्लेटफार्मों पर भारतीय मानक समय (आईएसटी) के उपयोग को अनिवार्य करते हुए नियमों का यह मसौदा तैयार किया है।

इस कार्य को मुख्य रूप से करने के लिए माप तोल विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी जिम्मेदारी को लेकर हिमाचल सरकार को भी एक पत्र जारी किया गया है, जिसमें इस मामले को लेकर सुझाव मांगे गए हैं। जिसको लेकर कार्य किया जा रहा है।

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

खबर की पुष्टि प्रवीण सिउटा, सहायक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान बिलासपुर मंडल ने की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से यह आदेश जारी किए गए हैं। जिस पर कार्य किया जा रहा हैं। जानकारी के अनुसार यह प्रस्ताव दूरसंचार, बैंकिंग, रक्षा और 5जी तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों सहित महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अवसंरचना में सटीक समय-पालन सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत आया है।

उन्होंने बताया कि रणनीतिक और गैर-रणनीतिक क्षेत्रों के लिए नैनो सेकंड सटीकता के साथ सटीक समय जरूरी है। खगोल विज्ञान, नेविगेशन और वैज्ञानिक अनुसंधान जैसे विशेष क्षेत्रों के लिए अपवादों की अनुमति दी जाएगी, जिसके लिए पहले सरकारी मंजूरी लेनी होगी। उपभोक्ता मामलों का विभाग राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ मिलकर एक मजबूत समय निर्माण और प्रसार तंत्र विकसित कर रहा है। विभागीय जानकारी के अनुसार द लीगल मेट्रोलाजी (भारतीय मानक समय) नियम, 2024 का उद्देश्य समय-निर्धारण प्रथाओं को मानकीकृत करने के लिए कानूनी ढांचा तैयार करना है। इसमें कानूनी प्रशासनिक, कमर्शियल और आधिकारिक दस्तावेज के लिए आइएसटी की एकमात्र समय संदर्भ के रूप में अनिवार्य किया गया है। समय के संदर्भ के लिए केवल आइएसटी का ही उपयोग होगा।




> **केंद्र** सरकार की ओर से एक भारतीय मानक समय तय किया जा रहा है। जिसको लेकर सुझाव मांगे गए हैं। इस सुझावों पर कार्य किया जा रहा है।
> **-प्रवीण सिउटा, सहायक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान बिलासपुर मंडल।**

## न्यूज ब्रीफ

### सोलधा में 26 फरवरी को बंद रहेगा मार्ग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जवाली उपमंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोलधा में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि महोत्सव और भंडारे के आयोजन के चलते शामू चौक से मेहर सिंह पठानिया के घर तक का रास्ता हर प्रकार के यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। ग्राम पंचायत के अनुरोध पर यह निर्णय लिया गया है। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए शामू चौक से वाया बाबा राजा राम कुटिया से मेहर सिंह पठानिया के घर तक का मार्ग नियमित गतिविधियों के लिए उपयोग किया जाएगा। जिलाधीश कांगड़ा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है।

### किशोरियों को दिए स्वस्थ रहने के टिप्स

**अनंत ज्ञान, गगल।** दीन दयाल उपाध्याय इच्छी में चल रहे कंप्यूटर सेंटर में आज लगवा सो लड़कियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इच्छी से आई डॉक्टर रीना एवं फार्मासिस्ट प्रियंका तथा योग शिक्षक राजिंद्र ने लड़कियों को योग द्वारा तनाव से दूर रहने के टिप्स दिए। डॉक्टर रीना ने लड़कियों को कहा कि स्वास्थ्य रहना है तो खानपान का खास ध्यान रखना होगा। उसके लिए आपको घर के खाने पर ही निर्भर रहना होगा और बाहर जंक फूड खाने का परहेज रखना होगा। प्रतिदिन सैर या योग करना होगा। इस अवसर पर दीन दयाल उपाध्याय सेंटर इच्छी के प्रधानाचार्य प्रमोद सिंह ने भी बच्चों को स्वास्थ्य रहने के लिए प्रेरित किया और नियमित रूप से योग करने की सलाह दी। इस अवसर पर कैंप में अभिलाष भी उपस्थित रहे।

### केंद्रीय सहकारी बैंक की योजनाएं बताईं

**अनंत ज्ञान, गगल।** केंद्रीय सहकारी बैंक सलोल की ओर से गांव तरखानगढ़ में जागरूकता शिविर आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को नाबार्ड द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। केंद्रीय सहकारी बैंक के मैनेजर रितेश गार्गी ने बताया कि शिविर में लोगों को किसान क्रेडिट कार्ड, इंश्योरेंस स्कीम, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, ऑनलाइन सिस्टम के बारे में बताया। इसके अलावा ऑनलाइन ठगी से बचाव पर भी लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर शिविर ग्राम पंचायत की प्रधान किरण वाला, वार्ड पंच पवन कुमार एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अटियालादाई स्कूल में बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, डरोह।** नशे को जड़ से खत्म करने के लिए शुक्रवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अटियालादाई में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें नया सवेरा नशा मुक्ति संस्थान के संयोजक दयानंद शर्मा व उनकी टीम द्वारा बच्चों को नशे के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया।इस कार्यशाला में स्थानीय स्कूल के प्रधानाचार्य सरदीप चंद कटोच, स्कूल के संयोजक विवेक सूद, सरदूल परमार, विकास शर्मा, वेदप्रकाश, सुभाष चंद, विनोद कुमार व सारा स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

### पंप ऑपरेटर्स को कई माह से नहीं मिला मानदेय

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जलशक्ति विभाग मंडल फतेहपुर के तहत पड़ती कुछ पेयजल स्कीमों पर तैनात पंप ऑपरेटर को पिछले कई माह से मानदेय नहीं मिला है। इस कारण उक्त पंप ऑपरेटर्स काफी परेशान हैं। पंप ऑपरेटर विभाग और स्थानीय नेताओं के समक्ष कई बार मानदेय नहीं मिलने की बात रख चुके हैं। अब थक हारकर शुक्रवार को कुछ पंप ऑपरेटरों ने फोनिकली मीडिया से अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि उनमें से कई ऑपरेटरों को पिछले 6 माह तक का मानदेय नहीं मिला है। जिन पेयजल स्कीमों पर तैनात पंप ऑपरेटरों को मानदेय नहीं मिला है, वे पेयजल स्कीमें विभाग द्वारा किसी ठेकेदार को सौंप रखी हैं। वहीं, इस बारे में जब विभागीय अधिशाषी अभियंता बिपन कुमार लूना के साथ फोन पर बात की तो उन्होंने कहा कि जिन लोगों को मानदेय नहीं मिला है, वे लिखकर कार्यालय में सूचित करें, ताकि उन्हें मानदेय दिलवाया जा सके।

# सीयू में सांसद डॉ. भारद्वाज ने महिला वेट लिफ्टिंग स्पर्धा का किया शुभारंभ

## इंटर जोनल प्रतियोगिता में देश के 78 विश्वविद्यालयों की 320 प्रतिभागी दिखाएंगी दमखम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारतीय विश्वविद्यालय संघ के सौजन्य से हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में चार दिवसीय अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता का शुभारंभ साई इंडोर स्टेडियम में हुआ। इस उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर कांगड़ा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर सोरोखैबम विंद्यारानी देवी, (भारोत्तोलक नेताजी, सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला) मौजूद रहीं। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसपी बंसल ने की। इस मौके पर केंद्रीय विवि के खेल निदेशक सुमन शर्मा ने कुलपति प्रो. एसपी बंसल का और अधिष्ठाता छात्र



कल्याण डॉ. सुनील ठाकुर ने विशिष्ट अतिथि स्वागत किया। चैंपियनशिप में देश भर के विभिन्न 78 यूनिवर्सिटीज के 320 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि, कांगड़ा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि देश और समाज तभी उन्नति कर सकता है, जब उसके युवाओं में अनुशासन होगा। यह अनुशासन सबसे अधिक खेल के मैदानों से सीखा जा सकता है। महिला खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश की बेटियों के प्रति आज समाज की सोच बदली है और इसका पूरा श्रेय महिलाओं को ही जाता है। वे अपनी मेहनत के दम पर नया मुकाम हासिल कर रही हैं और खेल के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर पा रही हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एसपी बंसल ने कहा कि संसाधनों के अभाव में भी विश्वविद्यालय चैथी बार भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इसमें विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों का उन्हें सहयोग मिलता रहा है।

कुलपति ने विशेष तौर पर सोरोखैबम विंद्यारानी देवी के संघर्षों पर प्रकाश डाला और उनकी कामयाबी की कहानी को खिलाड़ियों से साझा किया। उन्होंने कहा कि भारोत्तोलन केवल भार उठाने की क्षमता का खेल नहीं है, यह उम्मीदों और सपनों को भी ऊपर उठाने के जज्बे का नाम है। कर्णममल्लेश्वरी और मीरा बाई चानू का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि शक्ति जेंडर से नहीं, डिटरमिनेशन से आती है।

विंद्यारानी देवी ने विवि प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि यहां आई खिलाड़ी भी आगे जाकर भारत का प्रतिनिधित्व कर सकती हैं। मेहनत के दम पर वे ओलंपिक तक जा सकती हैं। वे हमेशा खिलाड़ियों की मदद के लिए तैयार हैं, किसी भी तरह के सुझाव के लिए वे बिंदिया से संपर्क कर सकती हैं। गौरतलब है किसोरोखैबम विन्द्यारानी देवी कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत की प्रतिनिधित्व करते हुए 55 केजी कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीत चुकी हैं।

### परौर में लुधियाना के युवक से बरामद किया 50 ग्राम चिट्टा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ भवारना पुलिस का अभियान जारी है। इसी कड़ी में वीरवार देर रात पठानकोट-मंडी एनएच के अंतर्गत परौर में भवारना पुलिस ने पंजाब के एक युवक को 50 ग्राम चिट्टे सहित पकड़ा है। पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार आरोपी युवक की पहचान बिट्टू निवासी वार्ड नंबर 10 संजय गांधी कॉलोनी, ताजपुर रोड लुधियाना के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी भवारना गुरदेव सिंह ने बताया कि पुलिस की टीम ने परौर में रात को नाका लगाया हुआ था तथा आरोपी युवक वहां से पैदल जा रहा था कि वह पुलिस की गाड़ी को देखकर घबरा गया और उसने कुछ झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने जब उसे चेक किया तो उसमें 50 ग्राम चिट्टा निकला। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# प्रदेश के करुणामूलक परिवारों के लिए भी व्यवस्था करे सरकार : अजय कुमार

## कहा, कमेटी का हवाला देखकर उनकी मांगों को लटकाया जा रहा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

करुणामूलक संघ कांगड़ा में प्रेस वार्ता का अयोजन किया गया, जिसमें विशाल सिंह, मनिंदर, आंचल, परवीन, पवन, विकास, साहिल, अमन मौजूद रहें। करुणामूलक आश्रितों ने कहा कि हम खुद को असहाय और ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। एक तो हमने अपने माता-पिता को खोया है और ऊपर से सरकार ढाई साल से करुणामूलक सब कमेटी का हवाला दे रही है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष अजय कुमार करुणामूलक परिवारों के लिए दो बैठकें सब कमेटी में हो गई, लेकिन नतीजा कोई नहीं निकला और तारीखों की बोझ तले यह परिवार दब रहे हैं। जब पिछली सरकार के समय कांग्रेस विपक्ष में थी तो सुखविंद्रसिंह सुक्खू, मुकेश अग्निहोत्री व विक्रमादित्य सिंह के द्वारा कहा गया था कि कमेटियां इसलिए बनाई जाती हैं, जब कोई मामला लटकाना हो। शायद अब मुख्यमंत्री व समस्त मंत्रियों की बातें इन करुणामूलक परिवारों के लिए सच साबित हो रही हैं। अब कांग्रेस सरकार में इन परिवारों को कमेटी का हवाला देखकर लटकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार अब इन परिवारों से नजरे फेर रही है। अपनों के जाने की और 15 से 20 सालों से दर-दर की ठोकरें खाने के बाद अब यह परिवार सरकार को उन कर्मचारियों की दुहाई दे रही है, जिन्होंने सरकार की सेवा करी ओर सेवाकाल के दौरान मृत्यु को प्राप्त हो गए। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार सच में कर्मचारी व उनके परिवारों की हितैषी है तो मृतक कर्मचारियों के परिवारों की पुकार सुनो और सरकार से निवेदन कर रहे हैं कि बिना किसी शर्त के करुणामूलकों की नौकरियां बहाल की जाएं। इस मौके पर विशाल सिंह ने कहा कि सुख की सरकार अगर सच में जरूरतमंदों, दीन-दुखियों और गरीबों की सरकार है तो कृपया करुणामूलकों के दर्द को समझें और करुणामूलकों के लिए 15 तारीख की कैबिनेट में करुणामूलकों का कोई न कोई समाधान निकाले और नौकरी हेतु व्यवस्था करें।

### बटाहड़ी में हुआ पहला शिक्षक मां कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** शिक्षा खंड फतेहपुर के तहत पड़ते बटाहड़ी स्थित एक निजी पैलेस में शिक्षा विभाग द्वारा पहली शिक्षक-मां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी फतेहपुर बलवान सिंह ने विशेष तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम के बारे में शुक्रवार को जानकारी देते हुए खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए उक्त कार्यक्रम के तहत प्री प्राइमरी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की माताओं को विभाग द्वारा प्रशिक्षित की गई टीम द्वारा बच्चों कि शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस मौके पर करीब 80 माताएं एवं शिक्षा विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में कनिका ने हासिल किया पहला स्थान



**राकेश डोगरा, डरोह**

महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय में सीएससीए की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कॉलेज की प्राचार्या प्रो. राका शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता में कनिका ने प्रथम, अंकिता ने दूसरा और काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में मुस्कान ने प्रथम, सेजल ने दूसरा और तनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा छात्रों ने एकल गान, समूह गान, नाटी, झमकड़ा और गिद्दा जैसे रंगारंग कार्यक्रम भी पेश किए। बीसीए के छात्रों ने नशा मुक्ति पर एक नाटक भी पेश किया।

कार्यक्रम में सीएससीए समन्वयक प्रो. रवि सिंह पल्सरा, प्रो. कमल कुमार, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. विशाल वालिया, डॉ. अमित शर्मा, प्रो. लेखराज, प्रो.पवन राणा, डॉ. शिशु पॉल, प्रो. नविता, प्रो. कुशल, प्रो. अजय, प्रो. प्रेम लता, प्रो. सनी, प्रो. अपूर्वा, रणजीत सिंह, मंजु, दिवंशी और रेनू शर्मा भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# देहरा में सिटी गैस नेटवर्क का कार्य प्रगति पर

## एडीसी बोले, अन्य शहरों में पीएनजी के विस्तार की रणनीति की जा रही तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने कहा कि कांगड़ा जिले में पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की ज्वालाजी, कांगड़ा, पालमपुर और धर्मशाला शहर में सीजीडी नेटवर्क स्थापित करने की संभावनाओं की जांच करने के निर्देश खाद्य आपूर्ति विभाग को दिए गए हैं। इस बाबत एडीसी के कार्यालय में खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता कांगड़ा के अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने कि देहरा में सिटी गैस नेटवर्क का कार्य प्रगति पर है और अन्य शहरों में नेटवर्क के विस्तार को लेकर रणनीति तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि पीएनजी एलपीजी से ज्यादा सुरक्षित है। नेटवर्क स्थापित होने पर यह लगातार और निर्बाध रूप से मिलती है।

इसका इस्तेमाल करने पर आपको उतना ही भुगतान करना होता है, जितना आप इसका इस्तेमाल करते हैं इससे घरेलू बचत की चिंताएं कम होती हैं। यह हवा से हल्की होती है, इसलिए किसी भी रिसाव की स्थिति में यह तुरंत हवा में मिल जाएगी और वाष्पित हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह अन्य गैसों की तुलना में अपेक्षाकृत कम जहरीली होती है। उन्होंने कहा कि पीएनजी की आपूर्ति साल भर, 24 घंटे, सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध रहती है। पीएनजी के भंडारण की जरूरत नहीं होती है।

# कुलभूषण उपमन्यु के पहाड़ी काव्य 'अनघड-पत्थर' का कल होगा विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**संस्था धौलाधार क्लीनरज को सर्वोदय इंस्टीट्यूट करेगा सम्मानित**

सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एवं रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि 16 फरवरी को हिमाचल प्रदेश के प्रख्यात पर्यावरणविद् कुलभूषण उपमन्यु द्वारा लिखित पहाड़ी काव्य 'अनघड-पत्थर' का विमोचन हिमाचल प्रदेश भाषा, कला एवं सांस्कृतिक विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी लेखकों और कवियों के काव्य पाठ का भी आयोजन होगा, जिसमें कवि और लेखक शामिल होंगे। इस मौके पर सर्वोदय इंस्टीट्यूट की ओर से पर्यावरण मित्र सामाजिक संस्था धौलाधार क्लीनरज को सम्मानित किया जाएगा, जबकि कार्यक्रम में हिमांशु मिश्रा की पुस्तक 'ये जलते हुए चिराग' और वत्सला मिश्रा की 'विस्पर ऑफ माई हर्ट' नामक पुस्तक का लोकार्पण किया जा रहा है। इसमें हिमाचल प्रदेश के जाने माने लेखक और साहित्यकार डॉ. गौतम व्यथित बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक लोक संपर्क विभाग रवि वर्मा करेंगे।

# बुजुर्ग महिला के साथ बर्बरता करने वाले के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई : नैंसी अटल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश के देवभूमि क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें 73 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ बर्बरता की सारी हदें पार की गईं। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने पहले बुजुर्ग महिला पर हमला किया और फिर उसके साथ दुश्कर्म जैसी घिनौनी घटना को अंजाम दिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने बयान जारी करते हुए कहा कि ऊना में जो बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है, यह मामला केवल समाज के लिए शर्मनाक नहीं, बल्कि इंसानियत के खत्म होने का भी उदाहरण है। इस जघन्य अपराध ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश और गुस्से की लहर पैदा कर दी है। स्थानीय पुलिस प्रशासन को घटना की गंभीरता को देखते हुए सख्त कार्रवाई कर और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देनी चाहिए। विद्यार्थी परिषद पीड़िता को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने की मांग करती है।

प्रदेश के पुलिस विभाग और प्रशासन को इस घटना के प्रति बेहद संवेदनशील होना चाहिए और आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। यह एक जघन्य अपराध है और राज्य सरकार को इस पर त्वरित और सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। प्रदेश की सरकार और पुलिस प्रशासन इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। प्रदेशवासियों से अपील की जाती है कि वे इस मामले में प्रशासन का सहयोग करें और ऐसे अपराधों के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं। प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि अगर पीड़ित महिला को न्याय नहीं मिला तो विद्यार्थी परिषद सरकार के खिलाफ एक उग्र आंदोलन कर छात्र संगठन के साथ साथ सामाजिक संगठन होने का एक बड़ा उदाहरण देगी, ताकि आने वाले समय में प्रदेश सरकार ऐसी घटनाओं पर उचित कार्रवाई करे।

# जंगलों को आग से बचाने के लिए प्रयोग हो मनरेगा लेबर: धर्म सिंह

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

खुंडियां के समाजसेवी डॉक्टर धर्म सिंह ठाकुर ने कहा कि गर्मियों में जंगलों को आग से बचाने के लिए मनरेगा लेबर को लगाया जाए, जिसके चलते एक पंथ दो काज होंगे। पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।

उन्होंने कहा कि गर्मियों में मनरेगा की लेबर को जंगलों में तैनात की जाए, ताकि आग लगने पर त्वरित कार्रवाई हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार संबंधित विभाग को निर्देश दे ताकि मनरेगा का फंड चेक डैम वाटर मैनेजमेंट के लिए ज्यादा से ज्यादा खर्च किया जाए। उल्लेखनीय है कि दूरदर्शी सोच के मालिक धर्म सिंह ने टांडा मैडिकल कालेज में पर्चियों की जगह क्युआर कोड की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए सलाह दी थी, जिसे टांडा मेडिकल प्रशासन ने सहर्ष स्वीकार कर लिया था।

# 'वो दिन' योजना के तहत छात्राओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को ज्वालामुखी उपमंडल के डिग्री कॉलेज खुंडियां में 'वो दिन-मासिक धर्म स्वच्छता' योजना के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा ने शिविर में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए छात्राओं को स्वच्छता हेतु जागरूक किया। उन्होंने शिविर में उपस्थित छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता और एनीमिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए किशोरियों को मासिक धर्म के प्रति गलत धारणाओं के बारे में जागरूक किया।

कार्यक्रम में आयुष विभाग से डॉ. सुनिल शर्मा ने छात्राओं को एनिमिया व वातावरण स्वच्छता संबंधित विषयों पर छात्राओं को जागरूक किया। इसके अलावा मासिक धर्म के दौरान स्वास्थ्य एवं पोषण बारे भी उनको जागरूक किया गया। साथ ही जंक फूड के दुष्प्रभावों के बारे में भी उनको अवगत करवाया। शिविर में छात्राओं को बताया गया कि जन्म के बाद पहले हजार दिन का पोषण बच्चों के मस्तिष्क और शरीर के स्वस्थ विकास और प्रतिरोधकता बढ़ाने में बुनियादी भूमिका निभाता है। इस शिविर मे मासिक धर्म व पोषण पर पोस्टर प्रतियोगिता और क्विज का भी आयोजन किया गया व पुरस्कार वितरित किये गए। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी देहरा सुशील शर्मा, उपप्रधानाचार्य शिव कुमार, वृत्त पर्यवेक्षक राजेंद्र कुमार, मिशन शक्ति से राहुल, सोनाली और मीनाक्षी सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक और छात्राएं उपस्थित रहीं।

# गो तस्करी के आरोप में कब्जे में लिया वाहन पुलिस ने चालक को चेतावनी देकर छोड़ा

**अनंत ज्ञान, द्रमण**

शाहपुर के साथ लगते द्रमण क्षेत्र में शुक्रवार को गो तस्करी की एक घटना सामने आई। संदेहास्पद गतिविधि देखने पर जब वाहन चालक से पूछताछ की गई, तो न ही उसके पास कोई वैध रसीद पाई गई और न ही उसने संतोषजनक उत्तर दिया। मौके पर पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया। हालांकि, जब शिकायतकर्ता पुलिस स्टेशन पहुंचा, तो पता चला कि पुलिस ने पहले ही वाहन चालक से पूछताछ कर उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया था, बिना शिकायतकर्ता को कोई जानकारी दिए। जब स्थानीय जनता ने एकजुट होकर पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाया, तो आनन-फानन में पुलिस ने आरोपियों को दोबारा बुलाया और जांच में सहयोग किया। इस दौरान तस्करों ने ताजा रसीदें पेश कर किसी तरह मामले को रफा-दफा करा लिया, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में विरोधाभास साफ नजर आया कि गिरफ्तारी के समय चालक की भाषा कुछ और थी, जबकि मामले के निष्कर्ष तक आते-आते सबूतों की स्थिति अलग दिखी। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि ये लोग विशेष समुदाय से हैं, जिन्हें स्थानीय लोगों का सहयोग प्राप्त है।

# छात्रों ने लिया देशभक्ति का संकल्प

## द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन रैत ने पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। 14 फरवरी 2019 को हुए इस हमले में 40 सीआरपीएफ जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकों और छात्रों ने गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं। कार्यक्रम का नेतृत्व असिस्टेंट प्रोफेसर रजत शर्मा ने किया, जिन्होंने छात्रों को पुलवामा हमले के ऐतिहासिक महत्व और शहीदों के साहस के बारे में जागरूक किया।

इस श्रद्धांजलि समारोह में एचओडी एमएड डॉ. अश्वनी कुमार, एचओडी बीसीए राजेश राणा, बीबीए असिस्टेंट प्रोफेसर रजत शर्मा (बीकॉम कोऑर्डिनेटर), असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक कुमार और बीबीए असिस्टेंट प्रोफेसर वितिका महाजन सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

इस दौरान सभी उपस्थितजनों ने शहीद जवानों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। शिक्षकों और छात्रों ने भारतीय सेना की वीरता और राष्ट्र के प्रति उनके बलिदान को याद किया। इस मौके पर असिस्टेंट प्रोफेसर रजत शर्मा ने कहा, ष्भारत अपने वीर जवानों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा। उनके साहस और समर्पण से हमें राष्ट्र की सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। पुलवामा हमला भारत के इतिहास में सबसे भयावह आतंकी हमलों में से एक था। इस आत्मघाती हमले में सीआरपीएफ के काफिले को निशाना बनाया गया, जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे।

इस हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था और इसके बाद भारतीय सरकार और सशस्त्र बलों की ओर से कड़ी कार्रवाई की गई थी। कॉलेज के छात्रों ने भी शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।

**ब्लड डोनेशन** प्रेस क्लब फतेहपुर के रक्तदान शिविर में अधिकारियों और क्षेत्र के युवाओं ने किया रक्तदान

# अमूल्य जीवन बचाने को 78 डोनर ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

रक्तदान महादान कहा जाता है। देशभर में अलग-अलग एनजीओ की तरफ से समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंप चलाए जाते हैं। विपत्ति की घड़ी में इसी ब्लड से लोगों की जान बचाई जाती है। इसी कड़ी में प्रेस क्लब फतेहपुर के द्वारा चौथे ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के युवाओं ने बढ-चढ़ कर हिस्सा लिया तो वहीं भिन्न -भिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी रक्तदान दिया, जिनमें विशेष तौर पर एसडीएम विश्रुत भारती, सतबीर सिंह, लोक निर्माण विभाग



के एक्सईएन विनय मेहरा , थाना प्रभारी फतेहपुर पवन गुप्ता, जेई गणेश शर्मा, रिटायर्ड अधिशाषी अभियंता जलशक्ति विभाग गुरबख्श धीमान, रिटायर्ड नायब तहसीलदार प्रेम शर्मा ,चेयरमैन राजपूत सभा फतेहपुर राघब पठानिया, ओपी चौधरी, सहित प्रेस क्लब फतेहपुर की लगभग पूरी टीम ने रक्तदान किया।

जानकारी देते हुए क्लब प्रधान रविंद्र चौधरी ने बताया आज का कैंप पूरी तरह से सफल रहा। 78 डोनर ने ब्लड डोनेट किया, वहीं इस दौरान पूर्व मंत्री राकेश पठानिया ने रक्तदान शिविर में पहुंच कर प्रेस क्लब के कार्य की सराहना करते हुए अन्य संगठनों से भी अपील की है कि वे भी समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंपों का आयोजन करते हुए जरूरत अनुसार ब्लड मुहैया करवाकर अनजान लोगों को जरूरत के समय ब्लड उपलब्ध करबाकर जीवनदान देकर पुण्य कमाएं।

डोनेट ब्लड एंड सेव लाइव्स से चलाए गए इस ब्लड डोनेशन कैंप में का नारा दिया गया था 'ए लिटिल गोज, ए लॉन्ग वे'। भगवान बुद्द चैरिटेबल ब्लड बैंक की तरफ से इस ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। ब्लड डोनेट करने के बाद क्लब के सदस्य व समाजसेवियों ने कहा कि ऐसा समाज में सभी लोगों को करना चाहिए क्योंकि इससे न सिर्फ जरूरत पड़ने पर दूसरों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह समाज सेवा से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रेस क्लब के सदस्यों ने कहा कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों का भी मानना है कि ब्लड डोनेट करने से नया खून बनता है जो मानव स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है।

# धारकंडी क्षेत्र में सड़कों के निर्माण पर खर्च हो रहे 35 करोड़: केवल पठानिया

## 3.41 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाली घेरा-भितलु सड़क का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

शाहपुर विधानसभा के अंतर्गत धारकंडी क्षेत्र के लोगों को अच्छी सड़क सुविधा प्रदान करने हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न सड़कों पर 35 करोड़ व्यय किए जा रहे हैं। यह जानकारी उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने दी। वे शुक्रवार को घेरा-सुखुघाट-चमियारा-भितलु के निर्माण कार्य के शुभारंभ के उपरान्त बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि 3.41 करोड़ से बनने वाली इस सड़क से इस क्षेत्र के लगभग 15 गांवों के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया कि घेरा बर्नेट सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं इसके मद्देनजर करेरी के साथ लगते क्षेत्रों के पांच नए स्थानों को इको टूरिज्म के अन्तर्गत चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि करेरी गांव में पशु डिस्पेंसरी, सब सेंटर तथा सामुदायिक भवन बनाने हेतु सम्बंधित विभागों को आपस में समन्वय बनाकर कार्ययोजना तैयार करें ताकि आने वाले समय में इन भवनों को बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि मिडल स्कूल करेरी में शीघ्र ही दो नए कमरों का निर्माण करवाया जाएगा।उन्होंने लोकनिर्माण विभाग को नौरा गांव को सड़क से जोड़ने हेतु सर्वे के आदेश दिए। उन्होंने राजस्व तथा लोक निर्माण विभाग को खड़ीबही-रावा में बड़ा पुल बनाने हेतु हाइड्रोक्लोरिक डाटा तैयार करने एवं स्थानीय लोगों से मिलकर सड़क बनाने हेतु संवाद करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में आमजन को शीघ्र ही बस सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।



इसके बाद उन्होंने खड़ीबही-रावा में ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग द्वारा 5 लाख से निर्मित झूला पुल का लोकार्पण किया। उन्होंने आज करेरी में 20लाख से बनने वाले वन खंड अधिकारी कार्यालय एवं आवास भवन का शिलान्यास भी किया। खड़ीबही रावा में ग्रामीण विकास विभाग रैत द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जय शनिदेव, जय इंद्रुनाग, धौलाधार, गड़ेश्वरी तथा राधा कृष्ण महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया एवं अन्य अधिकारियों ने वेलेंटाइन डे पर परांदे एवं अन्य उत्पाद खरीदे। उन्होंने आज विभिन्न स्थानों पर लोगों की समस्याओं को भी सुना और अधिकांश का मौके पर निपटारा करते हुए शेष को त्वरित निदान के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया।

# बाली ने रिन पंचायत भवन का किया शिलान्यास

## 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम में रिन और धलूं में सुनी जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा बगवां विस क्षेत्र की पंचायतों के समग्र विकास करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने आज नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र में 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत रिन और धलूं पंचायतों का दौरा किया। बाली ने रिन में पंचायत भवन का शिलान्यास कर कार्य का विधिवत शुभारंभ करवाया। उन्होंने रिन में पंचायत भवन का शिलान्यास गांव के बुजुर्गों के साथ मिलकर किया। उन्होंने कहा कि 1 करोड़ 14 लाख की लागत से बनने वाले इस पंचायत भवन के बन जाने से गांव वासियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे पंचायत के लोगों को एक भवन में सारी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। उन्होंने पंचायत में युवाओं के लिए सार्वजनिक पुस्तकालय बनाने के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने रैत से डीपू सड़क वाया कुठेड नाला निर्माण के लिए 40 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके साथ पंचायत में 5 लाख रुपए की लागत से भव्य गेट बनाया जाएगा। आरएस बाली ने विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रिन और धलूं पंचायत में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निवारण किया।



उन्होंने बताया गत दो वर्षों में रिन और धलू पंचायत में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल तथा विद्युत की बेहतर सुविधा के लिए लगभग 3 करोड़ रूपये व्यय किए गए हैं। उन्होंने कहा नगरोटा में हिमाचल प्रदेश की सबसे बड़ी पार्किंग बनाई जा रही है। जिसके बन जाने से यहां आने वाले हजारों लोगों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ यहां शॉपिंग मॉल भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के बलधर में मॉडल आईटीआई निर्माणाधीन है। उन्होंने कहा कि यहां मॉडल आईटीआई बनने से प्रदेश के युवाओं को विश्व स्तरीय तकनीकी शिक्षा मिलेगी। इस अवसर पर एसडीएम नगरोटा बगवां मुनीश शर्मा, मान सिंह, अधिशाषी अभियंता राजीव शर्मा, विवेक ठाकुर, कमल चौधरी, एसडीओ अभिषेक भाटिया, बीडीओ लतिका, तहसील कल्याण अधिकारी दीपाली, प्रधान रमा देवी, पूर्व प्रधान रवींद्र सैनी, पूर्व प्रधान बलदेव, लेखराज, पंचायत प्रतिनिधि, महिला मंडल, युवा क्लब के सदस्य सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# सभी पार्टियां भविष्य में रेवड़ियां नहीं बांटने का लें फैसला: शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा है कि वोट की राजनीति अब एक बहुत खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। सभी पार्टियां रेवड़ियां बांटने लगी हैं तभी हमारी पार्टी को भी विवश होकर यह काम करना पड़ा है। इसके भयंकर परिणाम होंगे।



इस दिशा में उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी देश को सावधान किया है। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की है कि वह इस दिशा में एक ऐतिहासिक काम करे। प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में धन देकर वोट लेना अपराध है। अब एक ही तरीका है कि चुनाव आयोग यह कहे कि इस प्रकार के नकद प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से धन देकर वोट लेना या घोषणा करना अपराध है। क्योंकि चुनाव आयोग ही इस संबंध में निर्णय करके देश को इस आपदा से बचा सकता है और दूसरा टीएन सेशन बन सकता है।

शांता कुमार ने कहा कि वह इस संबंध में काफी समय से बार बार कह रहे हैं, ये सब देशहित में नहीं है। जिस प्रकार श्रीलंका दीवालियेपन में पिटी बैसे हालात भारत में न आ जाएं, इसलिए सभी पार्टियों को समय रहते इस गंभीर समस्या पर विचार करना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी अनुरोध किया है कि सभी पार्टियों के नेताओं को बुलाकर आत्मनिरीक्षण करके भविष्य में रेवड़ियां न बांटने का सामूहिक निर्णय लें।

# तत्तवाणी घूमने आए युवक की संदिग्ध मौत

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

उपमंडल बैजनाथ के तत्तवाणी में दोस्तों के साथ घूमने गए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गत दिवस युवाओं का एक दल बैजनाथ के पर्यटक स्थल तत्तवाणी क्षेत्र में घूमने के लिए गया हुआ था। मौज-मस्ती के लिए गए युवकों में से राकेश कुमार( 29) पुत्र प्रेमचंद निवासी गदियाड़ा रजेहड की संदिग्ध परिस्थितियों में कथित तौर पर डूबने से मौत हो गई। रात्रि के समय उसके दोस्तों ने यह जानकारी मृतक के परिजनों को दी। परिजनों के पुलिस को सूचना दी तो पुलिस हरकत में आई और उन्होंने शब को बाहर निकला।

पोस्टमार्टम बैजनाथ के सिविल अस्पताल में करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने धारा 174 के तहत मामला दर्ज किया है। डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा ने कहा कि इस मामले में साथ में घूमने के दोस्तों के बयान कलमबद्ध किए गए हैं तथा पुलिस हर पहलू से युवक की मौत की जांच कर रही है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। उल्लेखनीय है कि जिला और स्थानीय प्रशासन द्वारा बिना पूर्व सूचना के ट्रैकिंग और अन्य गतिविधियों के लिए मनाही के दिशा निर्देश भी जारी किए हैं।

## तकीपुर में अप्रवासी मजदूर का जला शव मिला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा के तकीपुर में एक अप्रवासी मजदूर का शव जली हुई अवस्था में मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डॉ. राजेंद्र प्रसाद आर्युविज्ञान महाविद्यालय व अस्पताल टांडा में भेज दिया है। मामले की जानकारी देते हुये पुलिस उपाधिक्षक कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि बिती रात 13 फरवरी कांगड़ा पुलिस को तकीपुर में फोरलेन का काम कर रही कंपनी के सुपरवाइजर शुभम हाल उनका एक कर्मचारी मृत अवस्था में पड़ा है और जली हुई हालत में है। उन्होंने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान अरुण सिंह उम्र 36 साल पुत्र वासुदेव सिंह निवासी, गली नंबर 07, सुरेंद्र कालोनी पार्ट -2 झरोदा माजरा, बिराड़ी उत्तरी दिल्ली के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शव आगे से कमर तथा पिछली पैंट की जेब तक तथा दोनों बाजू भी जले हुए पाए गए, जबकि सिर का ऊपरी हिस्सा नाक तथा चेहरा सही हालत में पाए गए हैं। उमृतक रात को आग जलाकर बैठा था और अकेला था और कुछ देर बाद लोगों ने उसे आग के उतर गिरा पाया और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई है। उन्होने बताया कि मौके पर मौका पर मौजुद कंपनी के कर्मचारियों के ब्यान कलमवंद किये गए तथा किसी ने भी मृत्तक की मृत्यु पर शक जाहिर नही किया है। उन्होने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कर शव को दिल्ली से बुलाए गए परिजनों को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 194 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# नगरोटा बगवां की 8 पंचायतों के 40 गांवों को मिलेगा नई पेयजल योजना का लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र की 8 पंचायतों के 40 गावों में जल्द ही नई पेयजल योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। डाढ से लेकर मस्सल तक की पंचायतों के लिए बनाई जा रही पेयजल योजना का कार्य पूरा कर लिया गया है अब केवल परियोजना का उद्घाटन करना बाकी रहा है। इसके बाद इस योजना से लोगों को पेयजल सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। अभी विभाग की ओर से इसकी टेस्टिंग भी कर ली गई है। जलशक्ति विभाग धर्मशाला के मुख्य अभियंता दीपक गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र में डाढ, पठियार, मलां और मस्सल सहित कई पंचायतों में पेयजल किल्लत की समस्या को दूर करने के लिए एनडीबी के सहयोग से करीब एक साल पहले 25.61 करोड़ से परियोजना का निर्माण शुरू किया था। इस परियोजना के तहत जिया में बनेर खड्ड से पानी को उठाकर साथ बनाए गए 3.48 एमएलडी क्षमता वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में डाला गया है। उन्होंने कहा कि बाद ट्रीटमेंट प्लांट से डाली गई लाइनों से विभिन्न पंचायतों में बनाए गए करीब 11 टैंकों में पानी डालकर गांवों में पेयजल की सप्लाई की जाएगी। इस योजना से आठ पंचायतों के 40 गांवों की 23000 आबादी का लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत गांवों में प्रति व्यक्ति 100 लीटर पानी प्रतिदिन स्वच्छ पानी दिया जाएगा।

**25.61 करोड़ की पेयजल परियोजना का कार्य पूरा**

वहीं, इस परियोजना को तैयार करने वाली कपंनी अगले पांच साल तक इसका रखरखाव भी करेगी। उन्होंने कहा डाढ से मस्सल तक नई पेयजल योजना का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। जल्द ही इसका उद्घाटन करवा लोगों को समर्पित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे आठ पंचायतों के 40 गांवों में लोगों को लाभ मिलेगा। यह ऐसी ग्रीन परियोजना है, जिससे निर्माण में पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जिया में बनेर खड्ड से पानी उठाने के बाद इसे ट्रीटमेंट प्लांट में स्वच्छ करने के बाद विभिन्न गांवों में बनाए गए 11 टैंकों डाला जाएगा।

# इंदौरा क्षेत्र में तलाशी जा रहीं चीनी मिल स्थापित करने की संभावनाएं : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार इंदौरा क्षेत्र में शूगर मिल स्थापित करने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में गन्ना उत्पादन को बढ़ावा मिल सके और किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सके।

इस बाबत शुक्रवार उपायुक्त कार्यालय परिसर के सभागार में एक आवश्यक बैठक भी आयोजित की गई। उपायुक्त ने कृषि विभाग तथा एसडीएम को सभी बिंदुओं वित्तीय प्रावधानों, गन्ना उत्पादन के जमीन की उपलब्धता सहित तकनीकी संसाधनों का अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि इंदौरा तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में गन्ना उत्पादन के लिए बेहतर जलवायु तथा तापमान रहता है, कई जगहों पर भूमि भी बंजर तथा किसानों को गन्ना उत्पादन की तरफ से प्रेरित करने के लिए कृषि विभाग को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं इसके साथ ही शूगर मिल के लिए गन्ना उत्पादन एवं बीज की बेहतर किस्मों की संभावनाओं पर भी आवश्यक रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि शूगर मिल स्थापित करने के लिए इंदौरा क्षेत्र में कृषि विभाग के पास जमीन भी उपलब्ध है।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि इंदौरा क्षेत्र में अभी तक 719 हेक्टेयर में गन्ने की खेती की जा रही है लेकिन किसानों को गन्ना लेकर पड़ोसी राज्यों की चीनी मिल में जाना पड़ता है। अपने ही प्रदेश में चीनी मिल शुरु होने से किसानों को गन्ना बेचने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। यहाँ के अधिकांश किसान मुकेरियन सुगर मिल, होशियारपुर, पंजाब या जम्मू की तरफ का रूख करना पड़ता है। इस स्थिति को देखते हुए सरकार के निर्देशों के मुताबिक कांगड़ा जिला के इंदौरा में चीनी मिल स्थापित करने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में गन्ना किसानों को सहुलियत देने और चीनी कारोबार को बढावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्द है। इस अवसर शूगर मिल के उत्पादन को लेकर विशेषज्ञों के साथ वर्चुअल माध्यम से विस्तार से चर्चा भी की गई। इस अवसर पर एडीसी विनय कुमार सहित उद्योग विभाग, कृषि विभाग, बागबानी विभाग तथा सहकारिता विभाग से अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सकोह की बट्ट रेंज में आज होगा फायरिंग का अभ्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** द्वितीय भारतीय आरक्षित वाहिनी सकोह की बट्ट रेंज के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक में तैनात गार्डों का फायरिंग अभ्यास 15 फरवरी को प्रात: 8 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। सहायक आयुक्त सुभाष गौतम ने यह जानकारी देते हुए सकोह के वार्ड नंबर 9 और ग्राम पंचायत चौतड़ू, सराह तथा संबंधित क्षेत्र के लोगों से अनुरोध किया है कि किसी प्राकार की अप्रिय घटना से बचने के लिये इस दौरान फायरिंग रेंज में न जाएं और न ही अपने मवेशियों को वहां जाने दें।

# धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम व आसपास कल पावर कट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल-2 धर्मशाला के सहायक अभियंता रमेश चंद ने बताया कि 16 फरवरी को विद्युत लाइनों के रख-रखाव व केबलिंग कार्य के चलते 11केवी एजुकेशन फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र चेलियां, डिग्री कॉलेज, स्टेडियम रोड, गुलेरिया मोहल्ला, जवाहरनगर तथा साथ लगते क्षेत्रों में प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक या कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि यह शटडाउन मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# पुलवामा शहीद तिलक को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

पुलवामा शहीद दिवस पर पूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण संगठन जिला कांगड़ा के अध्यक्ष एमएल ठाकुर संगठन एवं अन्य पदाधिकारियों ने हिमाचल के पुलवामा शहीद तिलक राज को उनके गांव धेवा जदरोह में श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी प्रतिभा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कल्याण संगठन के जिला कांगड़ा अध्यक्ष एवं मुख्य पैटर्न एमएल ठाकुर, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता मनवीर चंद कटोच ने पैरामिलिट्री कल्याण संगठन की तरफ से बलिदानी के सभी परिजनों को शाल, हिमाचली टोपी पहना कर सम्मानित किया गया और कहा कि संगठन के सदस्य हमेशा उनके परिवार के साथ है। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष वीके शर्मा (एक्स डीआईजी) की तरफ से मुख्य पैटर्न एमएल ठाकुर और मनवीर चंद कटोच ने और कांगड़ा, पालमपुर संगठन की तरफ से उपाध्यक्ष बलदेव सिंह राणा, कुशल सिंह, सुभाष सिंह ने बलिदानी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और पुष्प माला अर्पित की।



## शहीद को किया नमन

**अनंत ज्ञान, जवाली।** पुलवामा शहीद तिलक राज की शहादत को प्रशासन द्वारा उनके घर धेवा में पहुंचकर याद किया गया। एसडीएम जवाली विचित्र सिंह ने धेवा में शहीद तिलक राज के घर पहुंचकर उनके परिवार के साथ संवेदना प्रकट की तथा शहीद तिलक राज की प्रतिमा को हार पहनकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद तिलक राज की माता बिमला देवी, पिता लायक राम तथा पत्नी सावित्री देवी ने भी श्रद्धासुमन अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। माता-पिता ने कहा कि हमें बेटे की शहादत पर गर्व है, लेकिन बेटे के नाम का शहीदी गेट न बनने व श्मशानघाट को जाने वाला रास्ता पक्का न हो पाने का मलाल भी है। धेवा निवासी तिलक राज 14 फरवरी, 2019 को पुलवामा हमले में शहीद हो गए थे। एसडीएम जवाली विचित्र सिंह ने कहा कि शहीद की शहादत को युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर सुख-दुख में शहीद के परिवार के साथ है तथा हर संभव सहायता करेगा।

# अस्पताल में युवक पर हमला करने के 6 आरोपी गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

सिविल अस्पताल पठानकोट में मेडिकल करवाने आए युवक पर हमला करने के आरोप में जिला पुलिस की ओर से छह आरोपितों को काबू किया गया है। आरोपितों की पहचान लव निवासी खानपुर चौक पठानकोट, रोहित निवासी शाहपुर चौक, गौराग शर्मा निवासी लमीनी, मनीश शर्मा निवासी लमीनी, अजय कुमार निवासी प्रताप नगर तथा जतिंद्र सिंह गिल निवासी अबरोल नगर पठानकोट में रूप में हुई है। जानकारी देते हुए डीएसपी सिटी सुमेर सिंह मान ने बताया कि उक्त आरोपितों का गत दिवस किसी बात को लेकर मानिक निवासी पठानकोट के साथ झगड़ा हुआ था। मानिक जब सिविल अस्पताल में मेडिक लरवाने आया हुआ था तो उक्त युवक दातर तथा अन्य हथियार लेकर सिविल अस्पताल में घुस आए तथा हथियारों सहित उक्त युवक पर पुन- हमला कर दिया।

इस झगड़े में जब ड्यूटी पर तैनात एएसआइ गुलशन कुमार तथा अन्य लोगों की ओर से उक्त हमलावरों को रोकने का प्रयास किया गया तो उनकी ओर से भी उक्त पर भी हमला कर दिया गया तथा उन्हें बुरी तरह से घायल कर दिया। हमलावरों की ओर से मानिक पर पुन : हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया गया था।

# एनडीआरएफ ने आपदाओं से निपटने के गुर सिखाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

एनडीआरएफ की विभिन्न टीमों ने हिमाचल प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खुंडियां, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुगलाड़ा, जिला-कांगड़ा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अरसू, जिला कुल्लू एवं बल्लभ राजकीय महाविद्यालय जिला मंडी में आपदा प्रबंधन और सुरक्षा के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान बच्चों, शैक्षणिक स्टॉफ एवं गैर शैक्षणिक स्टॉफ को आपदा प्रबंधन और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया गया। एनडीआरएफ टीम कमांडरों द्वारा आपदा से परिचय, आपदा में क्या करें, क्या नहीं करें एवं एनडीआरएफ की भूमिका एवं महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया और सहयोगी रेस्क्यूअर्स द्वारा भूकंप, बाढ़, आगजनी, सीपीआर और अन्य प्राकृतिक तथा मानवजनित आपदाओं से बचने और उनसे निपटने के लिए प्रभावी उपायों को डेमोंस्ट्रेशन की मदद से बच्चों को समझाया गया।

# पुलिस ने 10.5 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के अंतगर्त चरान खड्ड के पास दीपक कुमार व कवीर दोनों निवासी वार्ड नंबर 5 चरान खड्ड से 10.5 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# 95,250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान धर्मशाला।** पुलिस ने खनियारा में सुनील कुमार निवासी खनियारा से 95,250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39(1)। हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# जगोरी ने धर्मशाला में निकाली सद्भावना रैली

**अनंत ज्ञान, गगल।** जगोरी संस्था के सौजन्य से महर्षि विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल खटेड़ धर्मशाला में एक रैली का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि आज जगोरी संस्था के साथ मिलकर एक रैली आयोजित की गई, जिसमें जगोरी संस्था के कार्यकर्ताओं ने बच्चों को अमन ,अहिंसा और सद्भावना पर बातचीत करते हुए कहा कि आजकल देश में हिंसा का माहौल बना हुआ है और नफरत को उजागर किया जा रहा है इससे हमें दूर रहना होगा । यही मकसद है कि आज सद्भावना रैली स्कूल से लेकर खट्टेड गांव तक निकाली गई जहां रैली में स्कूल के अध्यापकों और गांव के लोगों ने भी रैली में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

**महादान**

## अमनदीप अस्पताल के सहयोग से अरनी विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

# रक्तदान इंसानियत की पहचान : डॉ. विवेक सिंह

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में रेड रिबन क्लब एवं ब्लड डोनर कल्ब इंदौरा ने अमनदीप अस्पताल, पठानकोट के सहयोग से अरनी विश्वविद्यालय में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का उद्देश्य न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि देना था, बल्कि जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान को प्रोत्साहित करना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी था। इस शिविर का उद्घाटन डॉ. विवेक सिंह, चांसलर अरनी रक्तदान करके शिविर का शुभारंभ किया और उन्होंने रक्तदान की अहमियत के बारे में बताते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी ओर के जीवन के लिए एक उपहार बन सकता है। रक्तदान कीजिये, मानवता के हित में काम कीजिए। आजकल देश में बहुत सी बीमारियां एवं दुर्घटनाओं के चलते एवं रक्त की कमी से काफी मौते हो रही है, इसलिए आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी की जान बचा सकता है। रक्तदान इंसानियत की पहचान है। इसलिए फिट रहें, पौष्टिक खाएं और रक्तदान करें।





अमनदीप अस्पताल के स्वास्थ्य विशेषज्ञों और डॉक्टरों ने रक्तदान की प्रक्रिया अपनी निगरानी में की और यह सुनिश्चित किया कि सभी रक्त दाताओं को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में रक्तदान करने का अनुभव मिले। इस शिविर से न केवल रक्त की जरूरत को पूरा करने में मदद मिली, बल्कि यह समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने में भी सहायक साबित हुआ।

रक्तदान के माध्यम से जीवन बचाने का यह कदम समाज के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान है, और इसे प्रोत्साहित करने के लिए विश्वविद्यालय और अस्पताल की यह साझेदारी एक सकारात्मक पहल है। (अनंत ज्ञान)

**बेदखली सूचना**

**मैं मोहिन्दर सिंह** पुत्र बंता राम गांव व डाकघर जगनोली, तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा अर्पन चंबियाल पुत्रबधु नीना मेरा कहने -सुनने से बाहर हैं अत: मैं इन्हें अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं, सबंधित नोट करें।

**अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगडा हि. प्र. ।**

1 श्री विजय कुमार पुत्र नरैण दास उर्फ नरैण दास शर्मा गांव गलोड़ खास डा. थोड़ा, तहसील नुरपुर, जिला कांगड़ा (हि. प्र.)

.....वादी

वनाम आम जनता

...प्रतिवादी

इस ईश्तहार अखवार द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री विजय कुमार पुत्र नरैण दास उर्फ नरैण दास शर्मा गांव गलोड़ खास, डा. थोड़ा तह. नूरपुर जिला कांगडा हि. प्र. ने एक प्रार्थना पत्र गुजारा है, जिसमें निवेदन किया है कि उसका सही नाम श्री सुरेश कुमार शर्मा पुत्र नरैण दास उर्फ नरैण दास शर्मा है परन्तु महाल गलोड़ खास के राजस्व रिकार्ड में विजय कुमार दर्ज है, जो कि गलत है। इसके नाम की महाल गलोड़ के राजस्व रिकार्ड में दरुस्ती की जाए ।

प्रतिवादी आम जनता को इस ईश्तहार अखवार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थी के नाम की दरुस्ती होने पर कोई आपति हो तो वह 30 दिन के अन्दर इस न्यायालय मे असालतन या वकालतन हाजिर होकर एतराज दायर कर सकता है। अन्यथा यह समझा जायेगा कि किसी को जाति दरुस्ती पर आपति नहीं है। अत: नियमानुसार नाम दरुस्ती के आदेश जारी कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 15.2.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगड़ा ( हि.प्र. )**

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने चरस सहित एक आरोपी किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस थाना चिड़गांव के अंतर्गत मांदली पुल के पास हवलदार दीपक शर्मा की अगुवाई में चिड़गांव पुलिस की टीम ने नेपाली मूल का युवक रमेश चालोन (25) से 166 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस द्वारा युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि पुलिस आगामी छानबीन कर रही है।

### इंस्पेक्टर सुदेश को राज्यपाल ने किया सम्मानित



**कोटखाई, भरत ठाकुर ।** स्टेट विजिलेंस विभाग में तैनात इंस्पेक्टर लेखाकार सुदेश कुमार को विशिष्ट सेवा के लिए प्रदत्त राष्ट्रपति पुलिस पदक से राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह शुक्रवार को राजभवन शिमला में आयोजित किया गया। हालांकि, उन्हें यह पुरस्कार 23 अगस्त 2024 को ही मिल चुका था, लेकिन राज्यपाल की ओर से उनके योगदान के सम्मान में विशेष आयोजन किया गया। वहीं 67 बार रक्तदान कर चुके सुदेश कुमार जरूरतमंद मरीजों के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इन्हीं अनुकरणीय कार्यों और समर्पण के कारण उन्होंने पुलिस विभाग एवं हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है।

### संगीता बनी भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** मानवाधिकार परिषद की भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा इकाई द्वारा संगीता ठाकुर को परिषद की महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष मनोनित किया गया गया है। परिषद के प्रदेशाध्यक्ष हरि सिंह ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन से संबंध रखने वाली संगीता ठाकुर को भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि मोर्चे द्वारा महिला विंग की इस ताजपोशी से संस्था तथा समाज हित के कार्यों को गति प्रदान होगी और प्रदेश की महिला विंग की कार्यकारिणीक विस्तार भी किया जाएगा।

### 70 माताओं ने जाने मुख्य विकास स्तर

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** प्रारंभिक शिक्षा खंड सुन्नी में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला सुन्नी में अर्ली चाइल्ड हुड केयर एंड एजुकेशन के तहत दो दिवसीय पहली शिक्षा मां कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। केंद्रीय मुख्य शिक्षक सुन्नी श्याम लाल शर्मा ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस दौरान बीआरसी कार्यालय से वीरेंद्र और विद्या सागर भी मौजूद रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य माताओं को विकास के पांच पहलुओं शारीरिक, मानसिक, भाषा, भावनात्मक तथा रचनात्मक विकास के बारे में जागरूक करना है। मुख्य रिसोर्स पर्सन अजय कुमार ने बताया कि कार्यशाला का पहला दिन विषय ज्ञान से संबंधित रहा। इस दौरान क्षेत्र की लगभग 70 से अधिक माताओं ने हिस्सा लिया।

### प्रश्नोत्तरी में मृनल राजटा ने हासिल किया प्रथम स्थान



**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरस्वतीनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका मृनल राजटा ने राष्ट्रीय एकता शिविर में प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन क्षेत्रीय निदेशालय चंडीगढ़ भारत सरकार एवं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा चंडीगढ़ विश्वविद्यालय मोहाली पंजाब में 'मेरा भारत-सशक्त भारत- विकसित भारत 2047 विषय के अंतर्गत 11 फरवरी 2025 को आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रेम प्रकाश चौहान ने मृनल राजटा की इस उपलब्धि पर उसे बधाई दी है और उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए उसे आशीर्वाद दिया है।

### घुमारवीं में आज होगी करियर काउंसिलिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** चेतना संस्था बिलासपुर तथा चंडीगढ़ बेस्ड एनजीओ सिविल स्टैप हिमाचल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को घुमारवीं में एक दिवसीय करियर काउंसिलिंग एंड वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। घुमारवीं के जगन पैलेस में 15 फरवरी को दोपहर 2 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में चेतना संस्था के सचिव हरीश नड्डा तथा सिविल स्टैप हिमाचल के संस्थापक एवं निदेशक विशाल ठाकुर व विनय जोशी भी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। एचपीएएस, अलाइड, एनटी व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर बच्चों व युवाओं का मार्गदर्शन करने के साथ ही उन्हें वार्षिक परीक्षा के इस दौर में तनावमुक्त होकर तैयारी करने के टिप्स भी दिए जाएंगे। नशाखोरी की लगातार बढ़ती प्रवृत्ति और जलवायु परिवर्तन जैसे ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करके उन्हें नशे से दूर रहने तथा पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

### शराब की 150 पेटियों के साथ एक काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर की स्पेशल डिटेक्शन टीम ने गत रात्रि खारसी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से लाई जा रही शराब की 150 पेटियों को ज़ब्त किया। इस दौरान एक व्यक्ति, हंसराज (40) पुत्र चुंकी राम, निवासी भरेतर, रानीकोटला को गिरफ्तार किया गया है। वह टेंपो में शराब की खेप लेकर जा रहा था। यह गाड़ी शिमला से आ रही थी और इसे खारसी क्षेत्र में रोका गया। पुलिस ने टेम्पो की तलाशी लेने पर 150 पेटी अवैध शराब बरामद की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने बरमाणा थाना में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले की पुष्टि एसपी शिव चौधरी ने की है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब की तस्करी पर कड़ी नजर रखी जा रही है और ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### जन शिकायत निवारण समिति की बैठक 21 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति की बैठक 21 फरवरी को प्रातः 11:30 बजे उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता तकनीकी शिक्षा, नगर एवं ग्राम योजना तथा आवास मंत्री, हिमाचल प्रदेश, राजेश धर्माणी करेंगे। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. निधि पटेल ने दी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में जिले से संबंधित विभिन्न जन शिकायतों के निवारण हेतु विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठक में प्राप्त शिकायतों के आधार पर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और उत्तरदायी बनाया जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त ने समिति के सभी गैर-सरकारी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे 18 फरवरी सांय 4 बजे तक चर्चा हेतु मदों का मसौदा इस कार्यालय को प्रेषित करें, ताकि उन्हें एजेंडा में सम्मिलित किया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक सदस्य अधिकतम दो ही मदें इस कार्यालय को भेज सकते हैं। सभी गैर-सरकारी सदस्यों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि जिले से संबंधित मुद्दों पर प्रभावी निर्णय लिए जा सकें और प्रशासन व जनता के बीच समन्वय को और अधिक सशक्त किया जा सके।

### नशे के खिलाफ जागरूक कर रहे चालक हंसराज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** परिवहन निगम के घुमारवीं सब डिपो में कार्यरत चालक हंसराज केवल वाहन चलाने तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज को नशे के खिलाफ जागरूक करने का भी अनोखा प्रयास कर रहे हैं। गाड़ी चलाने से पहले वह सवारियों को खास संदेश देते हैं और उन्हें नशे के बढ़ते खतरे से सतर्क रहने की सलाह देते हैं। हंसराज किसी भी रूट पर जाने से पहले बस में बैठी सवारियों को नशे के प्रति जागरुक करते हुए बताते हैं कि किस तरह पहले नशा तस्कर बस चालकों और कंडक्टरों के माध्यम से अवैध सामग्री इधर-उधर पहुंचाते थे, लेकिन अब वे एक नया तरीका अपनाकर इस काम के लिए सवारियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। चालक हंसराज लगातार बस में सफर करने वाली सवारियों को आगाह करते हैं कि तस्कर किसी भी अनजान यात्री को यह कहकर कोई पैकेट या बैग थमा देते हैं कि इसमें जरूरी सामान है, जिसे अगले स्टेशन पर उनके रिश्तेदार ले लेंगे। लेकिन वास्तव में, इस सामान में नशे से संबंधित सामग्री होती है, जिससे सवारी अनजाने में तस्करी में शामिल हो जाती है। इस गंभीर विषय को समझाते हुए यह चालक सवारियों से अपील करता है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति से कोई भी संदिग्ध सामान न लें। साथ ही, यदि उन्हें कोई ऐसी संदिग्ध गतिविधि नजर आती है, तो तुरंत परिवहन निगम के अधिकारियों या पुलिस को इसकी सूचना दें। चालक हंसराज की इस अनोखी पहल की सभी सराहना कर रहे है । चालक हंसराज का मानना है कि यदि बसों में सफर करने वाले यात्री सतर्क रहेंगे, तो न केवल नशे की तस्करी को रोका जा सकेगा, बल्कि समाज को भी इस बुरी लत से बचाया जा सकेगा। इस तरह की पहल के माध्यम से परिवहन निगम का यह जागरूक चालक अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की उम्मीद की जा सकती है।

# नाराज और वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को लाऊंगा वापस : कृष्ण लाल

## बिलासपुर जिला भाजपा अध्यक्ष बोले, जल्द ही शुरू करूंगा जन-जन अभियान, छोटे-बड़े कार्यकर्ता से मिलूंगा

बिलासपुर जिले में भाजपा ने अनुसूचित जाति वर्ग को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इस जिम्मेदारी से यह साफ है कि भारतीय जनता पार्टी किसी वर्ग को देखकर जिम्मेदारी नहीं सौंपती, बल्कि पार्टी सच्चे कार्यकर्ता को आगे आने का मौका देती है। यह बात अनंत ज्ञान के **बिलासपुर जिले के प्रभारी शुभम राही** से भाजपा के जिलाध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने एक्सलूसिव बातचीत के दौरान कही। पेश हैं बातचीत के मुख्य अंश:

**सवाल: जिला की कमान सौंपी है, भाजपा को जिला में कैसे मजबूत करेंगे?**

**जवाब:** मैं 2007 से भारतीय जनता पार्टी के लिए कार्य कर रहा हूं। संघ में रहकर भी कार्य किया है और पार्टी के लिए ईमानदारी से कार्य करते आ रहा हूं। जिला की कमान सौंपने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का धन्यवाद। जिले में भाजपा पहले से ही मजबूत है, अगर कहीं पर कोई वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता नाराज बैठे हैं, उनको भी एक साथ एक मंच पर खड़ा करना मेरी प्रथम प्राथमिकता रहेगी और सभी को साथ लेकर कार्य करूंगा।

**सवाल: आपकी नियुक्ति कहीं एससी/एसटी वोट बैंक को साधने की प्लानिंग तो नहीं?**

**जवाब:** भारतीय जनता पार्टी वर्ग को देखकर उनको जिम्मेदारी नहीं सौंपती है। यह पार्टी वरिष्ठता और एक सच्चे कार्यकर्ता की तालाश करती है। इसी के चलते यह जिम्मेदारी मुझे मिली है। जिले में पहली बार अनुसूचित जाति वर्ग को जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। नगर परिषद बिलासपुर के उपाध्यक्ष भी अनुसूचित जाति वर्ग से महिला है। जिले में दो बड़ी जिम्मेदारी भाजपा ने हमें सौंपी हैं। इससे साफ है कि पार्टी की एससी व एसटी वर्ग के वोट बैंक को साधने की कोई प्लानिंग नहीं है, यहां पर वरिष्ठता और कार्यकर्ता की मेहनत को अहमियत दी जाती है।

**सवाल: क्या भाजपा को प्रदेश सरकार का सहयोग मिल रहा है?**

**जवाब:** सरकार का सहयोग भाजपा को तो दूर, यहां पर आम जनता को मिलना मुश्किल हो रहा है। कांग्रेस सत्ता में आने के लिए कई झूठे वादे कर गई और धरातल पर इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। बिलासपुर जिले में चार विस क्षेत्रों में से तीन में भाजपा के विधायक हैं। बावजूद इसके यहां पर सरकार पिक एंड चूज की राजनीति कर रही है।



भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल से
विशेष बातचीत

**सवाल: क्या जेपी नड्डा समय-समय पर जिले की फीडबैक ले रहे हैं?**

**जवाब:** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा अभी हाल ही में जब बिलासपुर दौरे पर आए थे तो उनसे एक शिष्टाचार भेंट हुई थी। इस भेंट के दौरान उनसे आग्रह किया गया कि समय-समय पर वह अपना मार्गदर्शन देते हैं, ताकि जिला में पार्टी के कार्य को आगे बढ़ाया जाए और भाजपा को और मजबूत किया जाए।

**सवाल: घुमारवीं विस क्षेत्र की मजबूती के लिए क्या प्रयास होंगे?**

**जवाब:** घुमारवीं कमजोर नहीं है, बल्कि कुछ कमियां रही हैं, जिसके कारण घुमारवीं की सीट भाजपा नहीं जीत पाई। उन कमियों को दूर किया जा रहा है और यहां पर पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग स्वयं पूरी तरह से फील्ड में हैं और लोगों की आवाज उठा रहे हैं और सभी भाजपा के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चले हुए हैं।

**सवाल: जिले की कार्यसमिति को कब गठन करेंगे?**

**जवाब:** जिले में जल्द ही भाजपा की कार्यसमिति का गठन किया जाएगा। इसके लिए सारी तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस कार्यसमिति में हर वर्ग को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

### विक्रमादित्य ने फोरलेन पर निर्मित भाड-रंघाव टनल का किया निरीक्षण, कहा-

# लोगों के हितों की रक्षा करना सरकार का दायित्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कोटग़या पंचायत के अंतर्गत निर्माणाधीन भाड-रंघाव टनल का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग अथॉरिटी द्वारा शिमला के साथ लगते कैथलीघाट-शोघी-चमियाना-ढली तक फोरलेन का कार्य दो चरणों में आरंभ किया गया है जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि कैथलीघाट से ढली तक फोरलेन में दो टनलों का भी निर्माण किया जा रहा है।

उन्होंने स्पष्ट रूप से परियोजना अधिकारियों से कहा कि स्थानीय ग्रामीणों के हित सर्वोपरि है इसलिए सभी सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए तय समय अवधि के भीतर फोरलेन का कार्य पूर्ण किया जाए। फोरलेन निर्माण के दौरान इस क्षेत्र के गांव भाड, नैइ, चडाऊ, चड़ोली, कोठगया, याण, रंघाव, डमेची, पुजारली, दगाह, क्वालग, मझार, चलौंटी तथा चमियाना क्षेत्र की जितनी भी सड़कें खराब हुई है व प्राकृतिक पेयजल स्रोतों को नुकसान पहुंचा है या बिजली के खंभें क्षतिग्रस्त हुए है उन्हें शीघ्र अति शीघ्र ठीक किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि फोरलेन निर्माण से प्रभावित ग्रामीणों के हितों की रक्षा करना, खेत-खलियान एवं मकानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा दिलाना भी सरकार का दायित्व है।

#### क्षतिग्रस्त मकान के लिए मुआवजा देने दिए निर्देश

**विक्रमादित्य** सिंह ने कहा कि शिमला से रामपुर-किन्नौर तक का क्षेत्र भी सुरक्षा की दृष्टि से अति संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण है। इसलिए ढली से रामपुर बुशैहर तक फोरलेन पहुंचाने के लिए भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से आग्रह किया जाएगा। वहीं उन्होंने क्यारनाला गांव के केवल राम के क्षतिग्रस्त मकान के पुनर्निर्माण के लिए मुआवजा देने के भी दिए निर्देश। वहीं फोरलेन निर्माण कार्य में लगी कंपनी को तालमेल बिठाकर कार्य करने को कहा।

### राजस्व अधिकारियों को वाहन हो उपलब्ध : नारायण

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** हिमाचल प्रदेश राजस्व अधिकारी संघ ने तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को वाहन उपलब्ध करवाने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष एवं तहसीलदार जुन्गा नारायण सिंह वर्मा ने बताया कि फील्ड में राजस्व अधिकारियों को प्रशासनिक, न्यायिक, आपदा प्रबंधन और कानून व्यवस्था सहित बहुआयामी कार्यों का निर्वहन करना पड़ता है, परंतु वाहन की सुविधा न होने के कारण राजस्व अधिकारियों को बहुत कठिनाई से जूझना पड़ता है।

उन्होंने सरकार से मांग की है कि राजस्व अधिकारियों के लिए ई-टैक्सी की व्यवस्था की जाए और इस खर्च को ई-गवर्नेंस फंड से वहन किया जाए। इसके साथ ही संघ ने सरकार से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से वाहन उपलब्ध कराने की मांग की है। अध्यक्ष का कहना है कि राज्य के अनेक तहसील एवं उप-तहसीलों में कार्यरत तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को न तो कार्यालय भवन की उचित भवन उपलब्ध है और न ही सरकारी आवास की कोई व्यवस्था है।

### आजादी के 77 वर्ष बाद भी जुन्गा को नहीं मिला शहरी निकाय का दर्जा

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**



आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बावजूद रियासतकालीन शहर जुन्गा आजतक नगर पंचायत का दर्जा नहीं प्राप्त हो सका है जिस बारे इस शहर के लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है।

पूर्व भाजपा सरकार के कार्याकाल में नवंबर 2020 में पूर्व सीएम जयराम ठाकुर और पूर्व शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज जुन्गा के प्रवास के दौरान शहर को नगर पंचायत का दर्जा देने का आश्वासन दिया गया था जोकि आजतक पूरा नहीं हो सका है।

हालांकि शहर की आबादी करीब साढ़े तीन हजार के करीब है जिसमें तहसील, पुलिस बटालियन और राज्य स्तरीय फोरेंसिंक लैब सहित अन्य कार्यालय शामिल है। इसके बावजूद भी जुन्गा कस्बा को नगर पंचायत का दर्जा नहीं मिल पाया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि जुन्गा में जो भी विकास अब तक हुआ है वह केवल पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह की देन है। इनका कहना है कि जब क्योंथल रियासत का मुख्यालय जुन्गा हुआ करता था उस दौरान इस शहर में रौनक लगी रहा करती थी, परंतु वर्तमान में जुन्गा शहर की गलियां पूरे वर्ष सूनी नजर आती है ।

जुन्गा निवासी दुर्गा सिंह ठाकुर का कहना है कि पुराना जुन्गा के लिए बाईपास रोड न होने से भारी वाहनों को जुन्गा की तंग गलियों से गुजरना पड़ता है। इसी प्रकार सिविल अस्पताल जुन्गा में विभिन्न श्रेणियों के काफी पद रिक्त पड़े हैं। विशेषकर स्त्री रोग, हड्डी रोग और बाल रोग विशेषज्ञ न होने के कारण लोगों को शिमला जाना पड़ता है। तहसीलदार जुन्गा नरायण सिंह वर्मा ने बताया कि जुन्गा शहर को नगर पंचायत का दर्जा देने के लिए लोगों की ओर से अभी कोई प्रस्ताव नहीं आया है ।

# हंबोट के विकास के लिए एक करोड़ रुपए की योजनाएं की स्वीकृत : राजेश धर्माणी

## मंत्री ने हंबोट के गांव बागेटू, हंबोट, सौंखर और बनी पंडिता में सुनीं जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल सरकार में नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत हंबोट के गांव बागेटू, हंबोट, सौंखर तथा बनी पंडिता में जनसमस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण विकास है और ग्रामीण क्षेत्र के विकास से ही हिमाचल का विकास संभव है।

उन्होंने कहा कि इसी क्रम में हंबोट पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में एक करोड़ रुपए की विकास योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान नंद लाल, पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



#### बागेटू में दूर होगी कम वोल्टेज की समस्या

**गांव** बागेटू में कम वोल्टेज की समस्या से लोगों को राहत देने के लिए 63 केवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित किया जा रहा है, जिस पर 13.94 लाख रुपए की लागत आ रही है। यह कार्य प्रगति पर है और जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

#### हंबोटा में हो रहा ओवरहेड टैंक का निर्माण

**गांव** हंबोट में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ओवरहेड टैंक का निर्माण किया जा रहा है, जिस पर 9.50 लाख रुपए खर्च हो रहे हैं। बागेटू से हंबोट तक समांतर पाइपलाइन बिछाने के लिए 3.75 लाख रुपए खर्च किए गए हैं, जबकि गांव हंबोट में पाइपलाइन विस्तार हेतु 1.50 लाख रुपए की धनराशि व्यय की गई है। इसके अलावा, कोट, देहरा और हटवाड़ में बाढ़ नियंत्रण के लिए 24.50 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

#### सौंखर तक संपर्क मार्ग के लिए 9 लाख व्यय

**ग्रामीण** क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाने के लिए सड़क निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया है। सौंखर गांव तक संपर्क मार्ग के लिए 9 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। हरिजन बस्ती बागेटू तक लिंक रोड के लिए 5 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, वहीं सुरक्षा दीवार के निर्माण पर 1.25 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, लदरौर-हटवाड़-जाहू रोड पर विंग वॉल और कल्वर्ट की मरम्मत के लिए 5 लाख रुपए की राशि तय की गई है।

#### गांवों में लगाए जाएंगे नए प्रोजेक्ट्स

**मंत्री** राजेश धर्माणी ने कहा कि हिमाचल सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे भी गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए नए प्रोजेक्ट्स लाए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके।

### एनीमिया से बचाव के लिए संतुलित आहार आवश्यक : डॉ . परविंदर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. परविंदर सिंह ने एनीमिया रोग की गंभीरता को रेखांकित करते हुए लोगों से संतुलित आहार और आवश्यक पोषण को अपनाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि एनीमिया, शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी के कारण होता है, जिससे रक्त में ऑक्सीजन की मात्रा घट जाती है। यह समस्या विशेष रूप से महिलाओं, गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और बच्चों में अधिक देखी जाती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार हीमोग्लोबिन की कमी का प्रमुख कारण आयरन की अपर्याप्त मात्रा वाला आहार है। महिलाओं में मासिक धर्म और गर्भावस्था के दौरान इस रोग की संभावना अधिक होती है। बुजुर्गों और कमजोर लोगों में भी यह समस्या देखी जाती है, जिससे वजन में गिरावट, थकान और शारीरिक कमजोरी हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि एनीमिया की रोकथाम के लिए संतुलित आहार आवश्यक है। इसमें आयरन युक्त खाद्य पदार्थ जैसे-पत्तेदार हरी सब्जियां, चुकंदर, टमाटर, संतरें, नींबू और गुड़ को भोजन में शामिल करना चाहिए। इसके अलावा हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने के लिए गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को आयरन और फोलिक एसिड की गोलियां नियमित रूप से लेनी चाहिए।

### कमल देव प्रधान, रतन लाल चुने वरिष्ठ उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन बस्सी इकाई की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर तीन वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें कमल देव कौशल को प्रधान, रतन लाल को वरिष्ठ उप प्रधान, बखतावार सिंह को उप प्रधान, खुशी राम को सचिव, कुलवंत राय पाठक को वित्त सचिव, मुरारी दास को मुख्य सलाहकार, हरी राम को संगठन सचिव बनाया गया है।

## छात्रों ने झंडूता स्कूल परिसर में उगाए 120 किलो आलू

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता स्कूल में कृषि विषय के विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर में 120 किलोग्राम आलू की पैदावार की है। जैविक विधि से उगाई जा रही इन सब्जियों का इस्तेमाल मिड-डे मील में किया जा रहा है। विद्यार्थियों ने कृषि विषय की बारीकियां को समझते हुए नवंबर में आलू की बुआई की थी। उसके बाद निरंतर सिंचाई, निराई, गुड़ाई और गोबर की खाद से इसको जैविक विधि से तैयार किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने खूब मेहनत की और अन्य अध्यापकों का भी सहयोग मिलता रहा। आलू की फसल को फरवरी में निकाला गया। सब की मेहनत रंग लाई और आलू की 120 किलोग्राम पैदावार हुई। कृषि विषय के अध्यापक साजन अत्री ने बताया कि बच्चों में किताबी ज्ञान के साथ-साथ प्रयोगात्मक ज्ञान होना भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पिछले साल भी 170 किलोग्राम आलू स्कूल परिसर में उगाए गए थे। इस बार आलू के साथ-साथ मशरूम का भी उत्पादन बच्चों के द्वारा किया जा रहा है, जिसमें 40 बैग ढिंगरी मशरूम और 10 बैग बटन मशरूम के लगाए गए हैं, जो कि अभी फसल दे रहे हैं।

**पिछले साल 170 किलो आलू का किया था उत्पादन**

उन्होंने बताया कि स्कूल परिसर में उगाई गई सब्जियों की खेती में रासायनिक खाद का इस्तेमाल नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्य को करने के लिए प्रधानाचार्य पवन संख्यान ने बहुत सहयोग किया और उनके मार्गदर्शन में ही यह सब संभव हो पाया है।

**मीटिंग**

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में डीसी आबिद हुसैन सादिक बोले-

# नीति निर्माण में अहम भूमिका निभाएगी आर्थिक गणना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जिला स्तरीय समन्वय समिति के सदस्यों के साथ आगामी आर्थिक गणना को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने की। बैठक में ललित कुमार, जिला सांख्यिकी अधिकारी, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त ने आर्थिक गणना के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह गणना राज्य स्तर के साथ-साथ जिला स्तर पर भी की जाएगी। इस गणना के माध्यम से जिले में मौजूद गैर कृषि क्षेत्र से संबंधित आर्थिक गतिविधियों का व्यापक आकलन किया जाएगा। जिले में संचालित छोटे-बड़े उद्योगों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और अन्य व्यावसायिक संस्थाओं की विस्तृत जानकारी इस गणना के अंतर्गत एकत्रित की जाएगी। इस डेटा का उपयोग भविष्य में नीति निर्धारण, सामाजिक विकास और रोजगार सृजन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए किया जाएगा।



#### आर्थिक गणना के कार्यान्वयन की रूपरेखा

**जिला** सांख्यिकी अधिकारी ने आर्थिक गणना की प्रक्रिया और इसके क्रियान्वयन की रूपरेखा पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस गणना को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। गणना कार्य अप्रैल 2025 से प्रारंभ होगा और इस वर्ष के अंत तक इसके परिणाम आने की संभावना है। इस गणना के अंतर्गत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गैर-कृषि क्षेत्र की सभी आर्थिक इकाइयों को शामिल किया जाएगा। यह कार्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और आशा वर्कर्स के सहयोग से संपन्न किया जाएगा, जिससे डाटा संग्रहण को अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाया जा सके।

#### आंकड़े नीति निर्माण में निभाएंगे अहम भूमिका

**आर्थिक** गणना के आंकड़े सरकार को विभिन्न योजनाओं को तैयार करने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता प्रदान करेंगे। इस गणना के माध्यम से जिले की औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों की सही तस्वीर सामने आएगी, जिससे स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन के नए अवसर विकसित करने और सामाजिक-आर्थिक योजनाओं को मजबूती प्रदान करने में सहायता मिलेगी। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आर्थिक गणना के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने में अपना पूर्ण सहयोग दें, ताकि जिले में शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह गणना न केवल सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक होगी, बल्कि जिले की आर्थिक गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### आर्थिक जनगणना का कार्य अप्रैल माह से होगा शुरू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिला शिमला में आर्थिक जनगणना 2025-26 को लेकर विशेष बैठक का आयोजन उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में किया गया। उपायुक्त ने बताया कि आर्थिक जनगणना 2025-26 का कार्य अप्रैल माह से शुरू हो जाएगा और आर्थिक जनगणना की यह 8वीं रिपोर्ट होगी। अनुपम कश्यप ने जानकारी देते हुए कहा कि राज्य स्तरीय समिति की ओर से जारी दिशा निर्देशानुसार जिला में भी जनगणना कार्य किया जाएगा। इस जनगणना से मिली जानकारी का इस्तेमाल राज्य और जिला स्तर पर सामाजिक-आर्थिक विकास योजना के लिए किया जाता है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने साल 2019 में 7वीं आर्थिक जनगणना का आयोजन किया था। इस जनगणना में घरेलू उत्पादों समेत सभी प्रतिष्ठानों को शामिल किया जाएगा। इस जनगणना में डेटा कैप्चर, सत्यापन, रिपोर्ट निर्माण, और प्रसार के लिए एक आईटी आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया जाएगा। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि अप्रैल माह के अंत तक आर्थिक जनगणना 2025-26 के लिए एन्यूमेरेटर और सुपरवाईजर की तैनाती कर दी जाएगी। इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा वर्कर एन्यूमेरेटर के तौर पर कार्य करेंगे जबकि पटवारी, पंचायत सचिव और पंचायत सहायक सुपरवाईजर के तौर पर तैनात होंगे। इस जनगणना में सारा डाटा मोबाइल एप के माध्यम से एकत्रित किया जाएगा। जिला स्तर पर चार मास्टर प्रशिक्षक और खंड स्तर पर दो मास्टर प्रशिक्षक तैनात होंगे।

### घणाहट्टी में 160 महिलाओं को दिया सिलाई प्रशिक्षण



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हेल्पिंगहैन्ड संस्था, टाटा पावर लिमिटेड, ऊषा इंटरनेशनल के सहयोग से घणाहट्टी में 160 महिलाओं को दिया जा रहा सिलाई प्रशिक्षण। घणाहट्टी 14 फरवरी 2025 एक सराहनीय पहल में हेल्पिंगहैन्ड टाटा पावर लिमिटेड और ऊषा इंटरनेशनल द्वारा आयोजित सिलाई प्रशिक्षण में 160 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है जिसका समापन 19 फरवरी 2025 को होगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 दिसंबर 2024 से शुरू हुआ है इस प्रशिक्षण में 6 बैच में 160 महिलाओं को प्रशिक्षण के साथ साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए सिलाई मशीन भी दी जा रही हैं जिस से यह महिलाएं घर पर बैठ कर सिलाई को अपना आजीविका का स्त्रोत बनाएंगी। इस प्रशिक्षण में लगभग टूटू ब्लाक के सभी गांव की कवर किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं ने इस कार्यक्रम के लिए आयोजकों और प्रयोजकों का आभार व्यक्त किया।

### राज्यपाल ने क्रिएटर्ज एंड बिजनेस एक्सिलेंस अवार्ड किए प्रदान

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने 2025-क्रिएटर्ज एंड बिजनेस एक्सिलेंस अवार्डस की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम का आयोजन केज ब्रेन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया, जिसमें व्यवसाय व रचनात्मक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए केज ब्रेन प्राइवेट लिमिटेड को बधाई देते हुए कहा कि आज का युग नवाचार और रचनात्मकता पर आधारित है। उन्होंने भारत की आर्थिक प्रगति में व्यवसायों और क्रिएटर्ज की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि जहां एक ओर हमारे देश व युवा उद्यमी स्टार्ट-अप के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दे रहे हैं, वहीं हमारे क्रिएटर्ज भारतीय कला, संस्कृति और आधुनिक तकनीक को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत कर देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। लंदन स्किल्ड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व निदेशक प्रो. पारिन सोमानी, इंडो-कनेडा चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष नरेश गुप्ता, केयर टेकर्ज एक्सटिरियर एंड इंटीरियर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मुस्तफा यूसुफ अली गोम, केज ब्रेन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विश्वानन्द श्रीवास्तव भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### उपायुक्त ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, शिमला।** दिल्ली के केडी जाधव इंडोर स्टेडियम में 1 फरवरी से 5 फरवरी 2025 तक आयोजित चौथी खेलो इंडिया ओपन इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट में जिला शिमला के चिढ़गांव क्षेत्र की दो बेटियों ने स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद शुक्रवार को उपायुक्त अनुपम कश्यप से भेंट की। उपायुक्त ने इस मौके पर सनिका लस्टवान और दीक्षिता शिलात को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहने के लिए खेलों को अपने जीवन को अहम हिस्सा बनाना जरूरी है। खेलों से जहां शरीर स्वस्थ रहता है वहीं रोजगार के अवसर भी प्राप्त होते हैं। राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय स्तर की खेलों के लिए प्रदेश सरकार की ओर से कई योजनाएं चलाई गई है। सनिका लस्टवान सुपुत्री श्मशेर सिंह गांव संधारी डाकघर खाबल तहसील चिढ़गांव ने लो किक माइनस 56 किलोग्राम की श्रेणी में स्वर्ण पदक हासिल किया है। सनिका का फाइनल मैच नेपाल के खिलाड़ी के साथ खेला गया। वहीं दीक्षिता शिलात सुपुत्री सुकेश राम चौहान गांव डिसवानी डाकघर कलोटी तह चिढ़गांव ने गाला किक बाक्सिंग माइनस 60 किलोग्राम श्रेणी में स्वर्ण पदक हासिल किया है। 2018 से किक बॉक्सिंग कर रही है। 2019 में सीनियर नेशनल में दीक्षिता ने स्वर्ण पदक हासिल किया था। 2022 में फिर से सीनियर नेशनल में खेली और सिल्वर मैडल हासिल किया। 2023 खेलों इंडिया में स्वर्ण पदक और 2025 में भारत की पहली ऐसी खिलाड़ी बनी हैं जोकि किक बाक्सिंग की गाला फाईट में बेल्ट हासिल कर सकी। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और कोच वीरेंद्र जगिशता को दिया है।

कुलदीप पठानिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन समोट का किया शिलान्यास, कहा-

# भटियात में कृषि और उद्यान के खुलेंगे अनुसंधान केंद्र

**अनंत ज्ञान, चंबा ( समोट )**



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत समोट कस्बे में 50 बिस्तरों की क्षमता युक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शिलान्यास किया।

कुलदीप सिंह पठानिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समोट के परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण कार्यों पर लगभग 21 करोड़ की राशि व्यय होगी तथा 18 माह की समय सीमा निर्माण कार्यों के लिए निर्धारित की गई है।

साथ में उन्होंने कहा कि जल्द इस संस्थान को एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के रूप में अधिसूचित किया जाएगा। संस्थान में विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों की उपलब्धता को सुनिश्चित बनाने तथा चिकित्सा अधिकारियों के स्वीकृत पदों की संख्या को भी जल्द बढ़ाया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने लोगों को संस्थान में सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने का आश्वासन देते हुए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांच मशीनरी-उपकरणों को स्थापित करने का भी भरोसा दिया। कुलदीप सिंह पठानिया ने अपने संबोधन में विधानसभा क्षेत्र में जारी विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि समोट कस्बे तथा आसपास के क्षेत्रों के लिए जल शक्ति विभाग द्वारा पेयजल आपूर्ति एवं सिंचाई तथा मल निकासी योजनाओं पर लगभग 68 करोड़ की धनराशि व्यय करने का प्रावधान रखा गया है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भटियात क्षेत्र में दो तरह की एग्रो क्लाइमेटिक परिस्थितियों के अनुरूप किसानों-बागबानों की आर्थिकी को सशक्त बनाने के लिए कृषि तथा उद्यान के अनुसंधान केंद्र खोले जाना प्रस्तावित हैं। उन्होंने इस क्षेत्र के पारंपरिक जैविक कृषि उत्पाद लाल चावल, मक्की इत्यादि फसलों से जुड़े किसानों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाने का भरोसा अपने संबोधन में दिया।

कुलदीप सिंह पठानिया ने स्थानीय युवाओं के कौशल विकास को लेकर व्यवसायिक पाठ्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय स्तर की सुविधा तथा विदेशों में बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी के बेहतरीन अवसर उपलब्ध करवाने की भी बात कही। उन्होंने इस दौरान लोगों की समस्याओं को भी सुना और अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया। पठानिया को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन ठाकुर ने सम्मानित किया।

### भराड़ी-कुरला संपर्क मार्ग का किया शिलान्यास

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज भराड़ी-कुरला संपर्क मार्ग का शिलान्यास किया। कुलदीप सिंह पठानिया ने इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लगभग एक करोड़ की राशि से निर्मित होने वाले भराड़ी-कुरला संपर्क मार्ग से इस इलाके के पांच गांव के लोगों को सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भराड़ी- कुरला संपर्क मार्ग को चयूल और साथ लगते गांवों तक विस्तार दिया जाएगा। उन्होंने विस्तार के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सर्वेक्षण का कार्य शुरू करने के भी निर्देश। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि टुंडी तथा बनेट इत्यादि गांवों में सुचारू पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुनिश्चित बनाने के लिए एक करोड़ 50 लाख की धन राशि का प्रावधान रखा गया है। वहीं उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा रखी गई मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

# नशे पर जानकारी देने पर दिया जाएगा इनाम : डॉ. हंसराज



कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, चुराह/चंबा**

संघर्ष इंस्टिच्यूट के तत्वावधान में आज चुराह मंच पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और समाज में फैल रहे नशे के खिलाफ जनजागरण किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. हंसराज ने नशे के खिलाफ एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति चिट्टे (ड्रग्स) के संबंध में पुख्ता जानकारी देगा, जिससे दोषियों पर कार्रवाई हो सके, उसे 51,000 का इनाम दिया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में आम जनता की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है और इसके उन्मूलन के लिए कठोर कदम उठाए जाएंगे।

कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और स्थानीय लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे। शुरुआत शहीदों की स्मृति में दो मिनट के मौन से की

### पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि

गई, जिसके पश्चात वक्ताओं ने राष्ट्रभक्ति, युवाओं की जिम्मेदारी और नशा मुक्त समाज की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए।

संघर्ष इंस्टिट्यूट के प्रमुख प्रेम शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के प्रत्येक नागरिक को आगे आकर युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए प्रयास करने होंगे। उन्होंने इस जागरूकता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया और सभी से इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील की। इस आयोजन के संयोजक सीडी राणा और मुकेश कुमार रहे। कार्यक्रम में नशा मुक्त समाज-स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य का संदेश देते हुए एक विशाल जनजागरण रैली भी निकाली गई। संघर्ष इंस्टिट्यूट ने इस मुहिम को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया और सहयोग करने की अपील की।

# पंचायतों में चल रही लूट का आखिर जिम्मेदार कौन?: सोनू

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



आम आदमी पार्टी के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने कहा कि आज सभी विधानसभा क्षेत्रों की ज्यादातर पंचायतों में बहुत से भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं।

जिला चंबा पिछड़ा जिला की श्रेणी में शुमार है और पिछड़ा जिला में जनप्रतिनिधियों द्वारा भोली भाली जनता से विकास के नाम पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना कहीं ना कहीं प्रशासन पर भी की तरह के सवाल या निशान लगता है कहीं प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की मिली भगत से इस भ्रष्टाचार को अंजाम तो नहीं दिया जाता यह उच्च स्तरीय जांच का विषय है अब सवाल यह उठता है कि आखिर किसकी आड़ में एक ग्राम पंचायत प्रधान इतने बड़े बड़े घोटाले कर रहा है ? सोनू ने कहा कि मान लेते है की जनता चुप थी पर अधिकारियों की निगरानी में ऐसा कैसे हो रहा है ये जिले के लिए चिंता का विषय है? (अनंत ज्ञान)

# यौन उत्पीड़न करना एक कानूनी अपराध : किरण

**अनंत ज्ञान, चंबा**



ज़िला विदिक सेवाऐं प्राधिकरण के सौजन्य से आज मेडिकल कॉलेज चंबा के सभागार में एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम, 2013 की विस्तृत जानकारी उपस्थित महिलाओं को दी।

शिविर में अधिवक्ता किरण सिंह ने महिलाओं को जानकारी देते हुए बताया कि कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न करना एक कानूनी अपराध है जिस पर महिलाएं कानून के तहत अपनी आवाज उठा सकती है। उन्होंने कहा कि महिला अपनी शिकायत लिखित रूप में विधिक सेवाएं प्राधिकरण को दे सकती है और निशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकती है। उन्होंने कहा कि अगर किसी कारणवश पीड़ित लिखित रूप में शिकायत नहीं कर पाती है तो समिति के सदस्य के माध्यम से लिखित शिकायत दर्ज करवा सकती है। उन्होंने नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा नालसा और राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान से चलाए गए कार्यक्रम विधान से समाधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

शिविर में अधिवक्ता नवीन सिंह ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम, 2013 के तहत विभिन्न कानून की जानकारी दी। उन्होंने घरेलू हिंसा अधिनियम,सूचना का अधिकार अधिनियम-2005, मौलिक अधिकार, अधिनियम,उपभोक्ता संरक्षण,सूचना का अधिकार, शिक्षा के अधिकार अधिनियम, वूमेन हेल्पलाइन नंबर व महिलाओं से जुड़े विभिन्न अधिकारों और कर्तव्य के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम में सुपरवाइजर सीमा महिला एवं बाल विकास ने दहेज उत्पीडन, घरेलू हिंसा, छेडखानी, जैसी जानकारी दी गई।

# लोगों में नशे के दुष्प्रभावों के खिलाफ बढ़ाई जाए जागरूकता : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा**



उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन आज उपायुक्त कार्यलय के सम्मेलन कक्ष में किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुकेश रेपसवाल ने ज़िला में मादक पदार्थों और नशीली दवाइयों की प्रभावी रोकथाम को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को मादक पदार्थों और नशीली दवाइयों के दुष्प्रभावों की जानकारी और जागरूकता बढ़ाने को लेकर निर्देशित किया। साथ में उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि केमिस्ट की दुकानों पर बिकने वाली विशेष श्रेणी की दवाइयों की जानकारी प्रति माह उपलब्ध करवाई जाए।

उपायुक्त ने विशेष कर सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जिला के सभी शिक्षण संस्थानों में जागरूकता गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि जिला चंबा के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक का आयोजन कर स्कूलों में बच्चों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा जाये साथ में उन्होंने कोटपा अधिनियम के तहत भी आवश्यक कार्रवाई को निर्देशित किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि मादक पदार्थों की बिक्री एवं उपयोग पर प्रभावी रोकथाम लगाने के लिए विभाग तत्परता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित बना रहा है।

बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा उपायुक्त राज्य कर व आबकारी नूतन महाजन, डॉ. हरित पुरी सहित आदि मौजूद थे।

# चंबा के अपर धरोड़ मोहल्ला के रास्ते की दुर्दशा खराब, लोग हो रहे परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा**



रास्ते में बिखरा हुआ कुड़ा जिससे राहगीरों को परेशानी पेश आ रही है।

चंबा के अपर धरोड़ मोहल्ला से एसपी कार्यालय, चंबा तक जाने वाला पैदल मार्ग, जो आम जनता के लिए एक सुगम शॉर्टकट था, आज गंदगी और दुर्व्यवहार का शिकार हो चुका है। लोगों द्वारा कूड़ेदान की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है और खुले में शौच एवं पेशाब की घटनाओं ने इसे बदबूदार और अस्वच्छ बना दिया है।

स्थानीय निवासी और राहगीर इस समस्या से बेहद परेशान हैं। गंदगी और दुर्गंध के कारण इस मार्ग पर चलना मुश्किल हो गया है, जिससे न केवल शहर की स्वच्छता प्रभावित हो रही है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी गंभीर खतरे भी उत्पन्न हो रहे हैं। नगर परिषद को तत्काल कदम उठाने की जरूरत है ताकि, मार्ग की सफाई सुनिश्चित की जाए, नियमित कू ड़ा प्रबंधन हो और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, कूड़ेदान की उचित व्यवस्था और स्वच्छता को बनाए रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएं। 'स्वच्छ चंबा, सुंदर चंबा' की दिशा में यह कदम अत्यंत आवश्यक है ताकि इस महत्वपूर्ण मार्ग को फिर से उपयोगी और सुगम बनाया जा सके।

### सूडोकु नवताल- 7342 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7341 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

15 फरवरी, 2025, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** माघ, **तिथि** तृतीया (11:55): **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी (01:40), **पक्ष :** कृष्ण, **योग :** सुकर्मा (07:32) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:13-12:57), **राहुकाल** (09:47 -11:11)।

**विशेष दिन**

- 15 फरवरी : मोधेश्वरी माता का प्राकट्य दिवस आज।
- 15 फरवरी : संत गाडगे महाराज की जयंती आज।

**मेष:** सभी तनावों को भूलकर प्रसन्न रहने की कोशिश करें। कोई बड़ा खर्च होने की आशंका है। कार्यस्थल पर व्यस्तता रहेगी।

**वृषभ:** कार्यक्षमता में वृध्दि होगी। भय, पीड़ा, चिंता तथा तनाव रहेंगे। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धनलाभ होगा।

**मिथुन:** गलतियों के नजरअंदाज न करें, व्यावसायिक नई योजना बनेगी। कार्यपद्धति में सुधार से लाभ बढ़ेगा। घर-बाहर दोनों जगह पूछ-परख रहेगी।

**कर्क:** कारोबार में मंदी की वजह से परेशान रहेंगे। शत्रु सक्रिय रहेंगे। थकान रहेगी। धार्मिक आस्था में वृद्धि होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**सिंह :** हानि से बचें। परिवार में चिंता तथा तनाव रहेंगे। कार्यस्थल पर विवाद से बचें। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें।

**कन्या :** आपकी वाक्शैली से लोग प्रभावित होंगे। माता से अकारण वाक् युद्ध होगा। यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**तुला:** पिता के साथ किसी जरूरी विषय पर चर्चा होगी। पुराना धन मिल सकता है। रुके कार्य पूर्ण होंगे। संतान के विवाह संबंधित समस्या रहेगी।

**वृश्चिक:** किसी की सुनि सुनाई बातों पर ध्यान ना दें। दोस्तों के साथ मन-मुटाव होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**धनु :** वाणी पर नियंत्रण रखें, नहीं तो बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। कार्य की अधिकता से निजी कार्य प्रभावित होंगे।

**मकर :** होशियारी भी नुकसान देती है। कार्यस्थल पर किसी अधिकारी से संबंधों में मजबूती आयेगी। विवाह के लिए किये प्रयास सफल होंगे।

**कुंभ :** आत्मसम्मान बढ़ेगा। शत्रु परास्त होंगे। आप के अपने आपके विरुद्ध षड्यंत्र रचेंगे। विवाद से बचें, बच्चों के विवाह की चिंता रहेगी।

**मीन :** अपने व्यवहार से सभी अधिकारियों का दिल जित लेंगे। जीवनसाथी की चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

# निशुल्क डेंटल कैंप में 150 बच्चों के जांचे दांत

**उमेश, सुंदरनगर**




हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर ने क्षेत्र के एक निजी स्कूल में शुक्रवार को निशुल्क डेंटल कैंप का आयोजन किया।

कार्यक्रम के तहत स्कूल के 150 छात्रों के दांतों की जांच की गई। स्कूल के सभी छात्रों को अपनी मौखिक सेहत बनाएं रखने के लिए सही तरीके से ब्रश व फ्लॉस करने का तरीका बताया गया तथा मौखिक सेहत के बारे में जारूक करने के लिए कई ज्ञानवर्धक खेल भी खेले गए। यह शिविर कॉलेज के निदेशक डॉ. अनिल सिंगला व डॉ. विकास जिंदल तथा प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह के नेतृत्व में किया गया। दंत कित्सकों की टीम में डॉ. साहिल ठाकर, डॉ. प्रिशिता विज, डॉ. संजय, डॉ. पूजन शर्मा, डॉ. पेमा, डॉ. पल्लवी, डॉ. सृष्टि अबरोल, डॉ. यतिषा, डॉ. विदुषी वर्मा, डॉ. शिफा, द्रोपदी और सेवक राम शामिल रहे। स्कूल की ओर से चेयरमैन मोहन चौधरी, प्रधानाचार्य पूजा शर्मा , फैकल्टी कोऑर्डिनेटर जसविंदर कौर, सुमन, इशानी शर्मा तथा वालंटियर हिमांशु और शगुन का अहम योगदान रहा।( अनंत ज्ञान)

# नई होम स्टे नीति पर होम स्टे संचालकों ने जताई आपत्तियां

**अनंत ज्ञान, चंबा**

प्रदेश में नई होम स्टे नीति होम स्टे संचालकों के लिए गले का फांस बनती नजर आ रही है। नतीजतन, नई होम स्टे नीति को लेकर विरोध उठना आरंभ हो गया है।

नई होम स्टे नीति के अनुसार अब होम स्टे का ग्रामीण क्षेत्रों में पंजीकरण करवाने के लिए प्रति वर्ष करीब छह हजार रुपए खर्च करने पड़ेंगे। जबकि, इससे पूर्व होम स्टे संचालकों को महज 100 रुपए की पंजीकरण फीस तीन वर्षों के लिए देनी पड़ती थी। वर्तमान नीति के अनुसार छह हजार रुपए पंजीकरण के मुताबिक तीन वर्षों में संचालकों को 18 हजार रुपए तक पंजीकरण के लिए खर्च करने पड़ेंगे।

वहीं, साडा श्रेणी में आठ हजार व अर्बन श्रेणी में यह 12 हजार रुपए है। हिमाचल प्रदेश की नई होम स्टे नीति को लेकर जिला चंबा के होम स्टे संचालकों ने आपत्तियां जताई हैं।

**हैरत**

उच्च शिक्षा विभाग ने पब्लिक लाइब्रेरियों को संचालित करने के दिए निर्देश

# जिले के किसी भी विद्यालय में नहीं लाइब्रेरियन

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

एक ओर जहां जिला प्रशासन उप मंडल स्तर व अन्य स्थानों पर पुस्तकालय खोलने के लिए प्रयासरत है वहीं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जिला के सभी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में संचालित हो रही पब्लिक लाइब्रेरियों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं।

हैरानी का विषय यह है कि जिला के लगभग साढ़े तीन सौ में से किसी भी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लाइब्रेरियन तैनात नहीं हैं। अब इन निर्देशों का पालन कैसे होगा यह अपने आप में ही एक यक्ष प्रश्न है। विभाग के उपनिदेशक कार्यालय की ओर से सभी प्रधानाचार्यों को हिदायत दी गई है कि स्कूल वर्किंग आवर्स के बाद तीन से पांच बजे तक पब्लिक लाइब्रेरी आम लोगों के लिए उपलब्ध होनी चाहिए। पब्लिक लाइब्रेरी में आम लोगों के उपयोग के समय में एक चपरासी तैनात रखने, पुस्तकालय प्रभारी को आगंतुक रजिस्टर बनाने का भी निर्देश दिया गया है। विद्यालयों के मुखियाओं को यह निर्देश भी दिया गया है कि यदि वे पब्लिक लाइब्रेरी को अवकाश वाले दिन भी खुला रखना चाहते हैं तो यह समय सारणी भी सूचना पथ पर स्पष्ट रूप से दर्शाई जाए। इसके अलावा पब्लिक लाईब्रेरीज़ से संबंधित सभी रिकॉर्ड सही तरीके से रखने के निर्देश के साथ मांगे जाने पर प्रस्तुत करने को कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि जिला में शिक्षा विभाग द्वारा पब्लिक के लिए एक एक राजकीय जिला पुस्तकालय मंडी, राजकीय तहसील पुस्तकालय सरकाघाट और एक सामुदायिक केंद्र पुस्तकालय चौंतड़ा में संचालित किया जा रहे हैं। जबकि जिला भर में 142 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के पुस्तकालयों को भी पब्लिक लाइब्रेरी घोषित कर उसमें पुस्तकें प्रदान की जाती हैं। यही नहीं पब्लिक लाइब्रेरी की सेवाएं देने को कहा गया है लेकिन जिला, तहसील व कम्युनिटी सेंटर लाइब्रेरी को छोड़कर बाकी जगह लाइब्रेरियन तैनात नहीं है ऐसे में यहां पाठकों के लिए सुविधा केवल शून्य ही हैं।( अनंत ज्ञान)

# शहीद जवानों को किया याद

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई चंबा के कार्यकर्ताओं ने इस पावन अवसर पर भारतीय सेना के साथ मिलकर 1 मिनट का मौन संकल्प लिया और जोरदार नारों के साथ शहीद जवानों को याद किया।

अर्पित ने बताया कि वीर जवान देश की सेवा में यूनीस्वार्थ भाव से जुड़े हुए हैं और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर हर युवा को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।

हम अहिंसा में विश्वास रखते हैं और यह चाहते हैं कि विश्व के संघर्षों का समाधान शांति और समझौते के मार्ग से हो। -अटल बिहारी वाजपेयी

## संपादकीय

# भारत-अमेरिका संबंध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंधों में और घनिष्ठता आई है। पीएम का यह दौरा कई मायनों में महत्वपूर्ण और निश्चित रूप से भारत के लिए मील का पत्थर साबित होगा। ट्रंप ने दूसरी बात सत्ता संभालने के बाद से 'अमेरिका फर्स्ट' अभियान चलाया है, लेकिन भारत के लिए उन्होंने जो दरियादिली दिखाई वो बेहद खास है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ पीएम मोदी की उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता में मुख्य रूप से व्यापार और रक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही सुरक्षा, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी सहित कई अहम चीजों को भी तवज्जो देने से दोनों देशों में विकास के नए अध्याय की शुरुआत होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी की लाजवाब मेजबानी की। यह बैठक इसलिए भी खास रही, क्योंकि यह ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की पहली द्विपक्षीय वार्ता थी। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए, जिसका आने वाले समय में काफी असर दिखने की संभावना है।

इस यात्रा के दौरान हुई बैठकों में रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा से कई जटिल समस्याओं का हल भी निकलेगा। भारत और अमेरिका ने अत्याधुनिक तकनीक के क्षेत्रों में अपने सहयोग को व्यापक करने का निर्णय लिया, जिससे आने वाले समय में दोनों देशों को कई लाभ होंगे। अमेरिका ने भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को खत्म करने के लिए मध्यस्थता की पेशकश भी की है। चीन अक्सर भारत की सरजमीं पर कई जगह अपना हक जताता रहता है, जिस कारण दोनों देशों में काफी तनाव बना रहता है। यदि अमेरिका इस मामले में मध्यस्थता करेगा तो निःसंदेह शांति की नई बयार चल पड़ेगी और दोनों देश विकास के पथ पर अग्रसर होंगे। ट्रंप की ओर से भारत और चीन के बीच सीमा पर जारी झड़पों को काफी हिंसक बताना इस बात का द्योतक है कि अमेरिका वाकई भारत और चीन के बीच रिश्तों को मधुर बनाना चाहता है। वैसे भी किसी जटिल मसले का हल अंततः द्विपक्षीय वार्ता से ही निकलता है। ट्रंप का यह कहना कि अमेरिका और रूस जैसे बड़े देशों को भी साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि दुनिया में शांति बनी रहे, के भी कई मायने हैं।

यानी ट्रंप पूरे विश्व में शांति स्थापित करने के हिमायती हैं। शांति का रास्ता सबसे अच्छा मार्ग होता है, क्योंकि अगर सीमाओं पर शांति बरकरार रहेगी तो सभी देश अपने देश के विकास पर ध्यान लगाएंगे और बेवजह हथियारों की खरीद से भी बचे रहेंगे। ट्रंप तो भारत और पाकिस्तान के मध्य भी संबंधों को सुधारना चाहते हैं। यही वजह है उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की पेशकश की थी, लेकिन तब हालात इतने नाजुक हो गए थे कि भारत ने इस पेशकश को तुरंत ठुकरा दिया था। अब यह देखना बाकी है कि ट्रंप भारत-चीन विवाद में अपनी मध्यस्थता की पेशकश को कितनी गंभीरता से आगे बढ़ाएंगे। भारत और अमेरिका के आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए नई योजनाएं बनाई गई हैं, जिससे दोनों देशों की दोस्ती और साझेदारी और गहरी होगी। दरअसल, यह सब भारत की बेहतरीन विदेश नीति और कूटनीति का ही परिणाम है कि आज अमेरिका जैसा शक्तिशाली देश भी भारत से मित्रता करना चाहता है।

कभी एक वक्त ऐसा भी था जब अमेरिका का झुकाव पाकिस्तान की ओर होता था, लेकिन अब भारत की पुख्ता विदेश नीति से जहां एक ओर देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा हो रही है तो वहीं अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के वातावरण में भारत अपने लक्ष्यों को भी तेजी से प्राप्त कर रहा है। भारत की यह नीति दूसरे देशों के साथ आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक तथा सैन्य विषयों पर पालन की जाने वाली नीतियों का एक नायाब नमूना है। देश की राजनीतिक स्वतंत्रता की रक्षा और इसकी बाहरी सुरक्षा को बढ़ावा देने से बहुत सारी चीजें पटरी पर आ सकती हैं। भारत विश्व शांति को बढ़ावा देने की पैरवी करता है, लेकिन सैन्य खतरों को रोकना या उनका विरोध करना भी जरूरी होता है। पड़ोसी देशों के साथ युद्धों से जितना ज्यादा बचा जाए उतना ही बेहतर है, क्योंकि इसी रणनीति से शांति का मार्ग निकलता है। बहरहाल, अमेरिका और भारत में आपसी सद्भाव और सहयोग निरंतर बढ़ता रहे, यह कामना हर भारतीय को करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त राज्य अमेरिका की उपयोगी एवं सार्थक यात्रा के लिए सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई। ■

# रेवड़ी संस्कृति ही देश में विकास का नया मॉडल

रेवड़ी शब्द जनता के लिए नया नहीं है। यह बचपन से सभी जानते हैं मेले में खरीदते खाते हैं वैसे तो देश-विदेश में लखनऊ की रेवड़ी काफी प्रसिद्ध है। आज भी लोगों के जहन में है लखनऊ की रेवड़ी। पर अब रेवड़ी राजनीति का नया विशेषण बन गया है मेरी रेवड़ी तेरी रेवड़ी में दू रेवड़ी तो वह देश का विकास का एक पैमाना बन जाता है कि मेरी रेवड़ी से गरीब का हित हो रहा है। और देश में गरीबी कम हो रही है। लोग विकास कर रहे हैं और देश विकसित हो रहा है। तो इस में रेवड़ी का बड़ा योग दान है।

देश की जीडीपी में भी रेवड़ी योगदान दे रही है। यह सत्ता पक्ष की रेवड़ी का हाल है यदि सत्ता की रेवड़ी जनता को नहीं मिलती, तो आज भारत विश्व में बहुत नीचे स्तर पर होता पर सत्ता द्वारा दी जा रही रेवड़ी जो एक आपातकाल की परिस्थिति में खाद्य सुरक्षा कानून में संशोधन करके करोना काल में जो मुफ्त पांच किलो अनाज अस्सी करोड़ गरीब जनता को दिया गया, वह उस समय की जरूरत थी। पर यह चुनाव में बहुत बड़ा तुरुप का पत्ता साबित हुआ और भाजपा को सत्ता पाने का सरल सहज मार्ग मिल गया। यह मुफ्त अनाज योजना रेवड़ी के रूप में उस समय ज्यादा चर्चा में आ गया जब सत्ता दल ने विपक्ष के दलों द्वारा जनता को अपने अपने राज्य में मुफ्त अनाज योजना की तरह और तरह की मुफ्त सुविधाएं जैसे तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली महिलाओं को दो हजार हर महीने रुपया, पांच सौ में गैस सिलेंडर आदि अनेक योजनाओं के साथ बेरोजगार लड़कों युवाओं को भी तीन साल तक पैसा बांटने का चुनावों में घोषणा होने लगा।


लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, कृषि विवि पालमपुर

तब सत्ता पक्ष ने इस रेवड़ी शब्द को चुनाव के केंद्र में लाकर खड़ा कर दिया और चुनाव रेवड़ी के इर्द गिर्द घूमने लगा। जनता भी रेवड़ी के हानि लाभ को देखकर अब वोट करने लगी है। वैसे तो हर सरकार जनता को सहुलियत देती है परंतु तब रेवड़ी कल्चर देश में नहीं था मनरेगा का पहले भाजपा ने विरोध किया था।



जब सत्ता में नहीं थी यह कहती थी चुनाव में मनरेगा रेवड़ी है जो गांवों में मजदूर को काम चोर बना रही है और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। परंतु सत्ता में आने पर मनरेगा बंद नहीं कर पा रही है यही मनरेगा कोरोना काल में गांवों में युवाओं को रोजगार दिया साथ में अर्थव्यवस्था का पहिया भी चलता रहाथा। हां यह जरूर वर्तमान सरकार ने काम किया कि मनरेगा जैसी योजनाओं का बजट कम करके गांवों में रोजगार के अवसर में कमी कर दिया है जिसके कारण जो मजदूर काम करना चाहता है उसे साल में एक सौ पचास दिन का रोजगार नहीं मिल रहा है। यह तो रेवड़ी नहीं था फिर भी सरकार ने न जाने क्यों किस मंशा से मनरेगा के बजट पर कैंची चला रही है।

यह तो पता नहीं है पर गांवों से मजदूरों का पलायन मनरेगा जैसी योजनाओं से रोका जा सकता है। शहरों में मजदूर की बढ़ती तादात को कम किया जा सकता है। दूसरा काम यूं पीए सरकार किसानों का कृषि ऋणमाफ किया था। वह एक तरह से किसानों को खेती से जुड़े रहने के लिए लिया गया कदम था। पर सत्ता परिवर्तन के बाद किसानों का ऋण तो माफ नहीं हुआ पर एक न ई रेवड़ी बांटने लगी, जिसका नया नाम किसान सम्मान निधि दिया गया और हर तीन माह पर बढ़े शान के साथ जब किसानों के खाते में पैसा भेजा जाता है तो मीडिया का डांस उस दिन देखने योग्य होता ऐसा डांस वाली फूड के हीरो हीरोइन नहीं कर पाती है जैसा मीडिया उस दिन करता है और कशीदे विकास का विशेषण और अलंकार जैसे शब्दों के साथ पढ़ता है। किसान मानो देश का दो हजार पाकर खरबपति बन गया हो। पर इस रेवड़ी को भी धीरे-धीरे उन किसानों से छीन लिया गया जो किसान फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए आंदोलन कर रहे हैं या जुड़े हैं। फिर एक और रेवड़ी सत्ता प्राप्ति का नया साधन बना मुफ्त गैस सिलेंडर यह रेवड़ी भी आज चल रही है।

केजरीवाल ने एक अलग तरह की रेवड़ी दिल्ली में दिया मुफ्त बिजली मुफ्त महिलाओं को बस यात्रा तथा मुफ्त दर्शन योजना, जिसको लेकर वर्तमान दिल्ली की सत्ता परेशान थी और एमपी के चुनाव में लाडली बहना योजना शुरू हुआ चुनाव से पहले जिसमें महिलाओं को पंद्रह सौ रह महीने खाते में डाल दिया उस समय के मुख्यमंत्री ने खूब बांटा और परिणाम इस रेवड़ी का ऐसा हुआ की दो तिहाई बहुत से सरकार बन गई। पर लाडली बहना के लाडले भाई शिवराज सिंह के हाथ से मध्य प्रदेश को छीन लिया भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने।

इसी तरह की रेवड़ी हर प्रदेश के चुनाव में हर पार्टी बांटने में लग गई। अब हर राजनीतिक दलों को यह सोचना होगा, क्या सत्ता प्राप्ति का यही एक विकल्प रेवड़ी संस्कृति ही बची है या कुछ और नई सोच है। यदि नई व्यवस्था नहीं है सत्ता पाने की। तो फिर रेवड़ी ही को विकास का नाम दे दिया जाए और रेवड़ी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए संविधान में नया कानून बने कि देश रेवड़ी संस्कृति आधारित होगा और रेवडी वाला देश रेवड़ी ही विकास का जीडीपी का नया पैमाना होगा। जय जय रेवड़ी संस्कृति।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## नज़रिया

# सौंदर्य की अनुभूति में अभिन्नता पहली शर्त

सौंदर्य आनंदित करता है। भारतीय दर्शन सौंदर्य को शब्दातीत मानता है। रामायण में सौंदर्य शब्द के स्थान पर रमणीय, शोभन और चारु शब्द आए हैं। वैदिक साहित्य में मनुष्य का मन सहज प्रकृति के दिव्य रूपों में रमण करता है। वैदिक कालीन अनुभूति प्रतीति को सौंदर्य कह सकते हैं। जब हम आनंद मगन हों तब सौंदर्य घटित होता है।

जब सूर्य की अरुणाभा के दर्शन होते हैं तब सौंदर्य ही है। जब पक्षियों का कलरव ब्रह्म मुहूर्त में छंद बन जाए तब सौंदर्य समझो। जब आकाश गंगा रात्रि में जगमग उदीप्त दिखे तो सौंदर्य ही होता है। जब नदियां-झरने गीत गाते आगे बढ़ रहे हो तब वह सौंदर्य ही प्रवाहित होता है। जब अथाह जलराशि पर शुभ्र ज्योत्स्ना नर्तन में हो सौंदर्य है। नदी समुद्र में जब लहरें उफान मारती मचलती हैं तब सौंदर्य है। जब फूल खिलते हैं, सौंदर्य ही है। जब अनायास कोई गीत आपके हृदय में उमड़ आए तब वह ऋचा रूप सौंदर्य है। पूर्णिमा और अमावस्या दोनों सौंदर्य हैं। एक तमस का सौंदर्य तो दूसरा दीप्ति का सौंदर्य है। ऋतुराज बसंत ऋतुओं का सौंदर्य है। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में सौंदर्य हमारी धारणा में निहित है। वह कहते हैं-सौंदर्य की विकृत अभिव्यक्ति ही कुरूपता है। कला आत्मविस्मृत आनंद से पोषित होती है। सौंदर्य अनुभूति, भावना कल्पना, संपूर्णता, कला और सौंदर्य शास्त्र की मूल अवधारणाएं हैं। वे न केवल कला को परिभाषित करते हैं, कला और सौंदर्य को जोड़ते भी हैं।


लेखक : अरुण कुमार दीक्षित
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कला मानवीय भावनाओं की अभिव्यक्ति है। यूनानी दार्शनिक अरस्तु का कहना है कि सुंदरता को मापा जा सकता है। सुंदरता के लिए व्यवस्था समरूपता और निश्चितता प्रमुख है। सुंदर शरीर के रूप को परिभाषित किया है।



सुंदरता के लिए गणितीय विज्ञान का भी उपयोग किया। उसका मानना था कला प्रकृति की नकल करती है। अरस्तु ने सौंदर्य के साथ राजनीति और तत्व मीमांसा पर भी कई रचनाएं लिखी है। सौंदर्य मूल्य और कला के बारे में दार्शनिक जांच है। सौंदर्य बोध की प्रथम यात्रा है। सुंदरता नैतिक या शारीरिक आंतरिक सौंदर्य के रूप में व्यक्ति परक है। श्रीमद्भगवद गीता में सौंदर्य को सत्य कहा गया है। सांसारिक सौंदर्य कृष्ण के सर्वोच्च सौंदर्य की एक झलक है, आभा है। कृष्ण परम सत्य की अभिव्यक्ति हैं। दसवें अध्याय का 41वां श्लोक। रामचरितमानस के बालकांड में तुलसीदास ने राम के सौंदर्य पर लिखा है। उनके (राम) नील कमल और गंभीर (जल से भरे हुए) मेघ के समान श्याम शरीर में करोड़ों कामदेवों की शोभा है। लाल-लाल चरण कमल के नखों की (शुभ्र) ज्योति ऐसी मालूम होती है जैसे कमल के पत्तों पर मोती स्थिर हो गए हों। (पृष्ठ 182 बालकांड)।

कालिदास ने मेघदूत में कई प्रकार के सौंदर्य का वर्णन किया है। नदी, पर्वत, वन, मेघ, पुष्पों और पक्षियों के सौंदर्य को अद्वितीय ढंग दिया है। यक्ष की कथा में अभूतपूर्व सौंदर्य की झलक है। सौंदर्य प्रसाधन का करोड़ों का कारोबार है। सुंदर दिखने की होड़ है। टीवी-सोशल मीडिया पर सुंदर दिखने और बनने के लाखों तरीके बताए दिखाए जा रहे हैं। नकली पलकें हैं। आंखों के बदलते रंग हैं, रंगों भीतर भी कई रंग हैं। नकली बालों को लगाने और रंगने का चलन बढ़ा है।

पहले महिलाओं के लिए साज-सज्जा केंद्र आए। अब पुरुषों के पार्लर बढ़े हैं। सुप्रसिद्ध जर्मन दार्शनिक कांट ने सौंदर्य को कामना रहित आनंद बताया है। बौद्ध दर्शन में सौंदर्य दिव्य ज्योति और उज्ज्वल प्रकाश कहा गया है। उसकी अनुभूति मानव को बोध होने पर होती है। भारत में सौंदर्य को मूलतः रस रूप देखा गया है। ऋग्वेद में सौंदर्य को श्रीमान से कहा गया है। उपनिषदों में भी रस के व्यापक अर्थ हैं। भारत में 'रस' सिद्धांत का श्रेय भरत मुनि को जाता है। वहीं, अभिनव गुप्त भारतीय सौंदर्य दर्शन के विशिष्ट प्रवर्तक माने जाते हैं। आयुर्वेद में 'रस' रसायन के अर्थों में है। दार्शनिक आगस्टीन कहता है 'ब्यूटी इज यूनिटी' संसार तत्त्वतः सुंदर है। वैदिक ऋषि सत्यम शिवम सुंदरम का समन्वय सौंदर्य में देखते हैं। परम सत्ता के रूप में जानते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अपनी बात

राष्ट्रीय खेलों में देश के भिन्न-भिन्न राज्यों व सैनिकों के लगभग 7 हजार एथलीट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए अपना-अपना दम दिखा रहे हैं। दो वर्ष के अंतराल में होने वाले ये खेल कभी दो दस साल बाद भी आयोजित हुए हैं। पिछली बार ये खेल गुजरात के एक वर्ष बाद ही गोवा में आयोजित हुए थे। इस बार उत्तराखंड में ये खेल दो वर्ष के अंतराल में हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी भी राज्य ओलंपिक संघ के बैनर तले कुछ खेलों में अपना दम दिखा रहे हैं और पदक जीत कर हिमाचल का नाम रोशन कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश महिला कबड्डी टीम ने उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी बार हिमाचल प्रदेश की पदकतालिका को स्वर्ण पदक से सजाया है। पिछले दो दशकों से हिमाचल प्रदेश महिला कबड्डी टीम का देश में दबदबा कायम है।

**रमन कुमार, कांगड़ा**

# सच्चे प्रेम को परिभाषित नहीं कर सकती आज की युवा पीढ़ी

पिछले कुछ समय से ग्लोबलाइज्ड समाज में प्यार भी ग्लोबल ट्रेंड हो गया है। आज जहां इजहार और इकरार करने के तौर-तरीके बदल गए हैं, वहीं इंटरनेट के मौजूदा दौर में प्यार भी बाजारू हो चला है।

प्यार का यह उत्सव एक बड़े बाजार को गिरफ्त में ले चुका है। हर जगह वेलेंटाइन की संस्कृति पसरती जा रही है। शहर से लेकर कस्बों तक यह तेजी से फैल चुका है। वेलेंटाइन के संबंध में कई किस्से प्रचलित हैं। रोमन कैथोलिक चर्च की मानें तो यह 'वेलेंटाइन' अथवा 'वलेंतिनस' नाम के तीन लोगों को मान्यता देता है जिसमें से दो के संबंध वेलेंटाइन डे से जोड़े जाते हैं, लेकिन बताया जाता है इन दो में से भी संत वेलेंटाइन खास चर्चा में रहे। कहा जाता है संत वेलेंटाइन प्राचीन रोम में एक धर्मगुरु थे। उन दिनों वहां क्लाडियस दो का शासन था। उसका मानना था अविवाहित युवक बेहतर सैनिक हो सकते हैं, क्योंकि युद्ध के मैदान में उन्हें अपनी पत्नी या बच्चों की चिंता नहीं सताती। अपनी इस मान्यता के कारण उसने तत्कालीन रोम में युवकों के विवाह पर प्रतिबंध लगा दिया। किंदवंतियों की मानें तो संत वेलेंटाइन ने क्लाडियस के इस फैसले का विरोध करने का फैसला किया। बताया जाता है कि वेलेंटाइन ने इस दौरान कई युवक-युवतियों का प्रेम विवाह करा दिया।


लेखक : हर्षवर्धन पांडे
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह बात जब राजा को पता चली तो उसने संत वेलेंटाइन को 14 फरवरी को फांसी की सजा दे दी। कहा जाता है संत के इस त्याग के कारण हर साल 14 फरवरी को उनकी याद में युवा 'वेलेंटाइन डे' मनाते हैं। 1260 में संकलित की गई 'ऑरिया ऑफ जैकोबस डी वॉराजिन' नामक पुस्तक में भी सेंट वेलेंटाइन का वर्णन मिलता है। इसके अनुसार रोम में तीसरी शताब्दी में सम्राट क्लॉडियस के अनुसार विवाह करने से पुरुषों की शक्ति और बुद्धि कम होती है। उसने फरमान जारी किया कि उसका कोई सैनिक या अधिकारी विवाह नहीं करेगा।



संत वेलेंटाइन ने इस क्रूर आदेश का विरोध किया। उन्हीं के आह्वान पर अनेक सैनिकों और अधिकारियों ने विवाह किए। कैथोलिक चर्च की एक अन्य मान्यता के अनुसार एक दूसरे संत वेलेंटाइन की मौत प्राचीन रोम में इसाइयों पर हो रहे अत्याचारों से उन्हें बचाने के दरम्यान हो गई। इस पर नई मान्यता यह है कि इसाइयों के प्रेम का प्रतीक मानें जाने वाले इस संत की याद में ही वेलेंटाइन डे मनाया जाता है। एक अन्य किंदवंती के अनुसार वेलेंटाइन नाम के एक शख्स ने अपनी मौत से पहले अपनी प्रेमिका को पहला वेलेंटाइन संदेश भेजा जो एक प्रेम पत्र था। उसकी प्रेमिका उसी जेल के जेलर की पुत्री थी जहां उसको बंद किया गया था। उस वेलेंटाइन नाम के शख्स ने प्रेम पत्र लिखा 'फ्रॉम यूअर वेलेंटाइन'।

आज भी यह वेलेंटाइन पर लिखे जाने वाले हर पत्र के नीचे लिखा रहता है। क्लॉडियस ने 14 फरवरी को संत वेलेंटाइन को फांसी पर चढ़वा दिया। तब से उनकी स्मृति में प्रेम दिवस मनाया जाता है। कहा जाता है कि सेंट वेलेंटाइन ने अपनी मृत्यु के समय जेलर की नेत्रहीन बेटी जैकोबस को नेत्रदान किया व जेकोबस को एक पत्र लिखा, जिसमें अंत में उन्होंने लिखा था 'तुम्हारा वेलेंटाइन'। 14 फरवरी के बहाने इस संत के नाम पर पूरे विश्व में यह दिवस मनाया जाने लगा। आज युवाओं में वेलेंटाइन की खुमारी सिर चढ़कर बोल रही है। इस दिन के लिए सभी पलकें बिछाए बैठे रहते हैं। इसे प्यार के इजहार का दिन बताते हैं, लेकिन युवक-युवतियां प्यार की सही परिभाषा नहीं जान पाए हैं। वह इस बात को नहीं समझ पा रहे कि प्यार को आप एक दिन के लिए नहीं बांध सकते। वह तो प्यार को हंसी-मजाक का खेल समझ रहे हैं।

आज का प्यार नूडल जैसा बाजारू बन गया है जो दो मिनट चलता है। आज के बाजार ने प्यार की परिभाषा बदल दी है। इसका प्रभाव यह है 14 फरवरी को प्रेम दिवस का रूप दे दिया गया है जिसके चलते संसार भर के कपल प्यार का इजहार करने को उत्सुक रहते हैं। जहां चीन में यह दिन 'नाइट्स ऑफ सेवेन्स' प्यार करने वालों के लिए खास होता है, वहीं जापान व कोरिया में इस पर्व को 'वाइट डे' का नाम से जाना जाता है। आज की युवा पीढ़ी को न तो प्रेम की गहराई का अहसास है न ही वह सच्चे प्रेम को परिभाषित कर सकती है। उनके लिए प्यार मौज-मस्ती और सैर-सपाटे का खेल बन गया है। जहां बाजार में प्यार नीलाम हो गया है और पूरे विश्व में इस दिन प्यार के नाम पर मुनाफे का बड़ा कारोबार किया जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता

रणधीर कपूर हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक हैं। पृथ्वीराज कपूर के पोते और राज कपूर के बेटे रणधीर कपूर ने बॉलीवुड में बतौर बाल कलाकार के तौर पर डेब्यू किया था। राज कपूर की फिल्म 'श्री 420' में रणधीर कपूर बाल कलाकार के तौर पर नजर आए थे। रणधीर कपूर के फिल्मों की बात करें, तो उन्होंने 'कल आज और कल' (1971), 'जवानी दिवानी' (1972), 'रामपुर का लक्ष्मण' (1972), 'हमराही' (1974) जैसी फिल्में कीं। सन 1972 में इन्होंने उस समय की प्रसिद्ध अभिनेत्री बबिता से शादी कर ली। इनकी दो बेटियां करीना कपूर और करिश्मा कपूर हैं। इनकी दोनों बेटियां बॉलीवुड में अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं। एक तनावपूर्ण रिश्ते के कारण रणधीर कपूर और बबिता दोनों एक दूसरे से अलग हो गए थे। रणधीर कपूर ने 1975 में 'धर्म कर्म' जैसी फिल्म का निर्देशन किया, लेकिन यह नाकाम रही। सन 1991 में फिल्म 'हिना' का निर्देशन इनके द्वारा किया गया जो की सुपर हिट गई, इस फिल्म में अभिनेता ऋषि कपूर और पाकिस्तानी अभिनेत्री जेबा बख्तियार ने मुख्य भूमिका निभाई थी। 1985 में उन्होंने फिल्म 'राम तेरी गंगा मैली' का निर्माण किया, जिसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया और फिल्मफेयर का सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार भी जीता। ■


रणधीर कपूर
जन्म : 15 फरवरी, 1947

## कविता



# कोयल काली काग सी

शिव सान्याल मकड़ाहन ज्वाली कांगड़ा हि.प्र

कोयल काली काग सी, गाती मीठे गीत।
सुनते ही लगती भली, जगती मन में प्रीत।।
कोयल बोले बाग में, लगे मधुर आवाज।
मधु रस घोले कान में, बजते दिल में साज।।
कोयल दुबली गात की, भरे कुहू में जोर।
उठती लहरें प्रेम की, खींचे मन की डोर।।
कोयल बोले फाग में, मन में भरे किलोल।
पिया मिलन की आस में, जाता मनवा डोल।।
काले मेघा देख के, कोयल छेड़े तान।
आग फाग ऋतु में लगी, कौन बुझाए आन।।
कोयल विरहन सी सदा, भेज रही संदेश।
बुला रही प्रिय मीत को, लौट आओ स्वदेश।।
बिन कोयल के फाग भी, लगे मरघट समान।
पींगे पड़े न प्रेम की, प्रेम लगे बेजान।।
काला तन मत देखिये, कर गुण का व्याख्यान।
काली कोयल देख लो, गाती मीठा गान।।
काला कागा बोलता, कर्कश से हैं बोल।
काली कोयल बोल के, देती मन रस घोल।।

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री **editoranantgyaan@gmail.com** पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# साहित्य और इतिहास रचने में ठाकुर राम सिंह का अतुलनीय योगदान

साहित्य और इतिहास के क्षेत्र में बढ़ती उम्र और बीमारी के बावजूद जीवन भर ठाकुर राम सिंह एक योद्धा की तरह सक्रिय रहे।

साहित्य के क्षेत्र में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने चुनौती को सहर्ष स्वीकार किया। भारत माँ रूपी भारत की धरती अपने आप में पूरे विश्व से विलक्षण है यहां की मिट्टी ही ऐसी है कि यहां ऐसी महान् विभूतियां हुई जिन्होंने अपना सर्वस्व जीवन समाज व राष्ट्र के नाम समर्पित कर दिया। ऐसी ही महान् सख्शियतों में हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में फरवरी सन् 1915 में जन्मे ठाकुर राम सिंह जी एक ऐसी अमर विभूति थी, जिन्होंने भारतीय इतिहास में हुए तथाकथित भ्रष्टाचार व कुरीतियों को मिटा कर सही भारतीय इतिहास को नए सिरे से रचने का बीड़ा खुद कंधों पर उठाया था।


लेखक : डॉ. मनोज डोगरा
प्राध्यापक, राजकीय महाविद्यालय बड़सर

भारत में शिक्षा जगत में भारतीय इतिहास के सही और गलत होने पर जितनी बहस और चर्चा है उतनी अन्य किसी विषय पर नहीं है ऐसे में आवश्यक हो जाता है कि ऐसे महान् पुरुषों व सख्शियतों के विषय में जाना जाए, जिन्होंने भारत के सच्चे इतिहास को खोजने व रचने में अपनी अग्रणी भूमिका अभिनित की हो। इस कार्य में ठाकुर राम सिंह जी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। ठाकुर जी ऐसे इतिहासविद् हुए, जिन्होंने केवल इतिहास को पढ़ा ही नहीं, बल्कि गलत रचे इतिहास के पीछे छीपे सच्चे और वास्तविक इतिहास को जाना और स्वयं इतिहास गढ़ा भी।



ठाकुर जी का जीवन एक नदी के प्रवाह जैसा रहा है। ठाकुर जी के साथ स्वर्गीय शब्द जोड़ना पीड़ा देता है। भगीरथ अपने तपोबल से गंगा को धरा पर लाए थे। ठाकुर जी के पास भी जो कुछ था वह उन्होंने सारा देश समाज को समर्पित कर दिया। वह ऐसे व्यक्ति थे जिन के बारे में बहुत सी बातें बताई जा सकती हैं। ठाकुर जी भारतीय सनातन परंपरा के विचार थे। इससे आगे बढ़कर वे इस परंपरा के व्यवहार थे। उनका हिंदू चिंतन उनके व्यवहार में उतरा था। ठाकुर जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुशल स्वयंसेवक व जमीन से जुड़े हुए ऐसे प्रचारक रहे जिनके अंदर जो उग्रता थी वह तोड़ती नहीं थी वह हम सबको उनसे जोड़ती थी। वह कार्य और व्यवहार के अनुरूप थी।

असम का प्रसंग है कि ठाकुर जी को एक कार्यकर्ता ने कहा कि आप मेरा विषय बदल दो। ठाकुर जी का स्पष्ट उत्तर था। 'राम सिंह असम में विषय बदलने नहीं, व्यक्ति को बदलने के लिए आया हूं।' यह थी ठाकुर जी की कठोरता। हम जिस दिशा की ओर बढ़ना है उसके अनुरूप हमें अपने शरीर और चिंतन को बदलना है। विषय नहीं बदलना है, हमें बदलना है।

ऐसी सख्शियतों व उनके किए गए कार्यों को जानना आज समाज के लिए आवश्यक है युवा पीढ़ी को इनके कार्य व विचार प्रेरणा प्रदान करते हैं। भारत के वास्तविक गौरवशाली इतिहास व भारतीय सभ्यता के गुमनाम तथ्यों को समाज के समक्ष लाने में इनका योगदान अविस्मरणीय है तथा इनके बनाए व दिखाए मार्ग पर आज ठाकुर जगदेव चंद शोध संस्थान नेरी, हमीरपुर उनके वास्तविक इतिहास को रचने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कार्य वास्तविक इतिहास को खोजने और रचने में संस्थान कर रहा है ऐसे प्रेरणा स्रोत व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणादाई है इनके विचार आज भी समाज में प्रासंगिक है तथा विचारों के माध्यम से ठाकुर राम सिंह जी सदैव अमर रहेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोस्टर इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### जवाहर पार्क को साफ करने की उठाई मांग

**भीम बसेडू, महादेव।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं. 21 सुंदरनगर शहर से सटा ऐतिहासिक स्थल जो वर्तमान में लंबा चौड़ा मैदान जवाहर पार्क है और यह स्थान मिलिट्री ग्राउंड के नाम से भी जाना जाता है। नगर परिषद सुंदरनगर के यहां इस मैदान में नलवाड़ मेला एवं देवता मेला के हाट बाजार लगते हैं जिनका समय करीब आ रहा है यही नहीं रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा राष्ट्रीय कार्यक्रम सहित समय-समय पर कई अन्य धार्मिक आयोजनों की धूम रहती है, मगर इस मैदान को बड़े पैमाने पर साफ करने की सख्त जरूरत है क्योंकि यहां पत्थर-मिट्टी के ढेर लगे देखे जा सकते हैं। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग व सरकार को चाहिए कि लोगों की सुख सुविधा के लिए और कार्य करे जो जरूरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है ऐसे में सरकार की बड़ी-बड़ी बातें स्वच्छ शहर समृद्ध शहर का भी मान रखते हुए इसी अनुरूप कार्य करें ताकि पर्यटक भी पीठ थपथपाए।

### कृषि एवं उद्यान विभाग की गिरी दीवार को बनाने की मांग

**अनंत ज्ञान, महादेव।** कृषि एवं उद्यान विभाग सुंदरनगर आदि की दीवार लंबे समय से ढही पड़ी है जिससे सुरक्षा दीवार के महत्व से आंखे मूंद कर कार्य कर रहे विभाग की लापरवाही भी नजर आती है, क्योंकि खस्ता हालत सुधारने के लिए यह भी अपने उस घर की तरह कार्य है जहां स्वच्छता का बड़ा बोलबाला रहता है बड़ी ड्यूटी है। लोगों का कहना है कि यह कृषि विभाग के महत्वपूर्ण कार्यालय स्थल है जहां मृदा परीक्षण प्रयोगशाला, विषय वाद विशेषज्ञ इत्यादि का कार्यालय भी है इसलिए यहां का कायाकल्प करना बेहद जरूरी है। लोगों ने संबंधित विभाग व उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि सुरक्षा दीवार निर्मित करने में पहल की जाए।

### मिनी सचिवालय पधर में कैंटीन की नीलामी 21 को

**कविता, पधर।** एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि मिनी सचिवालय पधर में कैंटीन का पिछला आवंटन 31 जनवरी, 2025 को समाप्त हो गया है तथा पुराने निविदाकर्ता द्वारा अपने निजी कारणों के चलते इसे आगे चलने से मना कर दिया है। अतः 1 साल की अवधि पूरी होने के उपरांत उक्त कैंटीन को पुनः ठेके पर देने के लिए 21 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे पुनः नीलामी की बोली लगाई जाएगी। कैंटीन को ठेके पर लेने के इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन पत्र व धरोहर राशि 5 हजार रुपए बोली से पूर्व उपमंडल अधिकारी (नागरिक) कार्यालय पधर में जमा करवाएं ताकि कैंटीन को किराए पर दिया जा सके। आवंटन की शर्तें बोली दाता को 21 फरवरी को दोपहर 11 तक 5 हजार रुपए धरोहर राशि चेक/ बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यालय में जमा करवानी होगी, जो असफल बोली दाता को बोली की समाप्ति पर वापस कर दिए जाएंगे। कैंटीन को किराए पर देने का अंतिम फैसला अधोहस्ताक्षरी का होगा तथा अधोहस्ताक्षरी द्वारा लिया गया फैसला सभी के लिए मान्य होगा। उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यक्ति ज्यादा जानकारी के लिए एसडीएम कार्यालय पधर में संपर्क कर सकते हैं।

### सैनिक ने पुलवामा शहीदी दिवस पर किया रक्तदान



**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह के नलसर चौक पर हिमालयन ब्लड डोनर्स द्वारा पुलवामा हमले में देश के खातिर जान न्योछावर करने वाले सीआरपीएफ के वीर सैनिकों की याद में शुक्रवार के दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसी कड़ी के तहत सशस्त्र सीमा बल अरुणाचल प्रदेश में सेवारत सैनिक तारा चंद ने भी इस बार की तरह 27वीं बार रक्तदान कर मानवता के जीवन की सुरक्षा में अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि आज देवभूमि हिमाचल प्रदेश में युवा वर्ग सिंथेटिक ड्रग्स और मादक द्रव्य के सेवन से प्रभावित हो रहा है, अगर इस नशे का खात्मा करना है। तो सभी को मिलकर इस सामाजिक बुराई के विरुद्ध कड़ा प्रहार करना होगा।

### आपदा जोखिम से निपटने के लिए लोगों ने सीखे गुर

**रूपी ठाकुर, मंडी।** चौहार घाटी के पंचायत हर बरोट में वीरवार के दिन आपदा जोखिम से निपटने के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कार्यशाला में सदर कानूनगो सरोजिनी देवी उपमंडलाधिकारी नागरिक पद्धर सुरजीत सिंह द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में आए हुए स्वयंसेवक को आपदा के समय किस तरह से प्रक्रिया करें के बारे में जागरूक किया। 13 फरवरी से 15 फरवरी 2025 तक ग्राम पंचायत लपास ग्राम पंचायत खलेहल के लोगों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन में किया गया। जिला की दूरदराज क्षेत्र की पंचायत में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा प्रबंधन की दिशा में समुदाय को सशक्त बनाना और आपदा जोखिम को कम करना है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व जिला प्रशासन के द्वारा जिला के दूरदराज क्षेत्र में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है लोगों ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में चौहार घाटी की दो पंचायतों के 30 स्वयं सेवकों ने हिस्सा लिया। इन स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी प्रदान की गई। आपदा प्राधिकरण मंडी की ओर से प्रशिक्षक जिला सर्च एवं सम्नवयक अमरजीत सिंह ने आपदा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### घायलों को खून दिलाकर नया जीवनदान दिलाएगा रोटरी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सड़क हादसों में घायलों को खून दिलाकर नया जीवनदान दिलाने की एक और अनूठी पहल रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर ने शुरू कर दी है। मंडी के जोगिंद्रनगर में परमार्थ का कार्य कर रहे रोटरी क्लब ने राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा के संयुक्त प्रयासों से यह सुनिश्चित किया है कि हादसों में घायलों को अविलंब खून मिल सके। इसके लिए रोटरी की अगुवाई में मंडी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे और ब्लड बैंक के अलावा डोनर्स की सूची के माध्यम से जरूरतमंदों को शीघ्र खून उपलब्ध कराया जाएगा। शुक्रवार को रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल और पूर्वाध्यक्ष अजय ठाकुर ने रोटरी के इस प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा के तत्वाधान में सड़क हादसों में घायलों को खून की उपलब्धता करवाई जाएगी। इसके लिए रोटरी अपने प्रोजेक्ट के तहत टांडा कॉलेज के ब्लड बैंक में खून उपलब्ध करवाएगा। सोमवार, 17 फरवरी को जोगिंद्रनगर के डोहग स्थित आईटीआई में इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान 101 यूनिट खून के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों, व्यापार मंडल और उपमंडल के युवाओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

### बखलूंही के नौनिहालों को बांटीं किताबें

**अनंत ज्ञान, मंडी।** शिक्षा खंड करसोग-2 की राजकीय प्राथमिक पाठशाला बखलूंही के नौनिहालों को स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान रीमा देवी ने शुक्रवार को पाठ्य पुस्तकें बांटी। इस मौके पर स्कूल के प्रभारी राकेश कश्यप सहित अन्य अभिभावक भी मौजूद रहे।



# अनंत ज्ञान का नशे के खिलाफ महा अभियान का दूसरा चरण आरंभ

नशे के खिलाफ अनंत ज्ञान का महाअभियान

**प्रतिदिन स्कूल व विद्यार्थियों का नाम तथा कक्षा सहित नशा लेखन होगा प्रकाशित**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान एवं वेब टीवी का नशे के खिलाफ सार्वभौमिक अभियान समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बनता जा रहा है। विद्यार्थियों की भागीदारी ने नशे के खिलाफ समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। आम जनमानस और विद्यार्थियों द्वारा 9418980288 व्हाट्सएप नंबर पर 500 से अधिक संदेश आना नशे के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा अभियान माना जा रहा है। शुक्रवार से दैनिक अनंत ज्ञान प्रतिदिन स्कूल व विद्यार्थी का नाम तथा कक्षा सहित नशा लेखन प्रकाशित करेगा।



### क्या होता है नशे से

- नशा एक घातक आदत है जो जीवन को बर्बाद कर सकती है।
- नशा शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है।
- नशे से दूर रहकर हम अपने सपनों को साकार कर सकते हैं।
- नशे की लत से परिवार और रिश्ते टूट जाते हैं।
- नशे को बंद करने के लिए हमें सबसे पहले अपनी सोच को बदलना होगा।
- नशा यानी नाश।

अर्नव वर्मा, कक्षा नौवीं, डीएवी सीपीएस खलियार मंडी।

# नशे पर लगाम लगाने के लिए बने अलग एंटी ड्रग डिपार्टमेंट : गोविंद

**अनिल शर्मा, मंडी**

नशा करवाने वाला बहुत बड़ी गेम का हिस्सा होता है। अंतरराष्ट्रीय माफिया पैसा बनाते हैं, कई मुल्क दूसरे देश को बर्बाद करने के लिए उसके युवाओं को नशे का आदी बनाते हैं। यह बात होस्ट एंकर सीरीज के 18वें एपिसोड में एंकर सेवानिवृत्त प्रवक्ता नीरज शर्मा के साथ खास बातचीत में ऑपरेशन ब्लैक टॉरनेडो के कमांडर ब्रिगेडियर गोविंद सिंह सिसोदिया ने कही।




होस्ट एंकर सीरीज के 18वें एपिसोड में एंकर सेवानिवृत्त प्रवक्ता नीरज शर्मा के साथ खास बातचीत में ऑपरेशन ब्लैक टॉरनेडो के कमांडर ब्रिगेडियर गोविंद सिंह सिसोदिया।

उन्होंने कहा कि नशा करने वालों का दो लोगों दोस्त और शिक्षक को पता होता है, तीसरा पुलिस वालों को पता होता है कि सप्लाई कौन करता है, कहां नशा बिकता है। सरकार को नशे के खिलाफ काम करने वाले जिम्मेदार पुलिस कर्मियों को चयनित कर अलग से एंटी ड्रग्स डिपार्टमेंट बनाया जाना चाहिए। एंटी ड्रग्स डिपार्टमेंट को केवल नशा पकड़ना का ही काम देना चाहिए। स्कूल लेवल पर वर्कशॉप करनी चाहिए, शिक्षकों को मोटिवेट कर नशे के खिलाफ काम करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

**शिक्षकों को मोटिवेट कर नशे के खिलाफ करना चाहिए काम**

सिसोदिया ने कहा कि विजय हाई स्कूल जैसा सुंदर कोई भवन नहीं है। अनिल शर्मा और ओल्ड स्टूडेंट ने मेहनत कर इसे पुराने स्वरूप में लौटाया है। अब इसे कल्चर सेंटर बनाया जाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### थियेटर आदि की व्यवस्था जरूरी

**यहां** म्यूजियम व गेयटी थियेटर की तर्ज पर थियेटर आदि की व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि युवा वहां नाटक आदि कर सकें, ताकि नशे की तरफ बढ़ती युवा पीढ़ी कला के क्षेत्र में बेहतर कर सके। यदि समय रहते इस भवन को संजोया नहीं गया, तो यह पहले की तरह खंडहर बन जाएगा। इस पब्लिसिटी होनी चाहिए, ताकि लोगों को इसकी बारे में पता चल सके। बता दें कि सिसोदिया ने ताज होटल में 26.11 के कमांडो ऑपरेशन के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

# महाशिवरात्रि महोत्सव में देवी-देवताओं के स्वागत के लिए समितियां गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

महाशिवरात्रि के आयोजन को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में देवता उपसमिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन ने की। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव देव समागम का अनूठा पर्व है तथा मंडी जनपद के देवी-देवताओं को समर्पित है।

देवी-देवताओं का पारंपरिक रीति रिवाज के साथ स्वागत किया जाएगा, जिसके लिए कमेटियों का गठन कर लिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि देवी-देवताओं के ठहरने के स्थान पर बिजली, पानी तथा सफाई की बेहतर व्यवस्था की जाए। उन्होंने नगर निगम को संस्कृति सदन में अतिरिक्त कूड़ा दान स्थापित करने के निर्देश दिए। महोत्सव के दौरान विद्युत व्यवस्था बाधित न हो, यह सुनिश्चित करें।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार।

### सांस्कृतिक संध्याओं के लिए ऑडिशन 19 से

**अंतरराष्ट्रीय** शिवरात्रि महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए नवोदित कलाकारों के ऑडिशन 19 से 23 फरवरी तक मंडी के पड्डल मैदान स्थित टेबल टेनिस हॉल में प्रातः 11 बजे से आयोजित किए जाएंगे। इस बार महोत्सव के दौरान उभरते गायकों के लिए वॉयस ऑफ शिवरात्रि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। इसमें विजेता के अलावा बेस्ट स्टेज परफॉर्मर और मोस्ट यूनीक वॉयस के पुरस्कार भी दिए जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम उप-समिति के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने बताया कि महोत्सव के दौरान नवोदित गायकों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से वॉयस ऑफ शिवरात्रि प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है। इसमें बॉलीवुड, लोक गायन, हिमाचली, शास्त्रीय गायन, फ्यूजन जैसी गायन विधाओं में प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। आवेदक गायक की आयु एक जनवरी, 2025 को 16 वर्ष या इससे अधिक होनी चाहिए। ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से जिला विकास कार्यालय (ग्रामीण विकास) मंडी में आवेदन कर पंजीकरण करवाया जा सकेगा। आवेदन की अंतिम तिथि 18 फरवरी, 2025 को सायं 5 बजे तक निर्धारित की गई है।

### साथ-साथ होंगे ऑडिशन

रोहित राठौर ने बताया कि वॉयस ऑफ शिवरात्रि के लिए प्रथम चरण के ऑडिशन महाशिवरात्रि महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं के ऑडिशन के साथ ही होंगे। पहले चरण के इन ऑडिशन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ही अगले चरण में प्रवेश मिलेगा। किसी भी प्रतिभागी को मुख्य प्रतियोगिता के लिए सीधे प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### शास्त्रीय गायन जरूरी

रोहित राठौर ने बताया कि फाइनल राउंड में गायक को एक बॉलीवुड गाना, एक लोक या भक्ति रस पर आधारित गाना जिसमें सूफी, भजन या उप-शास्त्रीय गायन शामिल है, सहित एक फ्यूजन या शास्त्रीय गाना प्रस्तुत करना होगा। निर्णायक मंडल के पास गाने से संबंधित शर्त इत्यादि में बदलाव का अधिकार रहेगा। अंतिम चरण के लिए आयोजन समिति अलग से स्लॉट निर्धारित करेगी।

### वार्ड स्तर पर की विशेष सफाई अभियान की शुरुआत

# स्वच्छता नगर निगम की नहीं प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, मंडी**

स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान के तहत नगर निगम मंडी द्वारा वार्ड स्तर पर विशेष सफाई अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है।

इस अभियान के तहत नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में एवं वार्ड नंबर 1 खलियार के पार्षद अलकनंदा के साथ वार्ड नंबर 1 खलियार व वार्ड नंबर 2, पुरानी मंडी के हॉट स्पॉट चिन्हित किए गए।

उन्होंने बताया कि सफाई अभियान को प्रभावी बनाने के लिए इन हॉट स्पॉट क्षेत्रों में नियमित सफाई की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन क्षेत्रों में कचरा न हो। इसके साथ ही इस अभियान में सफाई मित्रों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जैसे ग्लव्स और मास्क वितरित किए गए। महापौर ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपनी ओर से भी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और स्वच्छता के महत्व को समझें। महापौर और पार्षद दोनों ने अपने संबोधन में यह स्पष्ट किया कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे कचरे को उचित तरीके से इकट्ठा करें और स्वच्छता के लिए नगर निगम की टीम के साथ मिलकर काम करें।

इसके साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए नगर निगम द्वारा भविष्य में नियमित सफाई कार्य, कचरे के उचित निस्तारण और कचरा प्रबंधन की प्रणाली को और सशक्त किया जाएगा। इस अवसर पर सफाई पर्यवेक्षक सतीश गुलेरिया व विनय के साथ निगम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हिमाचल डेंटल कॉलेज में मुंह के कैंसर को लेकर किया जागरूक



**उमेश, सुंदरनगर**

हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर में ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जन दिवस के उपलक्ष्य पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत लोगों को मुंह के कैंसर के प्रति जागरूक करवाया गया। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. विकास जिंदल ने कहा कि कॉलेज के डिपार्टमेंट ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफासिअल सर्जरी की सरहाना की और साथ ही डिपार्टमेंट के ओरल सर्जन्स एचओडी डॉ. दिव्ये मल्होत्रा एवं असिस्टेंट प्रो. डॉ. अक्षत शर्मा को उनकी इस पहल के प्रति सराहना की।

# बस सवार से 207 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीएसएल थाना सुंदरनगर के दल ने परिवहन निगम की बस में सवार पटियाला निवासी एक यात्री से 207 ग्राम चरस बरामद की है।

जानकारी अनुसार बीएसएल थाना के दल ने वीरवार देर शाम शुकदेव वाटिका के निकट नाका लगा रखा था। इस दौरान पुलिस ने मणिकर्ण से हरिद्वार जा रही बस को जांच के लिए रोका। बस में यात्रियों की तलाशी के दौरान पुलिस ने विनोद कुमार पुत्र हरबंस लाल निवासी शीतला माता मंदिर चौक पटियाला पंजाब के पास से 207 ग्राम चरस बरामद की। मामले की पुष्टी एसपी साक्षी वर्मा ने की है।

# कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में छात्रों को मिली नौकरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अभिलाषी विश्वविद्यालय चैलचौक मंडी हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत चल रहे एमबीए, एमएससी जूलॉजी, एमएससी एग्रीकल्चर कोर्स के अंतिम सेमेस्टर के 6 छात्र जस्ट डायल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में नौकरी के लिए चयनित हुए हैं।

अभिलाषी विश्वविद्यालय के डायरेक्टर ट्रेनिंग व प्लेसमेंट डॉ. शैम्पी दुग्गल ने बताया कि जस्ट डायल कंपनी द्वारा छात्रों का चयन टेक्निकल व एचआर राउंड के बाद किया गया। चयनित छात्रों को सालाना 3 लाख तक के पैकेज ऑफर किए गए हैं। इस प्लेसमेंट ड्राइव में जस्ट डायल कंपनी द्वारा एमबीए कोर्स के छात्र जिसमें पोशाली, करण, धीरज, अमन ठाकुर, एमएससी जूलॉजी से इंदु बाला व एमएससी एग्रीकल्चर से ललित को चयनित किया गया। अभिलाषी विवि के वाइस चांसलर प्रो. एचके ने बताया कि इस महीने अभिलाषी विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में हिस्सा ले रही हैं। इस दौरान अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आरके अभिलाषी, प्रो. चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रो. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल, जीनीयस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी ने छात्रों को बधाई दी है।



चयनित छात्र डायरेक्टर ट्रेनिंग व प्लेसमेंट डॉ. शैम्पी दुग्गल के साथ।

# 16 को बिजली रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत मंडल-एक नरेश ठाकुर ने सूचित किया है कि अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव-2025 की तैयारियों के दृष्टिगत 16 फरवरी रविवार को 11 केवी पड्डल की आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य किया जाना निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि कार्य के चलते 16 फरवरी को 11 केवी फीडर के तहत आने वाले क्षेत्र पड्डल, गुरुद्वारा, कांगड़ी धार, आईटीआई, पुलिस लाइन, बस स्टैंड, डिग्री कॉलेज में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

# पपलोग-लाका लिंक रोड किया जाएगा लोनिवि के हवाले : दिलीप

**विधायक ने किया लाका में महिला मंडल भवन का उद्घाटन**

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर ने लगभग 5,00,000 रुपए से निर्मित महिला मंडल भवन लाका का शुभारंभ किया। उन्होंने जनता को कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर नाकाम साबित हुई है।

कांग्रेस वादा किया था कि 5 लाख बेरोजगार युवाओं को सरकारी क्षेत्र में रोजगार दिया जाएगा, लेकिन 2 वर्ष बीतने के बाद भी दो हजार रोजगार देने में भी असफल रही है। इन्होंने जो गारंटियां कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में की थी उन्हें पूरा करने में यह सरकार विफल रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार केंद्र से मिल रहे पैसे चल रही है। इस अवसर पर उन्होंने पपलोग से लाका लिंक रोड को लोक निर्माण विभाग के हवाले करने व इसके लिए धन उपलब्ध करवाने की बात भी कही। उन्होंने महिला मंडल लाका के डंगे के लिए एक लाख रुपए तथा पच्चीस हजार रुपए महिला मंडल को सामान खरीदने के लिए देने की घोषणा की।

# मारपीट करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** थाना धनोटू में बुजुर्ग दंपति के साथ भाभी व भतीजे द्वारा मारपीट को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में मोहन सिंह (75) पुत्र संतराम निवासी गांव रौपाली डाकघर चुनाहन तहसील बल्ह ने कहा है कि उसकी भाभी और भतीजे ने जमीनी विवाद को लेकर उससे व पत्नी पार्वती देवी के साथ गाली गलौज व डंडे से मारपीट की है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# हिमाचल बना नशे और खनन माफिया का अड्डा : जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार, खनन माफिया के आतंक और बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की लापरवाही और विफल नीतियों के कारण हिमाचल नशे और अपराध का गढ़ बन गया है। जिले में एसडीएम के साथ हुई मारपीट, उनके दांत तोड़ने की घटना, प्रदेश में बढ़ते अपराधों का सबसे बड़ा प्रमाण है। यह घटना साबित करती है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और माफिया पूरी तरह बेलगाम हो गया है।

उन्होंने कहा कि नगर परिषद की कांग्रेस समर्थित पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद के घर पर हुई एसटीएफ की रेड इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस सरकार में नशे के सौदागरों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। यही कारण है कि इस कार्रवाई के बाद स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

**मुसीबत** | कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण रुके पड़े हैं कार्य

# सधोट पंचायत में विकास कार्य ठप, जनता परेशान

**रितेश, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत सधोट में सरकारी कर्मचारियों की अनुपस्थिति से पंचायत के विकास कार्य ठप हो गए हैं, जिससे स्थानीय जनता परेशान है। यह बात पंचायत उपप्रधान कुलदीप सिंह ठाकुर ने कही।

उन्होंने बताया कि पंचायत कर्मचारी पहले अधिकतर समय वीडीओ कार्यालय में कार्यरत रहते थे, लेकिन अब उन्हें सुंदरनगर स्थानांतरित कर दिया गया है। ऐसी संभावना है कि जल्द ही उन्हें जिला मुख्यालय मंडी भी भेजा जा सकता है। कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण पंचायत के विकास कार्य रुके पड़े हैं, वहीं लोगों के निजी कार्य भी अधर में लटके हुए हैं। उपप्रधान कुलदीप सिंह का कहना है कि प्रशासन को इस स्थिति से अवगत करवाया जा चुका है और मांग की गई है कि पंचायत कर्मचारियों को पंचायत घर में ही कार्य करने दिया जाए, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। उपप्रधान ने कहा कि जिस आशंका का डर था, वही अब सच साबित हो रही है। कभी कर्मचारियों को बीडीओ कार्यालय बुलाया जाता है, तो कभी सुंदरनगर और मंडी भेजा जाता है, जिससे उन्हें पंचायत के कार्यों के लिए बहुत कम समय मिल रहा है।



वर्तमान में पंचायत में मात्र दो कर्मचारी-जय सिंह और मुकुंद लाल-कार्यरत हैं, जिन पर तीन पंचायतों की जिम्मेदारी है। इतने बड़े क्षेत्र का भार उठाना दो कर्मचारियों के लिए संभव नहीं है, जिससे कार्यों में देरी हो रही है। (अनंत ज्ञान)

### पंचायत स्टाफ की कमी को पूरा करने की मांग

स्थानीय ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि पंचायत कार्यालय में स्टाफ की कमी को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि पंचायती राज व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। पंचायत की इस अनदेखी को लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो ग्रामीण खंड विकास कार्यालय से लेकर संबंधित पंचायतों तक विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# सुरगणी माता मंदिर के लिए रघुवीर का सराहनीय योगदान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पंजाब के गढ़शंकर निवासी अप्रवासी भारतीय (एनआरआई) रघुवीर सिंह ने हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के चलोटी धार स्थित सुरगणी माता मंदिर के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



उन्होंने मंदिर में प्रतिदिन जलसेवा करने के लिए चलोटी गांव की प्रवीणा देवी को हर माह 2500 देने का निर्णय लिया है। रघुवीर सिंह का हिमाचल प्रदेश, विशेष रूप से जोगिंद्रनगर और लडभड़ोल क्षेत्र, से गहरा भावनात्मक लगाव है। वे सुरगणी माता मंदिर समिति से लंबे समय से जुड़े हुए हैं।

# सज्योपिपलू पंचायत प्रधान पर लगे भेदभाव के आरोप

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

सज्योपिपलू पंचायत प्रधान पर उनके खिलाफ चुनाव लड़ चुकी मीना देवी ने उनके वार्ड में विकास कार्यों में भेदभाव बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने वर्तमान प्रधान के खिलाफ प्रधान पद का चुनाव लड़ा था और उसी कारण उनके वार्ड में एक भी सीमेंट का बेंच नहीं लगाया गया, जबकि अपने वार्ड में 22 सीमेंट बेंच लगा दिए।

मीना देवी ने बताया कि उन्होंने इसकी आरटीआई मांगी, जिसमें पता चला कि कोट गदोहल वार्ड में 5 बेंच, गदयाड़ा वार्ड में 2 बेंच, पारच्छु वार्ड में 7 बेंच व सज्योपिपलू वार्ड में 22 बेंच लगाए हैं। रटकेल वार्ड में एक भी बेंच नहीं लगाया है। उन्होंने कहा कि यह सब द्वेष की भावना से किया गया है। उन्होंने कहा कि जो बेंच लगाए गए हैं वह भी बेहद ऊंचे दामों 5555 रुपए प्रति खरीदे हैं। उन्होंने कहा कि जितनी दोषी जनता के हितों अनदेखी करने की प्रधान है, उतनी ही वार्ड रटकेल वार्ड की मेंबर भी है। जब प्रस्ताव पास हुए होंगे तो मेंबर ने भी तो हस्ताक्षर किए होंगे, सब कार्य उनकी सहमति और समक्ष हुए हैं तो क्यों फिर मेंबर ने अनदेखा किया, जिस वार्ड की जनता ने वोट देकर प्रधान और मेंबर को जन कल्याण के लिए चुना था। आज वो ही जनता को चूना लगा रहे हैं। उन्होंने जिला उपायुक्त मंडी, एसडीएम धर्मपुर व बीडीओ धर्मपुर से जांच की मांग उठाई है।

**प्रतिद्वंदी के वार्ड में नहीं लगाया एक भी सीमेंट बेंच, अपने वार्ड में लगाए 22 बेंच**

### पूर्व प्रत्याशी बेवजह लगा रहे आरोप : प्रधान सरिता

**सज्याओ** पीपलू पंचायत प्रधान सरिता देवी ने तमाम आरोपों को निराधार बताते कहा कि पूर्व प्रत्याशी बेवजह आरोप लगा रही है। पूरी पंचायत में एक समान विकास कार्य हुए हैं, जो मर्जी जांच करवा ले। सजाओ में जो 22 बेंच लगे हैं वह अस्पताल स्कूल और सड़कों के किनारे लगाए हैं। रटकेल वार्ड में बेंच लगाने के लिए कहीं भी जगह नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलवामा के शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में एनएसएस, एनसीसी और रोवर रेंजर इकाई के तत्वावधान में पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों के प्रति श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विद्यार्थियों को उनके बलिदान और समर्पण की महत्ता को समझाया। श्रद्धांजलि सभा में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी, एनसीसी केयर टेकर डॉ. विनोद कुमार, रोवर प्रमुख प्रो. कमलेश, रेंजर प्रमुख प्रो. निकिता गुप्ता, प्रोफेसर नंदलाल, कॉलेज सुपरिंटेंडेंट राकेश पाठक, एनएसएस कैप्टन तीक्ष्ण, एनएसएस वाइस प्रेजिडेंट शुभम शर्मा, सचिव परीक्षा, एनसीसी अंडर ऑफिसर ऋषभ, रेंजर पमिता देवी, नेहा देवी, कनु शर्मा, तानिया और मधु सहित गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। महाविद्यालय में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा ने विद्यार्थियों को शहीदों की शहादत और उनकी वीरता के प्रति सम्मान और श्रद्धा का अहसास कराया।

### करियर काउंसिलिंग पर छात्रों को दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में भविष्य के बारे में काउंसलिंग और भविष्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान स्कूल के शिक्षक मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि भविष्य काउंसलिंग और जानकारी, किसी व्यक्ति को अपने करियर के लिए सही विकल्प चुनने में मदद करने की प्रक्रिया है। इसमें व्यक्ति की रुचियों, योग्यताओं, और लक्ष्यों के मुताबिक भविष्य को पथ तलाशने में मदद की जाती है। इसके अलावा उन्होंने 'कृत्रिम बुद्धिमता' पर भी प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य अनिल ठाकुर ने विद्यार्थियों को कहा कि ए-वन और तकनीकी युग में भविष्य के प्रति जागरूक और सचेत रहने की जरूरत है और भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर तरीके से तैयार रहने की आवश्यकता है। इस दौरान स्कूल के उपप्रधानाचार्य अनिल कुमार, बलवंत सिंह, प्रवीण शर्मा, अंबिका व अन्य सभी अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### जटहेड़ी में सड़क सुरक्षा पर किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जटहेड़ी में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा स्कूल में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के बारे में रैली निकाली गई। स्कूल के प्रधानाचार्य देवराज धीमान एवं स्कूल के सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और सामाजिक लोगों ने मिलकर जागरूकता रैली निकाली और सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण नियमों के बारे में लोगों को अवगत कराया। रोड सेफ्टी क्लब पीटीआई प्रभात सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन बिलकुल भी प्रयोग न करें। इस मौके पर शशि पाल द्वारा सड़क सुरक्षा पर क्विज और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

### नारी कॉलेज में बच्चों को परीक्षा के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उच्च विद्यालय नारी में परीक्षा से पहले बच्चों को कैसी तैयारी करनी चाहिए और स्ट्रेस जो परीक्षा के कारण होता है, उसमें से कैसे बाहर निकलना है, के संबंध में जानकारी दी गई। रिसोर्सपर्सन सेवानिवृत्त प्रवक्ता सतीश शर्मा ने बच्चों को कहा कि अभी कुछ दिन परीक्षाओं को रह गए हैं, अब भी यदि आप घर पर अपना टाइम टेबल बनाकर हर सब्जेक्ट का रिवीजन करते हैं तो आप परीक्षा में सफल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब हम किसी बात को दिमाग में बिठाकर बार-बार रिपीट करते रहते हैं तो वह बात दिमाग में बैठ जाती है, जो कि नेगेटिविटी भी पैदा करती है और स्ट्रेस भी साथ ही लेकर आती है। इससे छुटकारा पाने का सबसे आसान उपाय है कि आज से ही भ्रामरी प्राणायाम 5 मिनट और लंबे-लंबे श्वास लेने की प्रक्रिया भी 5 मिनट तक करनी होगी।

### छात्रों ने मशरूम केंद्र टक्का का भ्रमण किया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** कक्षा 6वीं से 8वीं तक के छात्रों ने मशरूम केंद्र टक्का का शैक्षणिक दौरा किया। इस दौरान उनके साथ शिक्षक मनोज कुमार (टीजीटी), सुनेना शर्मा (टीजीटी), सोम नाथ (टीजीटी) और रीता रानी भी उपस्थित रहे। छात्रों ने मशरूम की खेती प्रक्रिया, उसकी देखभाल, उत्पादन के चरणों और आय के साधन के रूप में इसकी उपयोगिता के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। केंद्र के विशेषज्ञों ने उन्हें मशरूम उत्पादन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। विद्यालय प्रशासन ने मशरूम केंद्र और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

### रोवर रेंजर इकाई का प्रवेश टेस्टिंग कैंप शुरू



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय ऊना की रोवर रेंजर इकाई द्वारा पांच दिवसीय प्रवेश टेस्टिंग कैंप का शुभारंभ किया गया। इसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। उन्होंने बच्चों को इस तरह के शिविरों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया एवं अपना आशीर्वाद दिया। डॉ. शाम सिंह बैंस ने पांच दिन की रूपरेखा साझा की। इस कैंप में 46 रोवर एवं रेंजर भाग ले रहे हैं। यह कैंप रोवर स्काउट लीडर डॉ. शाम सिंह बैंस एवं रेंजर लीडर डॉ. रंजू बनोता की देखरेख में करवाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रो. पुनीत कंवर, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. भगवान दास एवं प्रो. विकास सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### कशिश और निहारिका ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दियाड़ा में इको क्लब के सौजन्य से 'मेरी भूमि मेरा भविष्य' और पर्यावरण संरक्षण थीम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का संचालन किया गया। भाषण, निबंध, नारा लेखन पोस्टर मेकिंग में लगभग 60 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। प्रधानाचार्य सुशील कुमार ठाकुर द्वारा प्रथम, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने हेतु सम्मानित किया। भाषण प्रतियोगिता में कशिश प्रथम सानिया द्वितीय और निहारिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में दिलप्रीत ने प्रथम, जतिन ने द्वितीय और आयूष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन में शिवानी ने प्रथम, राधिका ने द्वितीय और रिशिता और वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में दिलप्रीत ने प्रथम, जतिन ने द्वितीय और आयूष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन में शिवानी ने प्रथम, राधिका ने द्वितीय और रिशिता और वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# बैंक कर्मियों ने किया केंद्र सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन

## पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू न करने पर जताया रोष

**सन्नी पुरी, गगरेट**



बैंक कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

बैंकिंग उद्योग में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह शुरू करने के लिए भारतीय बैंक संघ व बैंक यूनियनों में हुए समझौते को एक साल बीत जाने के बाद भी केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित न करने पर बैंक कर्मियों में आक्रोश बढ़ने लगा है। अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को बैंक कर्मचारियों ने विभिन्न बैंकों के क्षेत्रीय, जोनल व प्रधान कार्यालयों के समक्ष प्रदर्शन किया। एसबीआई अफसर एसोसिएशन के शिमला मोड्यूल के प्रधान अंजन केशव ने कहा कि अगर केंद्र सरकार ने बैंक कर्मचारियों की जायज मांगों की ओर ध्यान नहीं दिया तो तीन मार्च को दिल्ली में धरना और उसके बाद 24 व 25 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्र व्यापी हड़ताल करने से भी बैंक कर्मचारी गुरेज नहीं करेंगे।

एसबीआई अफसर एसोसिएशन शिमला मोड्यूल के प्रधान अंजन केशव ने कहा कि मार्च 2024 में भारतीय बैंक संघ व बैंक यूनियनों के बीच हुए समझौते में यह तय हुआ था कि बैंक कर्मचारियों पर काम के बढ़ते दवाब व मानसिक तनाव को कम करने के लिए सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह को लागू किया जाएगा।

इस सिफारिश को लागू करने व औपचारिकता पूरी करने के लिए इसे केंद्र सरकार को भेजा गया था। सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों में चौबीस घंटे और सप्ताह के सातों दिन डिजिटल सेवाएं पहले से ही उपलब्ध हैं। अधिकांश सरकारी एवं कार्पोरेट कार्यालय पहले ही सप्ताह में पांच दिन काम करते हैं, इसलिए बैंकिंग क्षेत्र में इसे तुरंत प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए। इससे ग्राहक सेवा और उत्पादकता में वृद्धि होगी। यूनियन द्वारा बैंकों के सभी संवर्ग में स्थायी भर्ती को भी समय की जरूरत बताया।

यूनियन नेता ने इस बात पर बल दिया कि मजबूत कार्यबल न केवल बेहतर ग्राहक सेवा सुनिश्चित करता है, बल्कि मौजूदा कर्मचारियों पर काम का दवाब भी कम करता है। जिससे बैंकिंग परिचालन की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में निजीकरण के प्रयासों का भी विरोध किया। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस भर्ती को लेकर युवाओं ने दिखाया उत्साह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** ऊना जिला में चल रही हिमाचल प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा के चौथे दिन पुलिस लाइन झलेड़ा में कुल 1559 में से 923 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जबकि 636 युवा अनुपस्थित रहे। परीक्षा की निगरानी एसपी ऊना राकेश सिंह ने की, जिसमें पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों की मदद भी ली गई।

तीसरे दिन हुई परीक्षा में भाग लेने वाले 923 युवाओं में से मात्र 167 उम्मीदवार सफल हो पाए, जबकि 766 अभ्यर्थी असफल रहे। पुलिस भर्ती की यह प्रक्रिया बीते चार दिन से लगातार जारी है। पहले दिन 1113 अभ्यर्थियों में से 184 सफल, दूसरे दिन 1124 में से 204 सफल और तीसरे दिन 969 में से केवल 97 उम्मीदवारों ने परीक्षा पास की, जबकि चौथे दिन 923 में से 167 पास हुए। चार दिनों में कुल 4129 युवाओं ने अपना भाग्य आजमाया, जिनमें से 654 उम्मीदवार शारीरिक दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण में लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें सफल उम्मीदवारों को शामिल होने का अवसर मिलेगा। पुलिस भर्ती को लेकर युवाओं में भारी उत्साह है।

# हरोली को मुकेश की बड़ी सौगात शुरू हुई दुलैहड़ मुद्रिका बस सेवा



**अनंत ज्ञान, ऊना**

हरोली क्षेत्र की जनता को बेहतर परिवहन सुविधा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने क्षेत्रवासियों को दुलैहड़ मुद्रिका बस सेवा की सौगात दी है। हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) द्वारा संचालित यह सेवा शुक्रवार 14 फरवरी से नियमित रूप से शुरू हो गई है। दुलैहड़-झुगियां-ऊना रूट पर प्रतिदिन चलने वाली इस बस सेवा से स्थानीय निवासियों को सुविधाजनक और नियमित परिवहन सेवा मिलेगी। यह सेवा विशेष रूप से स्कूली विद्यार्थियों और नौकरीपेशे वालों के लिए बेहद सुविधाप्रद होगी।

एचआरटीसी ऊना के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश धीमान ने बताया कि यह बस दुलैहड़, लालूवाल, हीरां नगर, गोंदपुर झुगियां, सिंगा, बाथू, वट कलां, टाहलीवाल, नंगल खुर्द, ललड़ी, चंदपुर, पालकवाह, हरोली और रामपुर होते हुए ऊना पहुंचेगी। शाम को ऊना से यह वापस इसी रूट से होते हुए दुलैहड़ पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि बस सेवा प्रतिदिन सुबह 7.05 बजे दुलैहड़ से चलकर 9.55 बजे ऊना पहुंचेगी, जबकि शाम 3.30 बजे ऊना से रवाना होकर 6.15 बजे दुलैहड़ पहुंचेगी।

इस नई परिवहन सुविधा के शुरू होने से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। हीरां नगर के उपप्रधान रमेश धीमान ने कहा कि यह बस सेवा हरोली क्षेत्र के निवासियों के लिए बहुत मददगार साबित होगी। वहीं, वट कलां की पूर्व प्रधान उर्मिला ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वट कलां के लिए यह पहली नियमित बस सेवा है। यह सब उपमुख्यमंत्री जी के प्रयासों से ही संभव हो पाया है। उन्होंने इसके लिए पूरे क्षेत्रवासियों की ओर से उनका आभार जताया है।

# विद्यार्थियों ने किया आईटीआई नैहरियां का एक्सपोजर विजिट



**विवेक शर्मा, अंब**

राजकीय उच्च विद्यालय घगोह के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को नैहरियां स्थित सरकारी आईटीआई में एक दिवसीय 'एक्सपोजर विजिट' की।

इस मौके पर उन्होंने आईटीआई की कार्यप्रणाली और वर्तमान में यहां चल रहे व्यवसायों के बारे में विस्तार से जाना। आईटीआई के समूह अनुदेशक राकेश कुमार ने बताया कि वर्तमान में इस आईटीआई में फिटर, एसओटी और ड्रेस मेकिंग व्यवसायों में 85 प्रशिक्षु प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि जब आप घर जाएं तो आईटीआई और आईटीआई में चल रहे विभिन्न व्यवसायों के बारे में अपने परिजनों और दोस्तों को जरूर बताएं।

आईटीआई के अनुदेशकों सुनील कुमार, सुनील दत्त और सुमन कुमारी ने भ्रमण पर आए छात्र-छात्राओं को विभिन्न कार्यशालाओं में ले जाकर वहां स्थापित मशीनों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर अनुदेशक विवेक कुमार, कार्यालय प्रभारी निर्मल कुमार और अध्यापक विनय कुमार, अनीता देवी, कमलेश कुमारी, शबनम, आशा देवी और अस्माइल बीवी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# बंगाणा से जुड़ेगी कोट-फाल्ह-गलोड़ की जनता

- 33 वर्ष बाद मिली ननावी-फाल्ह-गलोड़ सड़क निर्माण की स्वीकृति
- विवेक ने 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की बहुचर्चित सड़क ननावी-फाल्ह-गलोड़ के निर्माण को लेकर आखिरकार 33 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद बड़ी खुशखबरी मिली है। विधायक विवेक शर्मा के अथक प्रयासों से मुख्यमंत्री सुक्खू ने फॉरेस्ट विभाग से इस सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलाकर हजारों ग्रामीणों के सपने को साकार किया है। यह सड़क 1992 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शांता कुमार द्वारा इस सड़क निर्माण की घोषणा की गई थी, लेकिन तब से यह योजना केवल कागजों तक ही सीमित रही, लेकिन विधायक विवेक शर्मा ने उक्त सड़क निर्माण को लेकर प्रयास करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के पास यह समस्या रखते हुए फॉरेस्ट विभाग से एनओसी दिलाकर जनता को बड़ी राहत प्रदान की है।

हालांकि सोलह सिंगी धार के मध्य ही उक्त सड़क का निर्माण कार्य अधूरा है। कोट और ननाबीं से मलकीयत भूमि पर उक्त सड़क का निर्माण कार्य हो चुका है और अब उक्त सड़क निर्माण होने से पीपलू से लेकर डरोह तक जनता को सीधा लाभ मिलेगा और हमीरपुर की दूरी भी कम होगी। विधायक विवेक शर्मा ने 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान ननावी में मीडिया से बात करते हुए उक्त सड़क निर्माण के लिए फॉरेस्ट विभाग द्वारा दी गई एनओसी के बारे में जानकारी दी।

विवेक शर्मा ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा, क्योंकि यह क्षेत्र अब तक सड़क सुविधा से वंचित था। 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम का उद्देश्य जनता की समस्याओं को घर-द्वार पर ही सुनना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करना है। विवेक शर्मा ने कहा यह सड़क केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास की नई राह है। विवेक शर्मा ने कहा कि ननावीं-फाल्ह-गलोड़ सड़क के निर्माण से इस क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ होगा। अब लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। छात्रों, किसानों, व्यापारियों और मरीजों के लिए यह सड़क एक वरदान साबित होगी। विवेक शर्मा ने कहा कि अस्पताल पहुंचने में काफी दिक्कत होती थी। एंबुलेंस भी नहीं आ पाती थी। अब इस सड़क के बनने से हमारी परेशानी दूर हो जाएगी।

विवेक शर्मा ने कहा कि 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र की जनता की समस्याओं को मौके पर ही हल करना है। इस कार्यक्रम के तहत वह स्वयं जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनेंगे और तत्काल समाधान का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा जनता की सेवा ही हमारा पहला कर्तव्य है। लोग अपनी समस्याओं को लेकर सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटते रहते हैं, इसलिए हमने सोचा कि क्यों न हम स्वयं जनता के पास जाएं और उनकी परेशानियों का हल निकालें।

### दड़ा-सट्टा की पर्चियों समेत युवक काबू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सदर पुलिस ने वरनोह बाजार में दड़ा-सट्टा का धंधा करने पर युवक को काबू किया है। आरोपी की पहचान संदीप कुमार पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी वार्ड 3 मोहल्ला गलुआ ऊना के तौर पर हुई है। उसके कब्जे से 910 रुपए व पर्ची दड़ा सट्टा बरामद हुई हैं।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर कटे चालान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला पुलिस ऊना द्वारा यातायात के नियमों की अवहेलना करने पर 252 चालान किए गए, जिनमें से 110 चालानों का मौका पर निपटारा कर जुर्माने के रूप में 73,900 रुपए वसूले।

### धूम्रपान करने पर जुर्माना वसूला

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सार्वजानिक स्थान पर धूम्रपान करने पर 10 व्यक्तियों के चालान किए गए हैं। इनसे जुर्माने के रूप में 1000 रुपए प्राप्त किए गए।

### अवैध खनन पर कसा शिकंजा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला पुलिस द्वारा अवैध खनन अधिनियम के तहत अवैध खनन करने पर एक वाहन का चालान किया गया व जुर्माने के रूप में कुल 5000 रुपए प्राप्त किए गए। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने कहा कि अवैध खनन पर शिकंजा कसा गया है। रात-दिन चेकिंग की जा रही है जो कि भविष्य में जारी रहेगी। उन्होंने खनन माफिया को कहा कि अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए कार्रवाई जारी रहेगी।

### 27 तक मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग में बाइंडिंग मशीन अटेंडेंट के 3 पद भरे जाएंगे। इन पदों में ओबीसी श्रेणी में 1 पद, सामान्य श्रेणी में 1 पद और ईडब्ल्यूएस श्रेणी का 1 पद शामिल है। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने उक्त जानकारी दी।

# थानाकलां स्कूल हिमाचल में अपनी बना रहा अलग पहचान

**विनोद शर्मा, लठियाणी**

उपमंडल बंगाणा का राजकीय आदर्श माध्यमिक पाठशाला थानाकलां हिमाचल में अपनी अलग पहचान बना रहा है। यह स्कूल कई प्रकार की सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है। इस स्कूल में हर प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य योगराज भारद्वाज ने अपने कार्यकाल में बच्चों की पढ़ाई के लिए बहुत ही अच्छा वातावरण एवं खेल के मैदान की बहुत ही बढ़िया सुविधा उपलब्ध करवाई।

योगराज भारद्वाज इसी स्कूल से सेवानिवृत्त होकर सामाजिक कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं। योगराज भारद्वाज के सेवानिवृत्ति के पश्चात स्कूल में प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने कार्यभार संभाला। उन्होंने भी स्कूल के उत्थान के लिए अन्य कार्यों को और भी गति देते हुए विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवा रहे हैं। स्कूल के कुछ भवन जर्जर हो चुके थे, जिन्हें कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा के सहयोग से नई रूपरेखा देकर विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बहुत ही बढ़िया भवन का निर्माण करवाया। पढ़ाई के क्षेत्र में भी स्कूल के होनहार विद्यार्थी बहुत ही अच्छे अंक लेकर मेरिट में अपना और स्कूल का नाम सुनहरी अक्षरों में अर्जित करवा रहे हैं।

स्कूल की दो छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक यात्रा के लिए कनक और समीक्षा को शैक्षणिक भ्रमण के लिए सिंगापुर और हंगरी के लिए चयन होने की उपलब्धि भी हासिल की है। खेल के क्षेत्र में स्कूल ने बहुत ही अच्छे खिलाड़ी जिलाऔर राज्य स्तर पर अपने प्रतिभा दिखाकर अपने जिला एवं स्कूल का मान सम्मान एवं बढ़ा रहे हैं।

स्कूल के शारीरिक अध्यापक अशोक धीमान खिलाड़ियों का बहुत ही अच्छा मार्गदर्शन कर खेल की बारीकियां के बारे में बहुत ही अच्छे ढंग से उन्हें प्रेरित करते हैं। इसके अलावा भी स्कूल अन्य गतिविधियों में भी अव्वल रहा है। (अनंत ज्ञान)

# ऊना में कचरा पृथक्करण को लेकर 'डोर टू डोर' जागरूकता अभियान आरंभ

**अनंत ज्ञान, ऊना**



नगर निगम ऊना में 'स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर' अभियान के तहत साफ-सफाई की गई।

नगर निगम ऊना में 'स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर' अभियान के तहत कचरा पृथक्करण को बढ़ावा देने के लिए विशेष 'डोर टू डोर' जागरूकता अभियान आरंभ किया गया है। इस अभियान के तहत स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों ने नगर निगम क्षेत्र में पूर्व परिषद के विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर लोगों को गीले, सूखे और हानिकारक कचरे के सही निस्तारण की जानकारी दी।

नगर निगम ऊना के आयुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने सभी नागरिकों से इस पहल में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि नगर निगम वासी अपने घरों से ही कचरा पृथक्करण को अपनाकर स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध ऊना बनाने में योगदान दें। इस अभियान के तहत शुक्रवार को वार्ड नंबर 2 में 145 घरों का दौरा करके स्थानीय निवासियों से यह जानकारी ली गई कि क्या वे गीला और सूखा कचरा अलग-अलग देते हैं, क्या उनका घर सीवरेज लाइन से जुड़ा हुआ है और क्या सेप्टिक टैंक की सुविधा उपलब्ध है। इस दौरान सफाई कर्मचारियों के माध्यम से नागरिकों को यह भी बताया गया कि वे कचरे को सही तरीके से अलग करके दें ताकि उसका सही निस्तारण किया जा सके।

#### जनता ने सराहे प्रयास

स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा। वार्ड नंबर 2 की निवासी सुमन ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है और अब वे नियमित रूप से कचरे को अलग-अलग करके देंगे। वहीं, इसी वार्ड की पूनम ने कहा कि अगर घरों से ही कचरा अलग किया जाए तो उसका सही निस्तारण किया जा सकता है। वहीं, आशा देवी ने इस अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि जागरूकता के साथ-साथ नागरिकों को अपनी आदतों में बदलाव लाना होगा और प्रतिदिन कचरा अलग-अलग करके देना होगा ताकि यह अभियान सफल हो सके।

# बंगाणा कॉलेज और पिपलू स्कूल के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंगाणा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिपलू के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने बताया कि इस समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य दोनों संस्थाओं के बीच शिक्षा, विकास और शोध के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना है।

समझौते के तहत विद्यालय विकास की योजना बनाई जाएगी, संकाय और ढांचागत साधनों को साझा किया जाएगा और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कौशल आधारित प्रमाणन पाठ्यक्रमों का संचालन, विद्यार्थियों को करियर परामर्श एवं मार्गदर्शन, सहयोगात्मक कार्यशालाएं और प्रशिक्षण आयोजित करना तथा विभिन्न परियोजनाओं में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संलग्न करना भी इस समझौते का हिस्सा होगा। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि यह समझौता दोनों संस्थाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो छात्रों के लिए नए अवसरों और दिशा को खोलता है।

यह साझेदारी विद्यार्थियों की शिक्षा को और अधिक प्रभावशाली और व्यावहारिक बनाएगी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीपलू के प्रधानाचार्य मदन लाल धीमान ने इस पहल का स्वागत किया और कहा कि यह समझौता दोनों संस्थाओं के विद्यार्थियों के लिए न केवल अकादमिक दृष्टिकोण से, बल्कि करियर निर्माण और व्यक्तिगत विकास के लिहाज से भी लाभकारी साबित होगा। महाविद्यालय की ओर से प्रो. सिकंदर नेगी, डॉ. विनोद कुमार, प्रो. कृष्ण चंद, प्रो. अरविंद रतन और प्रो. कमलेश, जबकि स्कूल की ओर से लेक्चरर अनिल डोगरा, लेक्चरर विनीत कुमार, विजय कुमार, दिनेश कुमार और राजेश कुमार समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन** राज्य निर्वाचन आयुक्त ने स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर की बैठक

# चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष रखने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, ऊना**



राज्य निर्वाचन आयुक्त ने ऊना में प्रशासनिक अधिकारियों के संग की बैठक।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल कुमार खाची ने वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित पंचायतीराज संस्थानों और शहरी निकायों के चुनावों की प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को ऊना के जिला परिषद बैठक कक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने चुनावी प्रक्रिया के सुचारु एवं निष्पक्ष संचालन के लिए पूर्व योजना और समुचित तैयारी को आवश्यक बताया।

उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों में हार-जीत का अंतर अक्सर बहुत कम होता है, जिससे जनता की इस पर विशेष नजर रहती है, ऐसे में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनावी प्रक्रिया एवं अपने दायित्वों की पूरी जानकारी होनी चाहिए, ताकि किसी प्रकार की समस्या न आए। खाची ने अधिकारियों को चुनावी अधिनियम, नियमों और निर्वाचन आयोग की ओर से समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का गहन अध्ययन करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर दिया कि सभी अधिकारी-कर्मचारी चुनावी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी शंका का समय रहते स्पष्टीकरण प्राप्त कर लें, जिससे चुनावों का सुचारु निष्पादन सुनिश्चित हो सके।

राज्य निर्वाचन आयोग इसमें हर तरह से मदद के लिए तत्पर है। उन्होंने अधिकारियों को चुनावों को लेकर मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया को पूरी सतर्कता और सावधानी से संपन्न कराने पर विशेष ध्यान देने को कहा, साथ ही चुनावी प्रक्रिया की रिकॉर्ड-कीपिंग, रजिस्टरों के रखरखाव एवं समय पर प्रविष्टियों को सुनिश्चित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा आगे सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए समुचित प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। बैठक के अंत आयोजित शंका समाधान सत्र में राज्य निर्वाचन आयुक्त ने प्रतिभागियों के चुनाव प्रक्रिया से जुड़े प्रश्नों-जिज्ञासाओं का समाधान किया। बैठक में निर्वाचक अधिकारी संजीव महाजन ने चुनावी तैयारी, योजना और प्रबंधन पर विस्तृत प्रेजेंटेशन देकर सभी अधिकारियों को चुनावी प्रक्रिया की क्रमवार पूर्ण जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने राज्य निर्वाचन आयुक्त के सभी दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित बनाने का आश्वासन दिया। बैठक में सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा, एसडीएम ऊना विश्वमोहन देव चौहान, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, एसडीएम अंब सचिन शर्मा, एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम, जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक विवेक ने पुलवामा हमले की बरसी पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले की पांचवीं बरसी पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने उन वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। विधायक विवेक शर्मा ने विशेष रूप से शहीद बृजेश कुमार के गांव ननावीं के मुख्य द्वार पर पहुंचकर उन्हें नमन किया और कहा कि इन शहीदों की कुर्बानी को देश कभी नहीं भूलेगा।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि पुलवामा हमले में शहीद हुए भारतीय सेना के जवानों की शहादत इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो चुकी है। पुलवामा में हुए आतंकी हमले की पांचवीं बरसी पर कुटलैहड़ के शहीद बृजेश कुमार के गांव में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, थाना प्रभारी बंगाणा रोहित चौधरी के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, पूर्व सैनिक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान शहीद बृजेश कुमार की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और उन्हें याद करते हुए देशभक्ति के गीत गाए गए। विवेक शर्मा ने कहा कि सरकार और प्रशासन का दायित्व है कि वह शहीदों के परिवारों की देखभाल सुनिश्चित करें और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान करें।

## न्यूज ब्रीफ

### 136 को सिखाए आपातकालीन प्रतिक्रिया के गुर

**अनंत ज्ञान, आनी।** कुल्लू जिले में चल रहे 14 दिवसीय फेमेक्स कार्यक्रम के आठवें दिन, एनडीआरएफ की 14वीं वाहिनी ने बागीपुल स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अविनाश बजीर सहित 136 शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुए। एनडीआरएफ की टीम ने व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया, जिसमें आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया। प्रशिक्षण में भूकंप से पहले, दौरान और बाद में की जाने वाली सावधानियों पर विशेष ध्यान दिया गया। टीम ने ड्रॉप, कवर, होल्ड तकनीक का प्रदर्शन किया और प्राथमिक चिकित्सा के महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे रक्तस्राव नियंत्रण, सीपीआर से बचाव की जानकारी दी। विशेष रूप से, कम लागत वाले देसी तैरने के उपकरणों का निर्माण, आपातकालीन स्थितियों में लिफ्टिंग और मूविंग की तकनीकें, आपातकालीन स्ट्रेचर का निर्माण, और अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को हैजर्ड, एक्सपोजर, संवेदनशीलता और कोपिंग क्षमता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भी सक्रिय भागीदारी दी और मौके पर ही विभिन्न तकनीकों का अभ्यास किया। एनडीआरएफ की टीम ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

### ग्रामीण इलाकों में फागली उत्सव की धूम



**अनंत ज्ञान, बंजार।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार में ग्रामीण इलाकों में फागली उत्सव की धूम मची हुई है। फागली उत्सव के चलते ग्रामीण इलाकों में मेलों का माहौल बन गया है और यहां मुखौटे पहनकर ग्रामीण पुरानी परंपरा को निभा रहे हैं। ग्रामीण घास से बनी पोशाकें और लकड़ी के मुखोटों को पहनकर भगवान विष्णु के 10 अवतारों की गाथा का भी बखान कर रहे हैं। साथ ही फागली उत्सव में क्षेत्र के विशेष देवताओं से जुड़े लोगों और कारकूनों बीठ मडियाहली पहन कर परंपरा निभाते हुए अश्लील जुमले सुना रहे हैं। कई जगह मुखौटा धारियों हारियानों ने दहकते अंगारों पर कूदकर नृत्य किया, लेकिन दहकते अंगारों से किसी को कोई नुकसान नहीं होता यह देख लोग दंग रह गए। फागली उत्सव के दौरान कई जगहों पर साठ मढ़ियाल्ले यानी मुखौटाधारियों ने देवता के समक्ष रामायण और महाभारत के युद्ध का वर्णन कर नृत्य किया। खास कर समुद्र मंथन का जिक्र भी उत्सव में होता है। यहां के देवी-देवता स्वर्ग प्रवास पर होते हैं और क्षेत्रों में भूत-प्रेतों का वास रहता है। इन प्रेत आत्माओं व भूतों को भगाने के लिए फागली उत्सव मनाया जाता है। वहीं, बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने भी विभिन्न इलाकों में जाकर फागली उत्सव में भाग लिया। विधायक ने कहा कि देव परंपरा पहाड़ी समाज में एक विशेष स्थान रखती है और फागली उत्सव के दौरान देवी-देवता स्वर्ग प्रवास से लौटकर लोगों को सुख-समृद्धि का भी आशीर्वाद देते हैं।

### चिट्टे से जुड़े लोगों के बारे में बताएं, 25 हजार पाएं

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली में चिट्टे को लेकर घाटी के लोग जागरूक होने लगे हैं। पंचायतों के साथ साथ अब ग्राम कमेटियां भी सख्त निर्णय लेने लगी हैं। आज ग्राम विकास समिति पलचान ने प्रस्ताव पारित कर कमेटी ने कड़े निर्णय लिए हैं। कमेटी ने चिट्टे को बेचने व पीने वालों का सामाजिक बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। चिट्टे से जुड़े व्यक्ति व परिवार को ग्राम समिति से मिलने वाली सुविधाओं और सेवाओं से वंचित किया जाएगा साथ ही उसे 50,000 हजार रुपए जुर्माना भी किया जाएगा। समिति ने यह भी निर्णय लिया कि चिट्टा बेचने वाले व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। चिट्टे से जुड़े लोगों की जानकारी देने वाले व्यक्ति को समिति 25000 ईनाम भी देगी। समिति के पदाधिकारी विक्रम ठाकुर, देवी सिंह व भूमि चंद ने बताया की समिति का उद्देश्य गांव में स्वस्थ व नशा मुक्त वातावरण बनाना है, ताकि ग्रामीण बेहतर जीवन जी सकें। साथ ही आने वाली पीढ़ी को एक सुरक्षित और आदर्श समाज मिल सके।

### पुलिस करे पैराग्लाइडिंग साइट्स का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पैराग्लाइडिंग से संबंधित तकनीकी समिति की बैठक शुक्रवार को डीसी तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने पैराग्लाइडिंग साइट्स पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाने के सुझाव दिए, ताकि गतिविधियों की मॉनिटरिंग सही तरह से हो सके। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के पैराग्लाइडिंग करने वाले पायलटों पर अंकुश लगाने के लिए औचक निरीक्षण पर भी अधिक ध्यान दें तथा सभी सदस्य नियमों की अहवेलना होने पर जल्द शिकायत करें। उन्होंने कहा कि पैराग्लाइडिंग की बुकिंग के लिए सिंगल काउंटर की व्यवस्था की जाएगी, ताकि पर्यटकों को भी सुविधा मिल सके तथा इसका नियमन भी बेहतर तरीके से हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि हफ्ते में एक दो-बार पैराग्लाइडिंग साइट्स का पुलिस भी निरीक्षण करे। उन्होंने कहा कि सरकार को इसका प्रस्ताव भेजेंगे कि नियमों को जब्ती, लाइसेंस सस्पेंशन और भारी जुर्माना लगाने की शक्तियां प्रदान की जाएं ताकि नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि ड्रग सर्विलांस पर भी अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है, ड्रग टेस्टिंग किट भी आ गई हैं अब नशा करके पैराग्लाइडिंग करने वालों के औचक टेस्ट होंगे। अधिकारियों को भी निरीक्षण का टारगेट दिया जाए।

# प्रीणी में शुरू हुआ कंगना का 'द माउंटेन स्टोरी' कैफे, पहले दिन कम दिखी भीड़

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/मनाली**



भाजपा सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत का मनाली के प्रीणी स्थित रेस्टोरेंट 'द माउंटेन स्टोरी' शुक्रवार को शुरू हो गया। वेलेंटाइन-डे पर कंगना के रेस्टोरेंट में पर्यटकों की कम भीड़ उमड़ी। कुछ दिन पहले कंगना ने रेस्टोरेंट में पूजा करवाई थी। पहले दिन न तो पूजा हुई और न ही रिबन काटा गया। ग्राहकों के आते ही सेवा शुरू कर दी गई।

रेस्टोरेंट में तमाम पकवानों के अलावा हिमाचली व्यंजन आकर्षण का केंद्र रहेंगे, जिसमें शाकाहारी और मांसाहारी ठानी आकर्षण का केंद्र रहेगी। शाकाहारी थाली-780, जबकि मांसाहारी थाली का दाम 850 रुपए रखा गया है। इसके अलावा नाश्ते में सिड्डू को मुख्य रूप से शामिल किया गया है। कंगना रनौत ने इसे अपना लंबे समय से संजोया सपना बताया है। कंगना रनौत ने इस रेस्टोरेंट का पहला लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा कि बचपन का सपना साकार हुआ। हिमालय की गोदी में मेरा छोटा सा रेस्टोरेंट द माउंटेन स्टोरी।

यह एक प्रेम कहानी है। रेस्टोरेंट मनाली से लगभग 4 किलोमीटर दूर और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के घर से करीब 25 मीटर की दूरी पर स्थित प्रीणी में है। हालांकि कयास लगाए जा रहे थे कि पहले दिन फिल्मी दुनिया और राजनीति से जुड़ी हस्तियां पहुंच सकती हैं, लेकिन रेस्टोरेंट में ग्राहकों के अलावा कोई भी नहीं था। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले की सांसद कंगना रनौत मूल रूप से जिले के सरकाघाट के भांबला की रहने वाली हैं। इसके अलावा कंगना ने मनाली में भी अपना घर बनाया है। यहां पर कंगना ने कैफे खोला है। वहीं, अब होटल भी खोलने जा रही हैं। हाल ही में उन्होंने यहां पर जमीन खरीदी थी। (अनंत ज्ञान)

#### खूब मिल रही बधाइयां जल्द खोलेंगी होटल

उधर, कंगना रनौत के इस कैफे को लेकर उन्हें खूब बधाइयां मिल रही हैं। कांग्रेस ने भी कंगना रनौत को बधाई दी है। केरल कांग्रेस ने ट्वीट कर कंगना को बधाई दी है। कांग्रेस ने लिखा कि हमें आपके नए शुद्ध शाकाहारी रेस्तरां के बारे में जानकर खुशी हुई। आशा है कि आप सभी पर्यटकों को कुछ बेहतरीन हिमाचली शाकाहारी व्यंजन परोसेंगे। इस उद्यम के लिए सभी सफलता की कामना करते हैं। केरल कांग्रेस के इस ट्वीट को शेयर करते ही सोशल मीडिया यूजर्स भड़क उठे। कुछ यूजर्स कंगना के पक्ष में खड़े दिखे, तो कुछ लोगों ने कंगना के विरोध में कमेंट किए। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा कि क्या यह अकाउंट हैक कर लिया गया है?। वहीं, एक अन्य यूजर्स ने लिखा कि कोई आश्चर्य नहीं कि राहुल गांधी ऐसे मूर्खों के कारण चुनाव हारते रहते हैं, जो उनके सोशल मीडिया अकाउंट संभाल रहे हैं।

## जनता ने किसान सभा के साथ मिलकर किया एचआरटीसी कार्यालय का घेराव



**अनंत ज्ञान, आनी**

कंडुगाड से कंडा सड़क पर पासिंग के दो साल बाद भी बस सेवा न चलने से जनता परेशान हो गई है। आनी उपमंडल में कंडुगाड से कंडा तक बस सेवा की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने किसान सभा के बैनर तले एचआरटीसी कार्यालय का घेराव किया।

खनाग पंचायत के सैकड़ों लोगों ने इस विरोध-प्रदर्शन में हिस्सा लिया। यह मार्ग 6 मार्च 2023 को तत्कालीन सांसद प्रतिभा सिंह द्वारा मंजूर किया गया था। प्रशासन की अनुमति के बाद केवल एक दिन बस सेवा चली और फिर बंद हो गई। दो साल बीत जाने के बाद भी स्थानीय लोगों को नियमित बस सेवा का लाभ नहीं मिल पाया है। किसान सभा आनी के अध्यक्ष प्रताप ठाकुर ने सरकार, विपक्ष और अधिकारियों पर जनता की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब पीडब्ल्यूडी ने सड़क की मरम्मत कर दी है और पिछले साल बारिश के दौरान इसी सड़क पर सेब का परिवहन किया गया, तो बस सेवा क्यों नहीं चलाई जा सकती।

स्थानीय नेता पदम प्रभाकर, गीता राम और मलाप ठाकुर ने चेतावनी दी कि अगर मांग नहीं मानी गई, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने भूख हड़ताल और एनएच-305 को जाम करने की भी चेतावनी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए आनी के एसडीएम नरेश वर्मा को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने 31 मार्च तक बस सेवा शुरू करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने धरना समाप्त कर दिया। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर बस सेवा शुरू करने के लिए पहले भी दो बार लिखित में आवेदन किया जा चुका है।

## कैंसर के खिलाफ छेड़ेंगे जागरूकता अभियान

### लला मेमे फाउंडेशन व प्रोजेक्ट कॉज मिलकर करेंगे काम, आज एमओयू करेंगे साइन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



हिमालयी क्षेत्रों में कैंसर के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाकर लोगों खासकर महिलाओं को जागरूक किया जाएगा। यह बात प्रोजेक्ट कॉज की अध्यक्ष सुरजीत चटर्जी व राजीव गांधी कैंसर हॉस्पिटल दिल्ली के विशेषज्ञ डॉ. सुमित गोयल और लला मेमे फाउंडेशन के अध्यक्ष मंगल मनेपा ने संयुक्त रूप से आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि इस मुहिम पर सामाजिक संस्था लला मेमे फाउंडेशन और प्रोजेक्ट कॉज संयुक्त रूप से मिलकर कार्य करेंगे। राजीव गांधी कैंसर हॉस्पिटल दिल्ली के विशेषज्ञ डॉ. सुमित गोयल ने बताया कि विशेषकर महिलाओं में स्तन कैंसर के बहुत अधिक बढ़ने के साथ पुरुषों में भी अनेक प्रकार के कैंसर बढ़ रहे हैं। इन्हें आवश्यक रूप से कम करने के लिए अस्पताल में उपचार के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर गहन जागरूकता की भी आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने प्रोजेक्ट कॉज नामक संस्था के साथ लला मेमे फाउंडेशन का एमओयू होगा। दोनों ही संस्थाएं संयुक्त रूप से देश के संपूर्ण हिमालयी क्षेत्रों में कैंसर से लड़ने के लिए अभियान चलाएंगे। अभियान के अंतर्गत एक वर्ष तक जगह-जगह लोगों से मिलकर और विभिन्न जागरूकता शिविर के माध्यम से कैंसर को लेकर जागरूक किया जाएगा। वहीं, दूसरे वर्ष उन्हीं लोगों की मेमोग्राफी टेस्टिंग की जाएगी। पुराने आंकड़ों के साथ नए आंकड़ों की तुलना करने के बाद इस तरह से परिवर्तन का डेटा बनाया जाएगा, ताकि प्रोजेक्ट कॉज के असर को आंकड़ों के साथ समझाया जा सकेगा। बदली हुई जीवन शैली के कारण कई प्रकार के कैंसर हो रहे हैं और यदि कहीं गुठली हो तो उसकी जांच करा लेनी चाहिए। वहीं, प्रोजेक्ट कॉज के अध्यक्ष सुरजीत चटर्जी ने बताया कि एक वर्ष पूर्व वह स्वयं भी चौथे स्टेज से पीड़ित रही। उसके बाद राजीव गांधी हॉस्पिटल में डॉ. सुमित से मिली, जिन्होंने उनका ईलाज किया।

## प्लाज्मा व प्लेटलेट्स के लिए अब मरीजों को नहीं भागना पड़ेगा मंडी और शिमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू सदर विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू का औचक निरीक्षण किया। ऐसे में उन्होंने अस्पताल में चल रही खामियों को भी स्वयं जांचा।

इस दौरान उन्होंने रक्त एकत्र संग्रहालय में लंबे समय से ब्लड सेपरेटर यूनिट की मांग को भी जल्द पूरा करने के आदेश दिए। उन्होंने एडी हाइड्रो प्रोजेक्ट प्रबंधन को फोन कर जल्द यूनिट को लगाने के तुरंत प्रभाव से आदेश दिए। कुल्लू के रक्त एकत्र संग्रहालय में लंबे अरसे से इस यूनिट को स्थापित किया जाना था, लेकिन किन्हीं कारणों से इसका काम रुका हुआ था। यहां पर जब मरीजों को प्लेटलेट्स व प्लाज्मा की आवश्यकता होती है, तो उनको मंडी, शिमला व चंडीगढ़ जाना पड़ता था और काफी समस्याओं को झेलना पड़ता था। कुल्लू में सिर्फ मरीजों को रक्त चढ़ाने की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन जब किसी मरीज के शरीर में प्लेटलेट्स व प्लाज्मा की कमी आती है, तो उन मरीजों को या तो मंडी जाना पड़ता था या उन्हें शिमला व चंडीगढ़ मेडिकल कॉलेज का रुख करना पड़ता था। विधायक ने अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए और अब जल्द मरीजों को यह सुविधा क्षेत्रिय अस्पताल के कमरा नंबर-320 में उपलब्ध होगी और जरूरतमंद मरीजों को परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए की मरीजों की बढ़ती हुई संख्या को देखकर यहां पर अतिरिक्त पर्ची काउंटर तथा बिलिंग काउंटर की व्यवस्था की जाए।

## गाली-गलौज करने पर 5 के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, आनी।** पुलिस उपमंडल आनी के अंतर्गत पुलिस थाना आनी में एक व्यक्ति के साथ गाड़ी के सामने आकर रास्ता रोककर गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। घटना 9 फरवरी को घुलठ गांव में हुई, जहां प्रदीप कुमार अपनी गाड़ी निकालने गए थे। प्रदीप कुमार ने बताया कि जब वह अपनी गाड़ी के पास पहुंचे, तो संजय पुत्र पूर्ण चंद उनकी गाड़ी के सामने खड़ा हो गया और रास्ता रोक दिया। इसी दौरान संजय की मां लीला देवी, पिता पूर्ण चंद, पत्नी वनीता और भाभी अनारकली भी वहां आ गईं और सभी ने मिलकर प्रदीप के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। मामले कि पुष्टि करते हुए डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित प्रदीप कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## कटराईं चिकित्सालय के निर्माणाधीन भवन को जल्द मिलेगी दो करोड़ की धनराशि

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

खंड आयुष चिकित्सालय कटराईं की रोगी कल्याण समिति की वार्षिक कार्यकारिणी बैठक खंड विकास अधिकारी नग्गर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। एसडीएम मनाली रमन शर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मनाली विधानसभा विधायक भुवनेश्वर गौड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में रोगी कल्याण समिति के बीस सरकारी तथा गैर-सरकारी सदस्यों ने शिरकत की।

उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. नताशा ठाकुर ने विधायक तथा एसडीएम का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा समिति के मेंबर सेक्रेटरी डॉक्टर जसविंदर कपूर ने सभा के समक्ष समिति के सालाना आय और व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस दौरान चिकित्सालय में विभिन्न स्रोतों जैसे मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करने, पंचकर्म फीस, फर्स्ट एंड ट्रेनिंग, आधार सर्टिफाई करने आदि से प्राप्त हुई धनराशी और खर्च की गई राशि का हवाला पेश किया गया। चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा आगामी वित्त वर्ष में प्रस्तावित मरम्मत तथा रख-रखाव जैसे कुछ छोटे-मोटे खर्चों तथा कार्यों पर सहमति जताते हुए समिति के अध्यक्ष एसडीएम रमन शर्मा ने अपनी स्वीकृति प्रदान की। विधायक ने कहा कि उपमंडलीय आयुष चिकित्सालय कटराईं के निर्माणाधीन भवन के लिए जल्द ही दो करोड़ रुपए की धनराशि का प्रावधान किया जाएगा, ताकि जल्द से जल्द इस भवन का निर्माण पूरा किया जा सके।

## आग से मकान जलकर राख

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल में बीडीओ ऑफिस के समीप स्थित एक लकड़ी का खोखा नुमा मकान में अचानक आग लग गई, जिससे मकान जलकर राख हो गया। यह खोखा मेहर चंद का बताया जा रहा है। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल चौकी पतलीकूहल की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक मकान में रखा सारा सामान जल चुका था। अग्निशमन अधिकारी सूरज भारद्वाज ने बताया कि इस आग से करीब एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है और बचाई गई संपत्ति 25 लाख के करीब है। गनीमत रही कि आग अन्य मकानों तक नहीं फैली, जिससे एक बड़ी घटना टल गई। प्रशासन आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है।

## मोबाइल चिकित्सा पंचायतों में जाकर लोगों की निशुल्क जांच कर दवाइयां करेगी प्रदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



एनएचपीसी पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण -2 नगवाईं की ओर से परियोजना प्रभावित क्षेत्रों व जिला कुल्लू में निशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएगी।

एनएचपीसी चरण दो की कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायीत्व एवं सतत् विकास (सीएसआर) पहल के तहत प्रयास सोसायटी हमीरपुर के साथ मिलकर शुक्रवार को परियोजना प्रमुख निर्मल सिंह कार्यपालक निर्देशक ने मोबाइल चिकित्सा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मोबाइल चिकित्सा विभिन्न पंचायतों में जाकर ग्रामीणों की निशुल्क जांच कर आवश्यकतानुसार दवाई भी प्रदान करेगी। इस अवसर पर प्रयास सोसायटी हमीरपुर के डॉ. विकास ठाकुर, डॉ. उनिशा भोपाल व अन्य चिकित्सा सदस्यों के साथ-साथ एनएचपीसी पार्बती परियोजना चरण-2 के सुशील कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), अंगद, महाप्रबंधक (सिविल), श्वेता ओझा, उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन), राजेंद्र सिंह रावत, उपमहाप्रबंधक (वित्त), मीरा जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अरविंद कौशिक, उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) तथा डॉ. राकेश प्रसाद, ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक भी उपस्थित रहे। प्रयास सोसायटी हमीरपुर के डॉ. विकास ठाकुर ने इस कार्य के लिए एनएचपीसी की सराहना करते हुए परियोजना प्रमुख निर्मल सिंह का धन्यवाद किया।

अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष

## महिलाओं ने अपने लिए खुद बनाई जगह, नहीं नारीवाद की आवश्यकता

**महिला की सबसे बड़ी शक्ति उसका आत्मविश्वास**

कमलेश वर्मा, कुल्लू। आज महिलाएं पहले से भी ज्यादा जागरूक और पहले से भी ज्यादा समर्थ हैं। आज की नारी जो भी जिम्मेदारी उठाती है, उसे पूरा करने का दम रखती है और अपनी काबिलियत को इस्तेमाल कर हर उस क्षेत्र में कामयाब होकर दिखा रही है, जिसमें अक्सर पुरुषों का दबदबा रहता था। आज की नारी समंद्र से लेकर अंतरिक्ष तक हर जगह पर अपनी पहचान बना चुकी है। महिलाएं खिलाड़ी भी हैं, अभिनेत्री भी हैं, आईएस भी हैं, चिकित्सक भी हैं और वैज्ञानिक भी हैं व साहित्यकार भी और न जाने कितने क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पर आजकल की महिलाएं हर रोज सफलता के झंडे गाड़ रही हैं, लेकिन वक्त के साथ आज एक शब्द समाज में बहुत प्रचलित हो चुका है ओर वो शब्द है फेमिनिज्म। आज हर जगह इस शब्द का इस्तेमाल हो रहा है, मगर क्या इस शब्द के इस्तेमाल का कोई असर हो रहा है, कुछ महिलाएं फेमिनिज्म को कुछ हद तक सही मान रही हैं, जबकि कुछ महिलाएं ऐसी भी हैं, जो फेमिनिज्म को सही नहीं मानती। इस बारे में महिलाओं से इस विषय पर उनके विचार जानते हैं और साथ ही महिलाओं की सबसे बड़ी शक्ति और बेटियों के लिए सुरक्षित माहौल और शिक्षा दोनों में से किस विषय को ज्यादा जरूरी मानती है।

### महिलाओं के अंदर आत्मविश्वास का होना बहुत ही ज्यादा जरूरी



समिता मधु, कुल्लू।

मैं मानती हूं कि आज की है क्योंकि जो खुद पर विश्वास करती है और जो अपने लिए गए निर्णयों को पूरी विश्वास के साथ निभाती है, वह कभी नाकामयाब नहीं हो सकती। मगर जब एक महिला दूसरी महिला का सहयोग करने की बजाए ईर्ष्या या द्वेष भावना रखने लगे तो कहीं न कहीं जाने-अनजाने महिलाएं खुद ही अपने रास्ते का कांटा बन जाती हैं। मुझे नहीं लगता की फेमिनिज्म से महिलाओं को वो जगह मिल पाएगी, जिसकी वह हकदार हैं। मुझे लगता है कि समाज में पुरुष और नारी दोनों ही बराबर हैं ओर दोनों मिलकर ही सुंदर और स्वस्थ समाज की रचना कर सकते हैं। पुरुष और महिलाएं दोनों ही एक-दूसरे के पूरक हैं और समाज में दोनों की एहमियत बराबर है। किसी को श्रेष्ठ और कमतर समझना नादानी होगी। आज का समय बेटियों को पढ़ने का ओर आगे बढ़ने का है और साथ ही बेटियों को सुरक्षित माहौल और सुरक्षित वातावरण देने का है, ताकि सभी बेटियों को समान रूप से आग बढ़ने का मौका मिले।

### महिलाओं की सबसे बड़ी शक्ति योग्यता और आत्मविश्वास



कुसुम ठाकुर, कुल्लू।

मुझे लगता है कि महिलाओं की सबसे बड़ी शक्ति या यूं कहें उनकी सबसे बड़ी ताकत उसकी अपनी योग्यता और आत्मविश्वास है इसके साथ ही अगर परिवार की तरफ से भी सहयोग मिले, तो महिलाओं के आत्मविश्वास में ओर इजाफा होता है। बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि महिलाएं एक-दूसरे का सहयोग बहुत ही कम करती हैं और सहयोग करते हैं, वो या तो मां होती है या फिर बहन या दोस्त इसके अलावा कहीं पर भी कोई महिला दूसरी महिला का सहयोग करने से बचती है। हमारे समाज का ढांचा ऐसा बना है, जहां पर सभी की अपनी जगह ओर सभी की अपनी एहमियत है। महिला और पुरुष अगर दोनों ही एक-दूसरे का सम्मान करें और एक-दूसरे का सहयोग करें, तो फेमिनिज्म जैसे शब्दों की हमारे समाज में कोई जरूरत नहीं रहेगी। कुछ हद तक फेमिनिज्म ठीक है, मगर हर जगह फेमेनिज्म को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल हो ये सही नहीं है। इसके साथ ही बेटियों को सुरक्षित माहौल देना सबकी जिम्मेदारी है साथ ही बेटियों को पढ़ना भी उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी है।

### शिक्षा हमारी जिंदगी का एक अभिन्न अंग



चंपा शर्मा, डोभी।

एक महिला की सबसे बड़ी शक्ति उसका आत्मविश्वास है। आत्मविश्वास एक पहिया जैसा है, जो उसे जीवन में आगे ले जाती है। आज के दौर में जहां सब जगह भागदौड़ है, ऐसे में एक आत्मविश्वासी ही कदम से कदम मिला कर चल सकेगी। चाहे जितनी भी योग्यता हो अगर आत्मविश्वास न हो तो आप उसका सही इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। आजकल जैसे हर जगह पर प्रतिस्पर्धा चल रही है, ऐसे में एक महिला भी दूसरी महिला को सिर्फ अपने एक प्रतिद्वंदी के रूप में ही देख रही है। एक महिला ही दूसरी महिला को भली-भांति समझ सकती है, ऐसे में हर समय सहयोग के लिए तैयार रहना चाहिए। महिलाओं को हर जगह हर समय पीछे रखा जाता है और आज के वक्त में भी जहां महिलाए हर क्षेत्र म आग हं, समाज में भी पुरूषों के कदम से कदम मिला कर चल रही हैं। महिलाओं ने अपने लिए खुद जगह बनाई है, उन्हें किसी भी तरह का नारीवाद या फेमिनिज्म की आवश्यकता नहीं है। शिक्षा हमारे जिंदगी का एक अभिन्न अंग है। आज के समय में शिक्षा के बिना जिंदगी का कोई मोल नहीं है। शिक्षा हमें हर विपरीत परिस्थितियों में ढलना सिखाती है।

### बेटियों के लिए शिक्षा और सुरक्षित माहौल जरूरी



मंजरी नेगी, बबेली।

मुझे लगता है कि महिलाओं की सबसे बड़ी शक्ति या ताकत उसका महिला होना ही है। महिलाएं हर परिस्थिति में अपनी सूझबूझ और काबिलियत से स्वयं को ढाल सकती हैं क्योंकि नारी का दूसरा नाम ही शक्ति है। महिलाएं जब तक स्वयं जागरूक व अपने पैरों पर खड़े नहीं होंगी, तब तक वह किसी दूसरे का सहयोग नहीं कर सकती हैं और वैसे भी एक महिला का दूसरी महिला का सहयोग करना समाज में अच्छा उदाहरण पेश कर सकता है, जबकि सहयोग करने वाली महिलाएं आज बहुत ही कम दिखती हैं। नारीवाद लिंग आधारित भेदभाव को अस्वीकार कर समानता का मांग करते हैं। नारीवाद काफी हद तक महिलाओं को अपना हक दिला सकता है। बदलते वक्त बदलते समाज को देखते हुए ये कहा जा सकता है कि बेटियों के लिए शिक्षा और सुरक्षित माहौल दोनों ही बहुत जरूरी है। बेटियां तभी आगे बढ़ पाएंगी, जब माहौल सुरक्षित होगा और जब माहौल सुरक्षित होगा, तो बेटियां ज्यादा से ज्यादा संख्या में शिक्षित होंगी। शिक्षित और काबिल बेटियां ही आगे चलकर एक सुंदर समाज की रचना करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं।

# सीएसआर के तहत होगा सोलन के चिल्ड्रन पार्क का जीर्णोद्धार, रंग रोगन का कार्य शुरू

आर मोहन चौहान, सोलन

शहर के मुख्य पार्कों के जीर्णोद्धार और मूलभूत सुविधाएं जुटाने को नगर निगम सीएसआर यानी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत धनराशि जुटाएगा। इस कड़ी में शहर के चिल्ड्रन पार्क में एक बैंक की मदद से एक्वागार्ड लगाया गया है, अब एक निजी कंपनी की मदद से पार्क का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके तहत पार्क में रंग रोगन का कार्य शुरू किया गया है।

कंपनी ने पार्क में खराब पड़े फाउंडेशन की रिपेयर का कार्य शुरू कर दिया है। चरणबद्ध तरीके से बैंच और सीसीटीवी भी लगेंगे। इससे पार्क जल्द नई रंगत में दिखेगा। साथ ही बैठने और घूमने की सुविधाएं भी बढ़ेंगी। (अनंत ज्ञान)





शहर के पार्कों के जीर्णोद्धार को लेकर भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में चिल्ड्रन पार्क में सीएसआर फंड की मदद से जीर्णोद्धार किया जा रहा है। आर्थिक सहयोग के लिए पार्क में क्यूआर कोड लगाने की भी योजना है।

उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।

## शहर में हैं तीन बड़े पार्क

निगम जब इस योजना को लागू करेगा, तो इसके लिए वह तीन मुख्य पार्क में पहले क्यूआर कोड लगाएगा। यदि यहां ट्रायल सफल रहा तो उसके बाद अन्य छोटे-बड़े पार्कों में भी इसे लगाने की योजना बनाई जा सकती है। बता दें कि सोलन शहर में चिल्ड्रन, जवाहर और मोहन तीन बड़े पार्क हैं। यहां हमेशा ही खासी भीड़ देखने को मिलती है। इसके रखरखाव को लेकर भी सवाल निगम के ऊपर कई बार उठे हैं।

## निगम के अकाउंट में जाएंगे पैसे

हालांकि नगर निगम टेक्नोलॉजी के इस दौर में इस बात को लेकर भी चिंतित है कि यदि पार्कों में क्यूआर कोड लगा दिए जाए, तो इसकी प्रॉपर निगरानी भी करनी होगी। नहीं तो ऐसी समस्या भी सामने आ सकती है, जिसमें शरारती तत्व क्यूआर कोड के ऊपर अपना ही क्यूआर कोड न लगा दें। इस समस्या से निपटने के लिए भी निगम योजना बना रहा है।

## पार्कों में लगेंगे क्यूआर कोड

पार्कों में क्यूआर कोड भी लगाए जाएंगे, ताकि कोई भी पार्क में घूमने आया व्यक्ति पार्क की हालत सुधारने के लिए धनराशि निगम को दे सके। इस योजना से निगम दो निशाने लगाना चाहती है। पहला तो ये की इसके माध्यम से निगम की आर्थिक व्यवस्था सुधरेगी और दूसरा ये की जब जनता खुद पार्क की हालत सुधारने के लिए धनराशि भेजेगी, तो वह पार्क को अपना घर समझेगी और यहां किसी भी प्रकार से अव्यवस्था नहीं फैलाएगी। निगम लोगों को सुविधा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में निगम लगातार शहर में पार्कों का विकास कर रही है, लेकिन अब निगम चाहती है कि शहरवासी भी पार्कों की हालत सुधारने के लिए आगे आएं। इसी के चलते निगम अब शहर के मुख्य तीन पार्कों में क्यूआर कोड लगाने जा रहा है। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि लोग इसके माध्यम से निगम को धनराशि भेजते हैं या फिर नहीं।

# 15वें वित्त आयोग की राशि खर्च नहीं कर पा रही पंचायतें

अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ। डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने कहा कि जिला किन्नौर में ग्राम पंचायतें 15वें वित्त आयोग की धनराशि खर्च नहीं कर पा रही हैं।

जिले की पंचायतों में करीबन 19 करोड़ धनराशि है, जो पंचायतों ने खर्च नहीं की है। इस संदर्भ में वे पंचायत के अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगेंगे। डीसी किन्नौर ने कहा कि जिले के अंदर 73 ग्राम पंचायतें हैं, जहां विकास के कार्यों को गति देने के लिए इस धनराशि का प्रयोग किया जाना था, लेकिन किन्हीं कारणों से इस धनराशि का प्रयोग नहीं हुआ है। किन्नौर के अंदर 15वें वित्त आयोग में करोड़ों की धनराशि का प्रयोग पंचायत के जनप्रतिनिधियों व संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा नहीं किए जाने से जिले के अंदर सैकड़ों कार्य प्रभावित हुए हैं, जिसका डाटा भी प्रशासन के पास है, लेकिन धनराशि खर्च नहीं किए जाने का मुख्य कारण अधिकारियों के पास है, जिसका जवाब आने पर डीसी किन्नौर सख्त कार्रवाई भी अमल में ला सकते हैं।

**जिले में करीब 19 करोड़ की धनराशि जो खर्च नहीं की गई**

## वन विभाग की अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई

# 5 ट्रक और ट्रैक्टर किए जब्त 1.69 लाख रुपए वसूला जुर्माना





अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर जिले में वन विभाग ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए, लाखों रुपए का जुर्माना वसूला। दो अलग-अलग मामलों में, विभाग की टीमों ने अवैध रूप से खनन सामग्री ले जा रहे 5 ट्रक-ट्रैक्टर जब्त किए और कुल 1,69,320 रुपए का जुर्माना वसूला।

माजरा वन परिक्षेत्र की कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी माजरा के नेतृत्व में गठित टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान 3 ट्रैक्टर और 2 ट्रक को अवैध खनन सामग्री ले जाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। मौके पर ही 1,28,240 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इस टीम में वन खंड अधिकारी राम करण, वन रक्षक दीपक शर्मा, अमरिक सिंह, विकास शर्मा और हिमांशी शामिल रहे। वन परिक्षेत्र अधिकारी भगाणी के नेतृत्व में टीम ने यमुना नदी क्षेत्र में गश्त के दौरान 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से गटका भरते हुए पकड़ा। मौके पर ही 41,080 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इस टीम में वन परिक्षेत्र अधिकारी काकू राम चौहान, वन खंड अधिकारी रजनीश सिंघल, वन रक्षक कपिल देव, सचिन चौहान, धनवीर सिंह, रोहित कुमार, वन कर्मी मोहि राम और किशन मौजूद रहे। वन विभाग ने अवैध खनन करने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग लगातार निगरानी रख रहा है और भविष्य में भी ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। वन मंडल अधिकारी ऐश्वर्यराज ने मामले की पुष्टि की।

## न्यूज ब्रीफ

### 20 तक एनएच-707 रात 9 से 11 बजे तक रहेगा बंद

अनंत ज्ञान, नाहन। उपमंडलाधिकारी कफोटा ने बताया कि 20 फरवरी तक रात्रि 9 से 11 बजे तक उपमंडल कफोटा के स्थान बोराड़ में सुरक्षा विशेषज्ञ अनुज कुमार की देखरेख में मोर्थ द्वारा कंट्रोल ब्लास्टिंग की जाएगी, जिसके चलते राष्ट्रीय राजमार्ग-707 20 फरवरी तक रात्रि 9 से 11 बजे तक यातायात के लिए बाधित रहेगा।

### जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक 18 को

अनंत ज्ञान, सोलन। जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक 18 फरवरी को प्रातः 11.30 बजे आयोजित की जाएगी। यह जानकारी खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के जिला नियंत्रक श्रवण कुमार हिमालयन ने दी। उन्होंने कहा कि समिति की बैठक डीसी सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में डीसी कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

### पारनू पंचायत में 107 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान, डाइलाघाट। पारनू पंचायत में हंस फाउंडेशन मेडिकल मोबाइल यूनिट अर्की की टीम 1 द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में गायनी और ईएनटी संबंधी जांच और सलाह दी गई। इस शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अभिमन्यु और हंस फाउंडेशन की टीम से डॉ. श्वेता गुलेरिया ने अपनी सेवाएं प्रदान की शिविर में कुल 107 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की, जिसमें जनरल ओपीडी और टेस्ट भी शामिल थे।

### सिरमौर में 1 अप्रैल से होगी गेहूं की खरीद

अनंत ज्ञान, नाहन। डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि सिरमौर में रबी विपणन सत्र 2025-26 के अंतर्गत गेहूं की खरीद 1 अप्रैल से शुरू की जा रही है, जिसके लिए जिले में दो बिक्री केंद्र कृषि उपज विपणन समिति पांवटा साहिब तथा धौलाकुआं में स्थापित किए गए हैं। इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रतिक्विंटल निर्धारित किया गया है। किसानों अपनी फसल बेचने के लिए ऑनलाइन पोर्टल https://hpappp.nic.in पर जाकर अपना पंजीकरण करवाना होगा, जिससे वह निर्धारित स्लॉट अनुसार बिक्री केंद्र पर जाकर अपनी फसल बेच सकेंगें।

### संगठन ने उठाई जेसीसी बैठक की मांग

अनंत ज्ञान, कसौली। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन चंडी-धड़सी इकाई की मासिक बैठक चंडी में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश सरकार से मांग की गई कि पेंशनर्स की जेसीसी का गठन कर उसे वार्ता के लिए बुलाया जाए, ताकि पेंशनर्स की समस्याओं का हल सौहार्दपूर्ण माहौल में हो सके। सभी ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव के माध्यम से सरकार से मांग की कि पेंशनर्स के महंगाई भत्ते के देय एरियर को जल्द और एकमुश्त भुगतान किया जाए। पथ-परिवहन निगम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बाकी पेंशनर्स की तरह छठे वेतन आयोग द्वारा निर्धारित एरियर का 15 प्रतिशत 18 प्रतिशत 20 प्रतिशत और 35 प्रतिशत के अनुसार भी तब कोई अदायगी नहीं हुई है। इस अवसर पर इकाई के अध्यक्ष पूर्ण चंद वर्मा, महासचिव हंसराज शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### संगड़ाह, नाहन व कमरऊ में लगेंगे भर्ती शिविर

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला रोजगार अधिकारी सिरमौर जगदीश कुमार ने बताया कि मैसर्ज एसआईएस (सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज) इंडिया लिमिटेड शाहतलाई बिलासपुर द्वारा 120 सिक्योरिटी गार्ड के पदों को भरने के लिए सिरमौर में रोजगार कार्यालय के माध्यम से भर्ती शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन पदों के लिए उपरोजगार कार्यालय संगड़ाह में 19 फरवरी, उपरोजगार कार्यालय नाहन में 20 तथा उपरोजगार कार्यालय कमरऊ में 21 को भर्ती शिविर आयोजित होंगे। इन पदों के लिए 19 से 40 वर्ष आयु वर्ग के 10वीं, 12वीं तथा स्नातक शैक्षणिक योग्यता रखने वाले इच्छुक उम्मीदवार दो पासपोर्ट साइज फोटो व मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कॉपी ले कर प्रातः 10 बजे निर्धारित तिथियों में उपरोजगार कार्यालयों में पहुंच कर इस मौके का लाभ उठा सकते हैं।

# माजरा स्कूल के स्टूडेंट्स गंदा पानी पीने को मजबूर

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब



स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माजरा में छात्र गंदा पानी पीने को मजबूर हैं।

स्कूल की गंदी टंकी को देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी किस प्रकार सफाई की जाती होगी। स्थानीय लोग इस मुद्दे को स्कूल और प्रशासनिक स्तर तक उठा चुके हैं पर इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कुछ दिनों पहले ही स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का भी आयोजन किया गया था और वहीं स्कूल प्रांगण में ही वार्षिक पारितोषिक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ऐसे में स्कूल प्रबंधन समिति पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता ने बताया कि उन्होंने देखा कि स्कूल के प्रांगण में पानी के पीने की टंकी के नल की यह हालत है, तो अंदर से यह पानी की टंकी कितनी गंदी होगी, इसका अंदाजा बाहर से ही लगाया जा सकता है। वहीं, पानी की टंकी पर कहीं भी नहीं लिखा गया है कि इसकी सफाई अंतिम समय कब की गई थी इन दिनों गंदे पानी से बीमारियां फैल रही हैं तथा जहां पर स्कूलों में सफाई व्यवस्था के लिए अलग-अलग गतिविधियां की जाती हैं।

# पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की

अनंत ज्ञान, सराहां। भूतपूर्व अर्धसैनिक बल संगठन सिरमौर के सदस्यों ने सराहां में स्थित शहीद स्मारक में पुलवामा में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। 14 फरवरी, 2019 को अर्धसैनिक बल कि एक कॉन्वाये, जो जम्मू से श्रीनगर जा रही थी कि पुलवामा पहुंचने पर आतंकवादियों ने कायराना हमला करते हुए बंब ब्लास्ट किया, जिसकी चपेट में एक बस आ गई, जिसमें सवार 40 जवान हताहत हुए। उन जवानों की याद में भूतपूर्व अर्ध सैनिक बल संगठन द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और उन जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर देवदत्त शर्मा, प्रीतपाल ठाकुर, सुरेंदर दत, भीम दत, जगदीश दत, माता राम, दीप राम, रवि दत सहित कई लोग मौजूद थे।

# पुलिस ने 307 ग्राम चरस सहित दो युवक किए काबू

अनंत ज्ञान, सोलन

पुलिस ने थाना कुनिहार के तहत नाके के दौरान दो युवकों से 307 ग्राम चरस बरामद कर गिरफ्तार किया।

जानकारी के मुताबिक एनडी एंड पीएस एक्ट पुलिस थाना कुनिहार रात्रि को जब पुलिस थाना कुनिहार की टीम थाना क्षेत्र में गश्त के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि सुबाथू की तरफ से एक सफेद रंग की गाड़ी कुनिहार की ओर आ रही है, जिसमें दो व्यक्ति बैठे हैं तथा उपरोक्त दोनों कुनिहार क्षेत्र में मादक पदार्थ बेचने की फिराक में हैं। इस सूचना पर उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकाम ग्रोगघाटी में नाकाबंदी कर गाड़ी को चैकिंग के लिए रोका गया। चैकिंग के दौरान उक्त गाड़ी में बैठे दो व्यक्तियों, जिनके नाम व पते केवल राम पुत्र बली राम निवासी गांव नावनी डाखा पुलवाहल तह. चौपाल



जिला शिमला हिप्र उम्र 49 वर्ष व राजु पुत्र पदम सिंह निवासी गांव नावनी डाखा पुलवाहल तह. चौपाल जिला शिमला उम्र 39 वर्ष मालूम हुए उनसे 307 ग्राम चरस बरामद उन्हें गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना कुनिहार में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान बारदात में संलिप्त गाड़ी को जब्त कर पुलिस द्वारा कब्जे में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। दोनों आरोपियों के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

# राष्ट्र स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में रमन पहले स्थान पर

अनंत ज्ञान, नाहन। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में 5 से 11 तक आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में सिरमौर जिले के तीन एनएसएस स्वयंसेवियों नाहन महाविद्यालय से रमन, पांवटा से कृष्णगोपाल और पझौता से अंजलि वर्मा ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। जिला समन्वयक डॉ. पंकज चांडक के अनुसार, सात दिवसीय इस आवासीय शिविर में स्वयंसेवियों को विभिन्न राज्यों की संस्कृति को जानने, सम्मान देने और अपनाने का अवसर मिला, जिससे उनमें वसुधैव कुटुंबकम की भावना मजबूत हुई। शिविर में भाषण, क्विज, वाद-विवाद और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें रमन कुमार ने क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

## शूलिनी विवि में नशा विरोधी पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

# सुनिधि विजेता, आशुतोष राणा रहे उपविजेता

अनंत ज्ञान, सोलन

नशीली दवाओं के दुरुपयोग के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से, सतरंगी स्ट्रोक्स क्लब स्टूडेंट वेलफेयर (डीएसडब्ल्यू) शूलिनी विश्वविद्यालय के सहयोग से परिसर में नशीली दवाओं विरोधी पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में 37 प्रतिभाशाली छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिन्होंने प्रभावशाली पोस्टरों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। अत्यधिक प्रतिस्पर्धी मूल्यांकन के बाद, सुनिधि देव ने बीएससी बायोटेक्नोलॉजी ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि बीटेक सीएसई (सीएस) के आशुतोष



राणा को उपविजेता घोषित किया गया। उनके उत्कृष्ट प्रयासों को पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। छात्रों को पुरस्कार चांसलर प्रोफेसर पीके खोसला, प्रो. चांसलर विशाल आनंद और एसोसिएट डीन छात्र कल्याण नीरज गंडोत्रा द्वारा प्रदान किए गए।

चांसलर प्रोफेसर पीके खोसला ने छात्रों की रचनात्मकता की सराहना की और नशा मुक्त समाज को बढ़ावा देने में ऐसी पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता ने न केवल छात्रों को इस मुद्दे पर अपने दृष्टिकोण व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति शूलिनी विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया।

# कर्नल निर्मल सिंह प्रशंसा पत्र से किए सम्मानित

अनंत ज्ञान, नाहन। पंजाब रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर और हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब के निवासी कर्नल निर्मल सिंह को सियाचिन ग्लेशियर में उनकी रेजिमेंट की उत्कृष्ट सेवा के लिए उत्तरी कमान अधिकारी प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भारतीय सेना के उच्च अधिकारियों द्वारा उनकी रेजिमेंट के उत्कृष्ट योगदान और वीरता की सराहना के रूप में प्रदान किया गया है। सियाचिन ग्लेशियर की कठिन भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियों में 26 पंजाब रेजिमेंट ने अपने समर्पण और सैन्य कौशल से जिम्मेदारी बखूबी निभाई। कर्नल सिंह के नेतृत्व में रेजिमेंट ने कठिन परिस्थितियों में भी शानदार प्रदर्शन किया और भारतीय सेना की प्रतिष्ठा को बढ़ाया।

# सरकार 25 तक बिजली शुल्क में कटौती सेस को ले वापस

अनंत ज्ञान, बीबीएन

हिमाचल में बिजली की सबसे अधिक खपत व राजस्व देने वाली स्टील इंडस्ट्री अब बंद होने की कगार पर आ चुकी है। यह स्थिति प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक इकाइयों को बिजली आपूर्ति पर दी जा रही एक रुपए प्रति यूनिट सबसिडी वापस लेने, 20 पैसे अतिरिक्त सेस लगाने और दो वर्ष में बिजली शुल्क में 46 फीसदी की बढ़ोतरी से पैदा हुई है।

एसोसिएशन ने साफ चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 25 फरवरी तक बिजली शुल्क में कटौती और सेस को वापस नहीं लिया, तो प्रदेश के सभी स्टील उद्योगों को बंद कर अपने लोड कनेक्शन सरेंडर कर देंगे और आगामी 100 करोड़ रुपए का बिजली शुल्क भी जमा नहीं करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। स्टील इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष मेघराज गर्ग,

**हिमाचल स्टील इंडस्ट्री करेगी उद्योग बंद, हजारों होंगे बेरोजगार**

उपाध्यक्ष सुरेंद्र जैन, जनरल सेक्रेटरी पवन सैनी, महासचिव राजीव सिंगला, मेंबर मनु निकंज, राजेश गुप्ता, हरप्रीत सैनी, मुनीष सैनी व पंकज खैतान का कहना है कि आज स्टील इंडस्ट्री भारी भरकम आर्थिक नुकसान में चल रही है क्योंकि प्रदेश में बिजली बहुत महंगी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कई बार मुख्यमंत्री के समक्ष मामला उठा चुके हैं, लेकिन हर बार आश्वासन मिल रहा है, अब अगर सरकार एक रुपए प्रति यूनिट सबसिडी में राहत व 20 पैसे मिल्क सेस नहीं हटाती, तो 26 फरवरी को अपने उद्योग बंद कर कनेक्शन सरेंडर करा देंगे और आगामी 100 करोड़ रुपए का बिजली शुल्क नहीं चुकाया जाएगा।

## आयोजन मोबाइल हेल्थकेयर यूनिट का शुभारंभ, एनएस घुम्मन ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# 3500 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाएंगी

अनंत ज्ञान, सोलन

सोलन स्थित शिवालिक बाइमेटल कंट्रोल लिमिटिड द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पोंसिबिलिटी (सीएसआर) पहल के अंतर्गत मोबाइल हेल्थकेयर यूनिट का शुभारंभ किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अमित रंजन तलवार और शिवालिक बाइमेटल कंट्रोल लिमिटिड के अध्यक्ष एनएस घुम्मन ने मोबाइल हेल्थकेयर यूनिट वाहन को हेल्पेज टीम की उपस्थिति में झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मोबाइल हेल्थकेयर यूनिट को हेल्पेज इंडिया के सहयोग से आरंभ किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार चिकित्सा क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आशा जताई कि यह मोबाइल हेल्थकेयर यूनिट इस दिशा में प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रयासों को



संबल प्रदान करेगी। यह मोबाइल हेल्थकेयर यूनिट चिन्हित गांव में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाएगी। यह वाहन सोलन की 11 ग्राम पंचायतों के 100 से अधिक गांव में कार्य करेगी। मोबाइल हेल्थकेयर यूनिट के माध्यम से लगभग 3500 लाभार्थियों को आधारभूत स्वास्थ्य सुविधाएं एवं परामर्श उपलब्ध करवाया जाएगा।

यूनिट विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गों के लिए, लाभदायक सिद्ध होगी। मोबाइल हेल्थकेयर यूनिट के माध्यम से लक्षित जनसंख्या को स्वास्थ्य परामर्श, निशुल्क दवाइयां, सामान्य परीक्षण, उपचाराधीन एवं चलने-फिरने में असमर्थ रोगियों को गृह चिकित्सा सुविधा, जानकारी एवं प्रशिक्षण, उपचार डाटा एकत्रीकरण तथा बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। शिवालिक बाइमेटल कंट्रोल लिमिटिड के मानव संसाधन के सहायक प्रबंधन पंकज गाजटा ने जानकारी दी कि यह मोबाइल हेल्थकेयर यूनिट चिन्हित ग्राम पंचायतों में उपलब्ध रहेगी। यह यूनिट प्रत्येक माह के पहले तथा तीसरे सोमवार को प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक रेहड़ के गौड़ा में पंचायत भवन के समीप, दूसरे तथा चौथे सोमवार को नगर निगम सोलन के वार्ड नंबर-17 कथेड़ में निर्वाचन आयोग के भंडारण कक्ष के समीप, पहले तथा तीसरे मंगलवार को तुंदल के कहलोग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के समीप, दूसरे तथा चौथे मंगलवार को कोट के आंजी ब्राह्मणा में पंचायत भवन के समीप, पहले तथा तीसरे बुधवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक डांगरी के पट्टी में भुलक मैदान के समीप, पहले तथा तीसरे बुधवार को ही सायं 2 बजे से 4 बजे के मध्य बसाल में पंचायत भवन के समीप, दूसरे तथा चौथे बुधवार को प्रातः गड़खल में बाबा बालक नाथ मंदिर के समीप, पहले तथा तीसरे वीरवार को देलगी में पंचायत भवन के समीप, दूसरे तथा चौथे वीरवार को हरिपुर गांव में सेवाएं प्रदान करेगी।

# सोलन कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स रिशीता को किया सम्मानित



अनंत ज्ञान, सोलन

राजकीय महाविद्यालय सोलन की एनसीसी की छात्रा रिशीता ने दिल्ली में गणतंत्र दिवस पीएम रैली के टेबल ड्रिल में भाग लेकर कॉलेज तथा प्रदेश का नाम रोशन किया।

रिशीता सोलन कॉलेज में बीए तृतीया वर्ष तथा एनसीसी की छात्रा है। रिशीता की इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एचएल शर्मा ने उन्हें सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गणतंत्र दिवस परेड में पूरे हिमाचल से 23 कैडेट्स ने भाग लिया, जिनमें सोलन कॉलेज की रिशीता भी शामिल हैं। गणतंत्र दिवस परेड में चयन से पूर्व रिशीता को 6 कैंप से गुजरना पड़ा, जिसमें दो चंबा में आयोजित हुए तथा चार रोपड़ में आयोजित हुए।

इन कैंपों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद रिशीता का चयन नई दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ। रिशीता की इस उपलब्धि पर समस्त कॉलेज परिवार ने उन्हें बधाई तथा शुभकामनाएं दीं व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# फुल डाइट मिलेगी प्रति 90 रुपए, दूध 50 रुपए लीटर

अनंत ज्ञान, सोलन। जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने हिमाचल प्रदेश जमाखोरी एवं मुनाफाखोरी रोकथाम आदेश, 1977 के खंड-3 (आई) (ई) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सोलन में विभिन्न खाद्य वस्तुओं के अधिकतम खुदरा मूल्य निर्धारित करने के संबंध में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि अधिकतम खुदरा मूल्य में खाद्य वस्तुओं के सभी कर एवं अन्य आकस्मिक प्रभार सम्मिलित होंगे।

अधिसूचना के अनुसार बकरा एवं भेड़ का मीट 550 रुपए प्रति किलोग्राम, सुअर का मीट 300 रुपए प्रति किलोग्राम, चिकन ड्रेस्ड 180 प्रति किलोग्राम, ब्रॉइलर ड्रेस्ड 240 रुपए प्रति किलोग्राम तथा बिना तली मछली 250 रुपए प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार तंदूरी चपाती प्रति 10 रुपए, तवा चपाती प्रति 8 रुपये, भरा हुआ परांठा प्रति 30 रुपए, चावल, चपाती, दाल और सब्जी फुल डाइट प्रति 90 रुपए, पूरी प्लेट चावल 50 रुपए, दाल फ्राई प्रति प्लेट 60 रुपए, सब्जी/चना एवं दही के साथ दो पूरी प्रति प्लेट 50 रुपए तथा रायता का मूल्य प्रति प्लेट 50 रुपए निर्धारित किया गया है। इस अधिसूचना के अनुसार स्थानीय दूध 50 रुपए प्रति लीटर, सभी ब्रांड का पैकेट वाला दूध मुद्रित मूल्य के अनुसार उपलब्ध होगा। पनीर 300 रुपए प्रति किलोग्राम तथा दही का मूल्य 70 रुपए प्रति किलोग्राम मूल्य तय किया गया है। सभी ब्रांड के शीतल पेय मुद्रित दर के अनुसार विक्रय होंगे। ब्रेड, दूध जैसे पैकेट बंद पदार्थों पर मूल्य एवं पार्किंग की तिथि निर्धारित अधिसूचना के अनुसार होनी चाहिए। प्रत्येक दुकानदार को बिक्री के लिए रखे गये खाद्य वस्तुओं की मूल्य सूची सहज दृश्य स्थल पर प्रदर्शित करना व इसके समस्त खरीद से संबंधित बिल दुकानदार द्वारा रखना अनिवार्य है।

## न्यूज ब्रीफ

### पाइपलाइन बिछाने को लेकर मार्ग रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आम जनता को सूचित किया जाता है कि जंक्शन नंबर 3, हाईकोर्ट चौक पर डिवाइडिंग रोड सेक्टर 3/4 में तृतीयक उपचारित पानी की पाइपलाइन बिछाने के कार्य के कारण जंक्शन नंबर 3, हाईकोर्ट चौक पर सेक्टर 3/4 को विभाजित करने वाला रोड कट 16 फरवरी को (सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक) बंद रहेगा। आम जनता से अनुरोध है कि वे वैकल्पिक मार्ग अपनाएं और नगर निगम चंडीगढ़ के साथ रहें।

### वैध जल कनेक्शन प्रदान करने में लाई जाए तेजी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी और चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने संयुक्त रूप से चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से लाल डोरा सीमा के बाहर स्थित संरचनाओं के नियमितीकरण के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया है। इस बीच, उन्होंने इन क्षेत्रों में तत्काल वाटर कनेक्शन प्रदान करने का आह्वान किया है। यह गांव के लोगों की लंबे समय से मांग रही है, दोनों नेताओं ने तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने तर्क दिया कि पैसे की कमी से जूझ रहे नगर निगम को यह उपाय लागू करने के लिए कहा जाना चाहिए, क्योंकि इससे न केवल अनधिकृत जल कनेक्शन वैध हो जाएंगे, बल्कि निगम के लिए अतिरिक्त राजस्व भी उत्पन्न होगा। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को वैध जल कनेक्शन प्रदान करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश देने का आग्रह किया।

### सनातन धर्म के प्रचार में युवाओं का आगे आना शुभ संकेत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ओम महादेव कावड़ सेवा दल चंडीगढ़ की ओर से पांचवीं शिव महापुराण कथा के लिए यहां पधारे कथा व्यास ह्रदय रसिक संत बाबा चित्र-विचित्र बिहारी दास महाराज ने कहा कि सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में युवाओं का भी बढ़-चढ़ कर आगे आना देश व समाज के लिए शुभ संकेत है। इससे पहले आयोजक संस्था की ओर से पांचवीं शिव महापुराण कथा के आयोजन से पूर्व आज बुड़ैल स्थित सिद्ध घनेरी शिव मंदिर से मेला ग्राउंड, सेक्टर 34 स्थित कथा पंडाल तक एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई है। कलश यात्रा बुड़ैल मार्केट से सेक्टर 33 होते हुए मेला ग्राउंड सेक्टर 34 में संपन्न हुई, जिसमें मातृशक्ति व बहनों ने अपने सिर पर पवित्र मंगल कलश रख यात्रा में शामिल हुईं। इस कलश यात्रा को और सुशोभित करने के लिए किन्नर समाज से महामंडलेश्वर सोनाक्षी महंत जी भी शामिल हुईं। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों नरेश व सोनू गर्ग ने बताया कि कलश यात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को इनाम भी बांटे गए। महासचिव गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि 22 फरवरी को जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह भी करवाया जाएगा। संस्था के उपाध्यक्ष सोनू गर्ग, कैशियर भूषण हनी गुलाटी, सलाहकार रिंकू जैन व मोनू गर्ग व कार्यकारी सदस्य अशोक, मनोहर, मोहित, पुनीत गोयल, नवीन, अभिषेक श्रीवास्तव, अभिषेक पंवार व मनीष बंसल ने बताया कि कथा के दौरान हर रोज सुबह 8 बजे से 12 ज्योतिर्लिंग पूजन एवं रुद्राभिषेक होगा। कथा रोजाना सांय 4 बजे से देर शाम 7 बजे तक हुआ करेगी।

### फैशन इलस्ट्रेशन एंड रेंडरिंग में सीखे स्किल्स

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के फैशन डिजाइनिंग विभाग की ओर से पीएम ऊषा योजना के तहत 'फैशन इलस्ट्रेशन एंड रेंडरिंग' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय वर्कशॉप संपन्न हो गई। एमवोक एफटीएडी, बीवोक एफटीएडी और बीए फैशन डिजाइनिंग के कुल 45 स्टूडेंट्स के साथ-साथ 5 फैकल्टी मेंबर्स ने वर्कशॉप में भाग लिया, जिसका संचालन ललित कला प्रशिक्षक रश्मिता कनोजिया ने किया। वह क्रिएटिव डिजाइन और आर्टिस्टिक रेंडरिंग तकनीकों में अपनी विशेषज्ञता के लिए जानी जाती हैं। फैशन डिजाइनिंग विभाग की प्रमुख डॉ. सुमिता सिक्का ने रिसोर्स पर्सन रश्मिता कनोजिया का स्वागत पौधा देकर किया। तीन दिवसीय वर्कशॉप के दौरान स्टूडेंट्स ने फैशन इलस्ट्रेशन एंड रेंडरिंग में जरूरी स्किल्स सीखे। वर्कशॉप के पहले दिन फैब्रिक रेंडरिंग पर फोकस किया गया, जहां प्रतिभागियों ने साटन, डिजाइनर नेट और वेलवेट जैसी सामग्रियों के लिए रियलिस्टिक टेक्सचर और फैब्रिक मूवमेंट को दर्शाने का अभ्यास किया। दूसरे दिन लाइव ज्वेलरी रेंडरिंग को कवर किया गया, जिसमें मैटेलिक टेक्सचर और जैमस्टोन रिफ्लेक्शंस के साथ जटिल डिजाइनों को चित्रित करने की तकनीक सिखाई गई।

# अवैध खनन करने वालों पर हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो ने कसा शिकंजा

## जनवरी में 238 केस दर्ज, 258 वाहनों को किया जब्त, 136 आरोपी गिरफ्तार

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



हरियाणा राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो द्वारा अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा कसते हुए जनवरी 2025 में 238 मुकदमे दर्ज करते हुए 136 आरोपियों को गिरफ्तारी की गई है। इस अवधि के दौरान प्रवर्तन ब्यूरो की टीम द्वारा प्रदेश में मिट्टी, रेत और बजरी का अवैध खनन करने को लेकर 582 स्थानों पर छापेमारी की गई और 258 वाहनों को मौके पर जब्त किया गया।

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के कुशल नेतृत्व में ब्यूरो द्वारा अवैध गतिविधियों विशेष कर अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में जनवरी 2025 में अवैध खनन वाले भू-माफियो पर 127.86 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया जिसमे 63.54 लाख रुपए का जुर्माना इसी माह (जनवरी-2025) में वसूल किया गया तथा बकाया जुर्माना वसूल करने की प्रक्रिया जारी है।

प्रवर्तन ब्यूरो की टीम द्वारा जिला पंचकूला मे अवैध खनन करने वाले भू-माफिया पर कार्रवाई करते हुए एक ही दिन मे 16 वाहन जिनमे 13 डैम्पर, एक पोकलैन मशीन व 2 हाइड्रा शामिल है, को जब्त करके आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन भू-माफियाओं द्वारा वैध खनन की आड मे 16 फुट तक अवैध खनन की खुदाई करके 94112 डज् खनिज चोरी की जाने का खुलासा हुआ है। विभाग द्वारा आरोपियों पर 3 करोड़ 70 लाख 43 हजार 600 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

ब्यूरो द्वारा वर्ष 2024 में 6 विभागों के संबंधित अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए परिवहन विभाग के साथ मिलकर 49017 वाहनों की चैकिंग की गई, जिनमें से 29281 वाहनों को जब्त किया गया। इन वाहनों पर 100 करोड़ 70 लाख रुपए से अधिक की राशि का जुर्माना लगाते हुए इन पर कार्रवाई की गई। कपूर ने कहा कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा। ऐसे लोगों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि वे अवैध खनन संबंधी जानकारी प्रवर्तन ब्यूरो को देना सुनिश्चित करें सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## एआईजी जोशी पर उनके ही रिश्तेदार ने लगाए भू-माफिया चलाने के गंभीर दोष

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



रोपड़ निवासी चांद कुमार ने पंजाब पुलिस के सेवानिवृत्त एआईजी अनिल जोशी पर भूमि और रेत माफिया चलाने का गंभीर आरोप लगाया है। शुक्रवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि एआईजी अनिल जोशी उनके दूर के रिश्तेदार हैं, उन्होंने अपनी ननिहाल जमीन उन्हें बेची थी, जो जोशी की मां और मौसी के नाम पर थी।

चांद कुमार ने जोशी पर आरोप लगाते हुए कहा कि जमीन बेचते समय अनिल जोशी ने अपनी मां के हस्ताक्षर करवा लिए थे, और जमीन की रजिस्ट्री करवा दी थी। जबकि अपनी मासियों के हिस्से की रजिस्ट्री नहीं करवाई। उन्होंने इस जमीन की पेमेंट भी चेक के माध्यम से ले ली थी। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो अनिल ने पुलिस अधिकारी होने का अनुचित लाभ उठाते हुए उनके खिलाफ 04 झूठे मुकदमे दर्ज करवा दिए, जिसके कारण उन्हें लगभग 27 माह जेल में बिताने पड़े। अब वह न्याय के लिए माननीय न्यायालय की शरण में गए हैं।

चांद का कहना है कि अनिल जोशी ने पुलिस इंस्पेक्टर हरजिंदर सिंह और मंदीप सिंह के साथ मिलकर भू और रेत माफिया चलाया हुआ है और अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर करोड़ों की बेनामी संपत्तियां बनाई हैं। जोशी के खिलाफ विजिलेंस जांच भी चल रही है, लेकिन वहां भी उच्च अधिकारियों की शह और अपने पद का दुरुपयोग करने के कारण यह विजिलेंस जांच पिछले एक साल से अटकी पड़ी है। उन्होंने कहा कि इंस्पेक्टर हरजिंदर सिंह ने भी करोड़ों रुपए की बेनामी संपत्ति भी बना ली है और आय से अधिक संपत्ति के मामले में विजिलेंस द्वारा इसकी भी जांच की जा रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि लुधियाना आयकर विभाग ने अनिल जोशी की 5 संपत्तियों की बिक्री पर रोक लगा दी है। चांद कुमार ने कहा कि उनकी मांग है कि उन्हें न्याय मिले और अनिल जोशी के खिलाफ दर्ज शिकायत पर कार्रवाई की जाए। उन्हें जो चार झूठे मतपत्र दिए गए थे, उनकी भी गहन जांच होनी चाहिए कि उन पर्चों में कितनी सच्चाई है।

## मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की राह पर अग्रसर : ओम बिरला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। चाहे ढांचागत विकास की बात हो, सामाजिक व आर्थिक परिदृश्य की बात हो, आज हर क्षेत्र में हरियाणा प्रगति कर रहा है।

**हरियाणा ने विरासत के साथ विकास का मॉडल प्रस्तुत करके अन्य राज्यों को दी दिशा**

लोकसभा अध्यक्ष आज यहां हरियाणा विधानसभा में संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) लोकसभा के सहयोग से हरियाणा विधान सभा के सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सीएम नायब सैनी, विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, पंजाब विधानसभा अध्यक्ष सरदार कुलतार सिंह संधवां, यूपी विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना आदि उपस्थित रहे। बिरला ने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी को लोकसभा व विधानसभा का लंबा अनुभव है और वह अपने अनुभव से हरियाणा विधानसभा को संसद की मर्यादा के अनुरूप चलाने में मार्ग-दर्शन प्रदान करेंगे।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की अपनी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक विरासत के साथ-साथ खिलाड़ियों, स्वतंत्रता सेनानियों और वीरता का गौरवशाली इतिहास रहा है। छोटा-सा राज्य होने के बावजूद भी हरियाणा ने सदैव देश दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

## शहीदों का बलिदान रखा जाएगा याद

**चंडीगढ़।** शहर में पुलवामा हमले की बरसी पर आज सेक्टर 17 प्लाजा स्थित भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलवामा में शहीद हुए सभी वीर सैनिकों को युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शहीद अमर रहे के नारों के साथ श्रद्धांजलि दी।

युवा मोर्चा प्रभारी रमेश सहोड़ ने कहा कि आज ही के दिन 2019 में भारत ने पुलवामा में एक आतंकवादी हमले में सीआरपीएफ के वीर जवानों को खो दिया था। देश के लिए उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि साल 2019 में आज के ही दिन पुलवामा में हुए कायराना आतंकी हमले में वीरगति को प्राप्त हुए जवानों को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की औ कहा कि आतंकवाद समूची मानव जाति का सबसे बड़ा दुश्मन है ।

## 34 छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 में 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक किए प्राप्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भारत में टेस्ट प्रिपरेटरी सेवाओं में अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने जेईई मेन्स 2025 ( सेशन-1) में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धि की घोषणा की है। चंडीगढ़ से 34 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक हासिल कर इस प्रतिष्ठित परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है।

परिणामों में 99.99 पर्सेंटाइल के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में अर्नव जिंदल, 99.98 पर्सेंटाइल के साथ केशव बंसल, 99.98 पुष्टि मित्तल, 99.98, शौर्य शर्मा, 99.93 पुलकित मलिक, 99.93 काव्या, 99.90 गौरव सिंह, 99.81 पारिख गोयल, 99.81 निकुंज जिंदल, 99.80 भाव्या गर्ग, 99.61 मनन गर्ग, 99.60 दिविजा दीवान, 99.35 अर्नव, 99.20 अनिरुद्ध, 99.17 आरजू, 99.10 पर्सेंटाइल के साथ हर्षित शामिल हैं। छात्रों को बधाई देते हुए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के मुख्य अकादमी और व्यवसाय प्रमुख अमित सिंह राठौर ने कहा कि हम अपने छात्रों की जेईई मेन 2025 में इस शानदार उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन के साथ, ये उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए गए हैं।

### ममता का महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा नामंजूर

**प्रयागराज।** फिल्म जगत से अध्यात्म के क्षेत्र में आई और हाल में किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा देने वाली ममता कुलकर्णी ने एक वीडियो जारी कर कहा कि उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। वह किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनी रहेंगी। किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने ममता कुलकर्णी के महामंडलेश्वर पद पर बने रहने की पुष्टि की। ममता कुलकर्णी ने एक वीडियो संदेश में कहा कि महामंडलेश्वर पद से मेरा इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया। मैं आभारी हूं कि आचार्य लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने मुझे इस पद पर बनाए रखा।

### रणवीर ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**हैदराबाद।** इंडियाज गॉट लेटेंट में पैरेंट्स पर किए गए भद्दे सवाल के बाद रणवीर इलाहाबादिया को खूब ट्रोल किया गया, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई और इन सबके बाद रणवीर ने माफी भी मांग ली, लेकिन उसके बाद उनके खिलाफ अलग-अलग राज्यों में भी एफआईआर दर्ज हुई। इसके लिए अब रणवीर ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के बेटे वकील अभिनव चंद्रचूड़ के माध्यम से याचिका दायर की।

### जवान ने साथियों पर चलाई गोली, तीन की मौत



**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले के लामसांग स्थित सीआरपीएफ कैंप में वीरवार रात एक जवान ने अपने ही साथियों पर गोली चला दी। इस घटना में दो जवानों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। बाद में आरोपित जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सभी जवान एफ-120 कंपनी सीआरपीएफ के थे। पुलिस और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं।

### मणिपुर के तीन जिलों से पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व व थौबल जिले से प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े पांच उग्रवादी गिरफ्तार किये गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित कंगलेइपक कम्युनिस्ट पार्टी (नोयोन) के दो सदस्यों को थांगमेबंद व इंफाल पश्चिम के किशाम्पत से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इंफाल पूर्व के खुरई थौदम लीकइ इलाके से प्रतिबंधित कंगलेइपक कम्युनिस्ट पार्टी (नोयोन) के एक और सदस्य को भी गिरफ्तार किया गया।

## देश-विदेश

### अडानी मामले पर प्रधानमंत्री मोदी पर बरसे राहुल गांधी

# देश में अडानी पर साधते चुप्पी और विदेश में बताते 'व्यक्तिगत मामला'

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**पीएम** नरेंद्र मोदी से अमेरिका में भारतीय कारोबारी गौतम अडानी के मुद्दे पर पूछे गए सवाल पर अब कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी ने सवाल उठाए हैं। राहुल ने कहा कि अमेरिका में भी मोदी ने अडानी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल दिया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा कि देश में सवाल पूछो तो चुप्पी, विदेश में पूछो तो निजी मामला। जब मित्र का जेब भरना मोदी के लिए 'राष्ट्र निर्माण' है, तब रिश्वतखोरी और देश की संपत्ति को लूटना 'व्यक्तिगत मामला' बन जाता है।' प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में गौतम अडानी से जुड़े सवाल पर कहा कि भारत एक लोकतंत्र है और हमारी संस्कृति 'वसुधैव कुटुंबकम' की है।

उन्होंने कहा कि दशे में अडानी पर चुप्पी साधते हैं और विदेश में व्यक्तिगत मामला बताते हैं। मोदी ने कहा कि दो नेताओं के बीच बातचीत में ऐसे व्यक्तिगत मामलों पर चर्चा नहीं की जाती। उन्होंने आरोप लगाया कि जब मित्र की जेब भरना पीएम मोदी के लिए राष्ट्र निर्माण है, तब रिश्वतखोरी और देश की संपत्ति को लूटना व्यक्तिगत मामला बन जाता है।

### ट्रंप प्रशासन को विदेशी सहायता के लिए धन जारी करने के आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने अमेरिकी सहायता एवं दुनियाभर में विकास कार्यक्रमों में अमेरिकी वित्त पोषण पर तीन सप्ताह पहले लगाई गई डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की रोक को अस्थायी रूप से हटाने का आदेश दिया है। ट्रंप प्रशासन के इस आदेश के कारण दुनियाभर में अमेरिकी सहायता और विकास कार्यक्रम बंद हो गए हैं। न्यायाधीश आमिर अली ने वीरवार को वाशिंगटन में अमेरिकी जिला न्यायालय में दो स्वास्थ्य संगठनों द्वारा दायर मुकदमे पर सुनवाई के दौरान यह आदेश जारी किया। इन स्वास्थ्य संगठनों को विदेशों में कार्यक्रमों के लिए अमेरिका से धन प्राप्त होता था।

## महाकुंभ से यूपी की अर्थव्यवस्था को 3 लाख करोड़ का होगा लाभ : योगी

**एजेंसी, लखनऊ**



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के ऐतिहासिक आयोजन को उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और आर्थिक समृद्धि का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ 2025 में अब तक 50 करोड़ श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं, जो उत्तर प्रदेश की शक्ति और व्यवस्थागत कुशलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आज महाकुंभ में लोगों की सैकड़ों वर्षों से दबी हुई भावनाओं को सम्मान मिल रहा है। इस आयोजन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन लाख करोड़ का फायदा होगा।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ का आयोजन स्थल रक्षा मंत्रालय की भूमि पर होता है और पिछले आठ वर्षों से उत्तर प्रदेश सरकार को यह भूमि लीज पर सहजता से प्राप्त हो रही है। इस बार पहली बार श्रद्धालु अक्षयवट, पातालपुरी और सरस्वती कूप के दर्शन कर पा रहे हैं, जिन्हें ऐतिहासिक रूप से सीमित पहुंच में रखा गया था। मुख्यमंत्री योगी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ लखनऊ में 4 लेन के दो प्रमुख फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इनमें 270 करोड़ रुपए की लागत से बना इंदिरा नगर सेक्टर 25 से खुर्रमनगर-कल्याणपुर फ्लाईओवर और 170 करोड़ रुपये की लागत से बना पॉलिटेक्निक से मुंशी पुलिया चौराहा फ्लाईओवर शामिल है। इस अवसर पर कुल 588 करोड़ की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया।

## ईशा फाउंडेशन को नोटिस रद्द करने के आदेश के खिलाफ दो साल बाद याचिका पर टीएनपीसीबी को फटकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (टीएनपीसीबी) को कड़ी फटकार लगाई है, क्योंकि उसने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ दो साल बाद याचिका दायर की है, जिसमें 2006 से 2014 के बीच कई इमारतों का निर्माण करने के लिए ईशा फाउंडेशन के खिलाफ कारण बताओ नोटिस को रद्द करने का आदेश दिया गया था। यह मामला कोयंबटूर जिले में बने योग केंद्र से जुड़ा है, जिसे सदगुरु जग्गी वासुदेव की ईशा फाउंडेशन ने बनाया है।

मामले में मद्रास हाईकोर्ट ने ईशा फाउंडेशन के खिलाफ जारी नोटिस को रद्द कर दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने टीएनपीसीबी की याचिका को 'नौकरशाहों का मैत्रीपूर्ण खेल' करार दिया और कहा कि यह सिर्फ अदालत की औपचारिक मंजूरी लेने जैसा है।

## जेलेंस्की का दावा: रूसी ड्रोन ने चेर्नोबिल रिएक्टर के सुरक्षा आवरण को निशाना बनाया

**एजेंसी, कीव**

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि रूसी ड्रोन ने चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र की सुरक्षा ढांचे को निशाना बनाया। यह हमला कीव क्षेत्र में रात के वक्त किया गया।

जेलेंस्की के मुताबिक, ड्रोन में बड़ी मात्रा में विस्फोटक था, जिससे संयंत्र की संरचना को नुकसान पहुंचा और हमले के बाद आग लग गई। हालांकि, आग बुझा दी गई है और विकिरण स्तर में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। वहीं संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी ने भी इसकी पुष्टि की है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने 'एक्स' पर लिखे पोस्ट में कहा कि रूसी हमलावर ड्रोन ने एक उच्च विस्फोटक वारहेड के साथ, चर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र की नष्ट हो चुकी 4वीं बिजली इकाई में विकिरण से दुनिया की रक्षा करने वाले सुरक्षा कवच पर हमला किया। यह सुरक्षा कवच यूक्रेन की तरफ से यूरोप और दुनिया के अन्य देशों के साथ मिलकर बनाया गया था। दुनिया का एकमात्र देश जो इस तरह के स्थलों पर हमला करता है, परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर कब्जा करता है।

# इसरो ने रॉकेट मोटर बनाने के लिए जरूरी प्रोपेलेंट मिक्सर विकसित करने में पाई सफलता

**एजेंसी, बेंगलुरु**

**इसरो** ने एक और कामयाबी हासिल की है। दरअसल शुक्रवार को इसरो ने बताया कि उन्होंने 10 टन के प्रोपेलेंट मिक्सर को विकसित करने में सफलता हासिल की है। गौरतलब है कि प्रोपल्शन इसरो के ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम्स और और वर्टिकल मिक्सर के लिए बेहद जरूरी उपकरण है, इन्हीं की मदद से रॉकेट की सॉलिड मोटर का उत्पादन संभव हो पाता है।

यही वजह है कि रॉकेट परिचालन के लिहाज से यह एक बड़ी कामयाबी है। इसरो ने बयान में कहा कि 'सॉलिड प्रोपेलेंट, रॉकेट की मोटर की रीढ़ माना जाता है। सॉलिड प्रोपेलेंट के उत्पादन के लिए बेहद संवेदनशील तत्वों को सटीक तरीके से मिश्रित करने की जरूरत होती है।' इसरो ने कहा कि सॉलिड मोटर सेगमेंट के उत्पादन को बढ़ाने के लिए श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर ने सेंट्रल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट, बेंगलुरु के साथ मिलकर सफलतापूर्वक 10 टन का वर्टिकल प्लेनेटरी मिक्सर विकसित किया है।

### अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए अहम

**इसरो** का कहना है कि 10 टन का वर्टिकल मिक्सर दुनिया का सबसे बड़ा सॉलिड प्रोपेलेंट मिश्रण उपकरण है। शिक्षा और उद्योग जगत के सहयोग से यह उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के बाद सॉलिड मोटर्स के उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और साथ ही मोटर्स की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। इसरो ने कहा कि अंतरिक्ष विभाग ने कई पहल की शुरुआत की है, जिसके तहत अहम तकनीक, उपकरणों और मशीनों के देश में ही विकास से अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। प्रोपेलेंट मिक्सर का विकास तकनीक के क्षेत्र में भारत की बढ़ती ताकत का उदाहरण है। इसरो चीफ वी नारायणन और सीएमटीआई के निदेशक की मौजूदगी में 10 टन का वर्टिकल मिक्सर एसडीएससी एसएचएआर के निदेश को सौंपा गया। इस मिक्सर का कुल वजन 150 टन और लंबाई 5.4 मीटर है।

## सेंसेक्स 199 अंक गिरा निफ्टी भी 102 अंक टूटा

**एजेंसी, मुंबई**



**हफ्ते** के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 199 अंक की गिरावट के साथ 75,939 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 102 अंक की गिरावट रही, ये 22,929 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 1522 अंक गिरकर 45,411 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट और 5 में तेजी रही।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 41 में गिरावट और 9 में तेजी रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स के मीडिया सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.40 फीसदी की गिरावट रही। एशियाई बाजार में कोरिया के कोस्पी में 0.31 फीसदी की तेजी रही। हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग में 3.69 फीसदी और चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.43 फीसदी की तेजी रही। विदेशी निवेशकों ने 2,789.91 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 2,934.50 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

### एन चंद्रशेखरन को नाइटहुड की उपाधि

**नई दिल्ली।** टाटा समूह के अध्यक्ष नटराजन चंद्रशेखरन को नाइटहुड की उपाधि दी गई। यह इंग्लैंड का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह सम्मान भारत और यूके के व्यापार संबंधों में उनके योगदान के लिए दिया गया है। चंद्रशेखरन ने सम्मान पाने के बाद आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टाटा समूह को यूके में मजबूत रणनीतिक संबंध बनाए रखने पर गर्व है। चंद्रशेखरन फिलहाल टाटा सन्स के अध्यक्ष के साथ टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाटा पावर और टासीएस जैसी कंपनियों के बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं।



## जनवरी में थोक महंगाई घटकर 2 .31% पर आई

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**जनवरी** में भारत का थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) घटकर 2.31 फीसदी रह गया, जो दिसंबर 2024 में 2.37 फीसदी था। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य वस्तुओं और खाद्य उत्पादों के निर्माण की कीमतें बढ़ने से महंगाई में यह बदलाव आया है।

कपड़ा निर्माण की लागत बढ़ने का असर भी महंगाई पर पड़ सकता है। जनवरी 2024 में डब्ल्यूपीआइ महंगाई दर 0.27 प्रतिशत रही। डब्ल्यूपीआई फूड इंडेक्स जनवरी 2025 में घटकर 7.47 प्रतिशत पर आ गया, जो दिसंबर 2024 में 8.89 प्रतिशत था। वहीं, ईंधन की कीमतों में 2.78 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि दिसंबर में यह गिरावट 3.79 प्रतिशत थी। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की महंगाई दर बढ़कर 2.51 प्रतिशत हो गई, जो पिछले महीने 2.14 प्रतिशत थी। जनवरी में खुदरा महंगाई पांच महीने के निचले स्तर पर भारत की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई जनवरी में घटकर 4.31 फीसदी रह गई, जो दिसंबर में 5.22 फीसदी थी।

## स्पोर्ट्स विंडो



### राज्य स्तरीय खेलो इंडिया वुशू में जिला कुल्लू के 15 खिलाड़ी लेंगे भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू वुशू संघ के महासचिव लुदर चंद ने कहा है कि खेलो इंडिया वुशू वुमन स्टेट लीग का आयोजन 15 और 16 फरवरी को राज्य वुशू संघ द्वारा कंसा चौक के वुशू एक्सीलेंस सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जिला कुल्लू के 15 महिला वुशू खिलाड़ी भाग लेंगे। ये सभी महिला वुशू खिलाड़ी आजकल वुशू की प्रैक्टिस अक्षित वुशू स्पोर्ट्स अकादमी बजौरा में वुशू के कोच लुदर चंद और वुशू के राष्ट्रीय पदक विजेता अक्षित से वुशू की कोचिंग ले रहे थे। जिसमें वुशू के सांशु में जिनिया, रागिनी, अक्षिता ठाकुर, तानिया, आंचल हांडा, समृती ठाकुर, सानिया ठाकुर, पल्लवी ठाकुर, आंचल,स्वास्तिका ठाकुर, तमना हांडा, हिमांशी ठाकुर ,कनिष्क। तालु इवेंट में अवनीजा वत्स और डिम्पल भाग लगी । वुशू संघ कि ओर से टीम कोच कंचन और टीम मैनेजर कल्पना ठाकुर को टीम के साथ भेजा जा रहा है।

### इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत के कप्तान होंगे तेंदुलकर, श्रीलंका के संगकारा

**नई दिल्ली।** चैंपियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर पहली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत के कप्तान होंगे, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगकारा श्रीलंका की कप्तानी करेंगे । टूर्नामेंट 22 फरवरी से 16 मार्च के बीच मुंबई , वडोदरा और रायपुर में खेला जाएगा । भारतीय मास्टर्स टीम का ऐलान शुक्रवार को किया गया, जिसमें विश्व कप विजेता युवराज सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान और अंबाती रायुडू जैसे खिलाड़ी हैं । इरफान ने कहा,''लीग के पहले सत्र में इंडिया मास्टर्स टीम का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं । श्रीलंका मास्टर्स टीम में पूर्व आक्रामक बल्लेबाज रोमेश कालूवितरणा, तेज गेंदबाज सुरंगा लकमल और सलामी बल्लेबाज उपुल थरंगा हैं । भारत और श्रीलंका के अलावा इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज भी इसमें भाग लेंगे ।

### साल में दस महीने खेलने से चोटों का खतरा और बढ़ेगा: कपिल देव

**कोलकाता।** विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने भारतीय क्रिकेटरों के चोटिल होने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए इसकी वजह व्यस्त कैलेंडर को बताया, जिसमें खिलाड़ी साल में करीब दस महीने तक खेलते हैं । बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी इन दिनों खिलाड़ियों के रिहैबिलिटेशन का केंद्र बन गया है जहां खिलाड़ी अभ्यास से ज्यादा समय रिकवरी में बिता रहे हैं । भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इस कड़ी में ताजा नाम बन गए हैं जिन्हें कमर की चोट के कारण सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर रहना पड़ा । चैंपियंस ट्रॉफी के लिए प्रारंभिक टीम में शामिल होने के बावजूद बुमराह अंतिम टीम से बाहर हो गए ।

### हॉली फर्लिंग खूबसूरत अंदाज में

**ऑस्ट्रेलिया।** हॉली फर्लिंग ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेटर हैं, जिन्होंने 2013 में ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम के लिए पदार्पण किया और वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया की घरेलू प्रतियोगिताओं में ऑस्ट्रेलियन कैपिटल टेरिटरी के लिए खेलती हैं।



# चैंपियंस ट्रॉफी में विजेता को मिलेगी 22.40 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि

## पाकिस्तान 1996 के बाद पहली बार आईसीसी प्रतियोगिता की कर रहा मेजबानी

**एजेंसी, दुबई**



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की पुरस्कार राशि में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है और अब विजेता टीम को 22 लाख 40 हजार डॉलर (लगभग 20 करोड़ रुपए) मिलेंगे। उपविजेता को इसकी आधी राशि 11 लाख 20 हजार डॉलर (9.72 करोड़ रुपए) मिलेगी। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 560,000 डॉलर (4.86 करोड़ रुपए) मिलेंगे। कुल पुरस्कार राशि 60 लाख 90 हजार डॉलर (लगभग 60 करोड़ रुपए) कर दी गई है।

आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने बयान में कहा, ''यह पुरस्कार राशि खेल में निवेश करने और हमारी प्रतियोगिताओं की वैश्विक प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए आईसीसी की प्रतिबद्धता को दिखाती है।''

किसी भी टीम को ग्रुप चरण में जीत हासिल करने पर 34,000 डॉलर (30 लाख रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी। पांचवें या छठे स्थान पर रहने वाली प्रत्येक टीम को 350,000 डॉलर (तीन करोड़ रुपए), जबकि सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 140,000 अमेरिकी डॉलर (1.2 करोड़ रुपए) मिलेंगे।

इसके अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी आठ टीमों में से प्रत्येक को 125,000 डॉलर (1.08 करोड़ रुपए) की गारंटी मिलेगी। पाकिस्तान 1996 के बाद पहली बार आईसीसी की किसी प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। भारतीय टीम हालांकि सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा नहीं कर रही है और वह अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। पाकिस्तान में होने वाले मैच कराची, लाहौर और रावलपिंडी में खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में भाग ले रही आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।

### चैंपियनशिप ट्रॉफी 2025 क्रिकेट के लिए बेहद महत्वपूर्ण

**आईसीसी** अध्यक्ष जय शाह ने कहा, ''आईसीसी पुरुष चैंपियनशिप ट्रॉफी 2025 क्रिकेट के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस टूर्नामेंट की फिर से वापसी हो रही है जिसमें वनडे में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं भाग लेती हैं और इसका हर मैच महत्वपूर्ण है।'' पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 2009 से 2017 तक प्रत्येक चार साल में किया गया, लेकिन इसके बाद कोविड और इसकी प्रासंगिकता को लेकर उठ रहे सवालों के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 1998 हुई थी और इसका आयोजन तब प्रत्येक दो साल में किया जाता था। महिला चैंपियंस ट्रॉफी टी20 प्रारूप में 2027 में शुरू होगी।

# इंग्लैंड के कोच बोले-अच्छी तैयारी के साथ आए थे भारत दौरे पर

**एजेंसी, अहमदाबाद**

इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने उन सुझावों को खारिज कर दिया है कि उनकी टीम ने भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए पर्याप्त तैयारी नहीं की थी। रवि शास्त्री और केविन पीटरसन ने बुधवार को खेले गए तीसरे वनडे मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए कहा था कि जो रूट को छोड़कर इंग्लैंड के किसी भी खिलाड़ी ने वनडे सीरीज के लिए पर्याप्त तैयारी नहीं की थी। भारत ने इस सीरीज के तीनों मैच जीतकर क्लीन स्वीप किया था।



मैकुलम ने इंग्लैंड की तीसरे वनडे में हार के बाद 'टॉकस्पोर्ट' से कहा, ''यह पूरा बयान ही तथ्यात्मक रूप से गलत है कि हमने अच्छी तैयारी नहीं की थी।'' उन्होंने कहा, ''हम बहुत अच्छी तैयारी के साथ यहां आए थे। हमारे खिलाड़ी काफी क्रिकेट खेल कर यहां आए थे। परिणाम अनुकूल नहीं रहने पर यह कहना आसान हो जाता है कि हमने पर्याप्त तैयारी नहीं की थी।''

इंग्लैंड की टीम ने नागपुर में खेले गए पहले वनडे से पूर्व अभ्यास सत्र में भाग लिया था, लेकिन इसके बाद अगले दो मैच में उसने अनौपचारिक अभ्यास सत्र का विकल्प चुना था। अगले हफ्ते पाकिस्तान और दुबई में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड को अपने आखिरी वनडे मैच में भारत से 142 रन से हार का सामना करना पड़ा।

इंग्लैंड को वनडे सीरीज से पहले पांच मैच की टी20 सीरीज में भी भारत से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा था। मैकुलम ने जैकब बेथेल (हैमस्ट्रिंग) और जेमी स्मिथ (पिंडली) की चोटों का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा, ''हमारे खेलने की एक शैली, एक तरीका है जिस पर हम पूरा विश्वास करते हैं। हमारे कुछ खिलाड़ी चोटों से जूझ रहे हैं।

### क्रिकेटरों को बेसबॉल खिलाड़ी बनाने की बात बकवास: खेल मंत्रालय

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि एशियाई खेलों या ओलंपिक खेलों में पदक जीतने की संभावना बढ़ाने के लिए देश के प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटरों को बेसबॉल खिलाड़ी बनाने पर विचार करेगा। मंत्रालय ने इस तरह की अटकलों को कपोल कल्पित करार देते हुए कहा कि इस तरह के विचार पर कभी भी किसी भी स्तर पर चर्चा या विचार नहीं किया गया है। मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की बैठक में इस तरह के किसी भी सुझाव पर चर्चा नहीं की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि बेसबॉल इस समय एक मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय महासंघ भी नहीं है। सूत्र ने कहा, ''यह पूरी तरह से काल्पनिक है। बेसबॉल को मंत्रालय से मान्यता भी हासिल नहीं है। साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) क्रिकेट में क्यों आएगा या क्रिकेट खिलाड़ियों को बेसबॉल खिलाड़ी में क्यों बदलेगा।'' बेसबॉल 1994 से एशियाई खेलों और 1992 से ओलंपिक खेलों का हिस्सा रहा है। भारत ने इस खेल में कभी भाग नहीं लिया है। देश में एक भारतीय एमेच्योर बेसबॉल महासंघ है जो खेल की वैश्विक संस्था से संबद्ध है, लेकिन यह खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त नहीं है और ना ही सरकार से किसी भी तरह के वित्त पोषण का हकदार है। मंत्रालय के सूत्र ने कहा, ''एमओसी की बैठक में इस पर चर्चा नहीं की गई।

# वुमन पेंचक सिलाट में हिमाचल की टीम ने जीता गोल्ड और सिल्वर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा खेलो इंडिया नार्थ जोन अस्मिता वुमन पेंचक सिलाट लीग का आयोजन एकलव्या स्टेडियम आगरा उत्तर प्रदेश में किया गया। अस्मिता खेलो इंडिया वुमन पेंचक सिलाट लीग में हिमाचल प्रदेश की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर वर्ग में एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता।

पेंचक सिलाट एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष जोगिंद्र सिंह आजाद ने बताया कि इस प्रतियोगिता में नार्थ जोन के 9 राज्यों के लगभग 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम में 15 महिला खिलाड़ियों ने सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग टेंडिंग इवेंट में भाग लिया। बिलासपुर जिला की साक्षी ठाकुर ने सब जूनियर वर्ग में 54 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल और शेरन सेन ने 45 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता।



विजेता खिलाड़ी मेडल के साथ।

**खेलो इंडिया नार्थ जोन अस्मिता वुमन पेंचक सिलाट लीग का यूपी में किया आयोजन**

एसोसिएशन के चेयरमैन एचडी पंचानी, अध्यक्ष जोगिंद्र सिंह आजाद, महासचिव मोहम्मद जावेद, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, बृज चौहान आदि ने मेडल जितने वाले खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षक एवं बिलासपुर जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन के महासचिव बृज लाल चौहान को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### रोहित-विराट को द. अफ्रीका में विश्व कप खेलते देखना चाहते हैं स्थानीय क्रिकेट प्रेमी

**जोहानिसबर्ग।** पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म के बावजूद रोहित शर्मा और विराट कोहली के प्रशंसकों की दक्षिण अफ्रीका में कमी नहीं है और उन्हें उम्मीद है कि 2027 में यहां होने वाले वनडे विश्व कप में वे दोनों भारतीय दिग्गजों को खेलते देखेंगे। जोहानिसबर्ग के रहने वाले शहजाद पटेल ने यहां हाल ही में संपन्न एसए20 के दौरान भाषा से कहा,''मैने यहां वांडरर्स पर 2007 टी20 विश्व कप फाइनल देखा था जब महेंद्र सिंह धोनी की टीम ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था। रेनार्ड लोउ भारतीय कप्तान रोहित के फैन हैं, लेकिन अभी तक हिटमैन को टीवी पर ही देखा है। उन्होंने कहा,''मुझे क्रिकेट बहुत पसंद है और आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स मेरी पसंदीदा टीम है, लेकिन मुझे रोहित शर्मा की बल्लेबाजी देखना अच्छा लगता है। वह शानदार बल्लेबाज है और उसके पुल शॉट गजब के होते हैं।'' इमरान इब्राहिम का मानना है कि अगर फाफ डु प्लेसी 40 वर्ष की उम्र में खेल सकते हैं तो विराट और रोहित 2027 विश्व कप क्यो नहीं खेल सकते। उन्होंने कहा,''मुझे लगता है कि विराट और रोहित को 2027 विश्व कप खेलना चाहिए। अगर फाफ खेल सकते हैं तो बाकियों को किसने रोका है।

# इगा स्वियातेक कतर ओपन के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, दोहा**



तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एलेना रयबाकिना को 6-2, 7-5 से हराकर कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में जगह बनाने के लिए स्वियातेक का सामना येलेना ओस्टापेंको से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-2, 6-2 से हराया। रूस की एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 4-6, 6-1, 6-1 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा। विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर मौजूद रूसी खिलाड़ी ने इस सप्ताह के शुरू में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को हराया था। सेमीफाइनल में अलेक्जेंड्रोवा का मुकाबला एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा से होगा जिन्होंने यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को 4-6, 7-5, 6-4 से पराजित किया।

### प्रो लीग हमारे लिए बहुत बड़ा मौका : सलीमा

**भुवनेश्वर।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे का मानना है कि एफआईएच प्रो लीग उनकी टीम के लिए अपनी कमजोरियों को दूर करने का शानदार मौका है और वह चाहती है कि उनके खिलाड़ी परिणाम की परवाह किए बिना अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करें। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ करेगी। इसके बाद वह रविवार को फिर से इंग्लैंड का सामना करेगी। भारतीय टीम 18 और 19 फरवरी को स्पेन से खेलेगी। इसके बाद भारतीय टीम 21 और 22 फरवरी को जर्मनी तथा 24 और 25 फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगी। सलीमा ने पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ''हम अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

### बेन सियर्स चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर, जैकब डफी न्यूजीलैंड की टीम में शामिल

**एजेंसी, क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं, जो 19 फरवरी से शुरू होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट से पहले कीवी टीम के लिए एक बड़ा झटका है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने सियर्स की जगह पर जैकब डफी को अपनी टीम में शामिल किया है। एनजेडसी ने बयान में कहा, ''कराची में बुधवार को टीम के पहले अभ्यास सत्र के दौरान सियर्स को अपने बाएं हैमस्ट्रिंग में कुछ दर्द महसूस हुआ और बाद के स्कैन में मामूली चोट का पता चला जिससे उबरने में उन्हें कम से कम दो सप्ताह का समय लग जाएगा।'' बयान के अनुसार, ''इस समय सीमा का मतलब है कि सियर्स संभवत: दुबई में भारत के खिलाफ टीम के अंतिम ग्रुप ए मैच के लिए ही उपलब्ध हो पाएंगे और इस कारण उन्हें बाहर करने का फैसला किया गया।''



# प्रो लीग जीतना और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना हमारा लक्ष्य : हरमनप्रीत

**एजेंसी, भुवनेश्वर**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम का लक्ष्य एफआईएच प्रो लीग के प्रत्येक मैच को जीतना और लीग में शीर्ष पर रहकर 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करना है।



**भारत शनिवार को भुवनेश्वर में स्पेन के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग अभियान की करेगा शुरुआत**

भारत शनिवार को भुवनेश्वर में स्पेन के खिलाफ अपने एफआईएच प्रो लीग अभियान की शुरुआत करेगा। भारत इसके बाद अगले दिन फिर से स्पेन का सामना करेगा। इसके बाद वह 16 और 19 फरवरी को जर्मनी से खेलेगा। हरमनप्रीत ने एफआईएच प्रो लीग के उद्घाटन से पहले कहा, ''हॉकी इंडिया लीग से हमारा अभ्यास अच्छा चल रहा है। हम महीनों से तैयारी कर रहे हैं, एचआईएल से बहुत कुछ सीखा है। हम अपनी फिटनेस बनाए रखने में भी सक्षम हैं।''

उन्होंने कहा, ''हम सिर्फ अच्छी हॉकी खेलना चाहते हैं, सभी खिलाड़ी अच्छी स्थिति में हैं और हमारा लक्ष्य विश्व कप को देखते हुए (प्रो लीग में) हर मैच जीतना है।'' पुरुष हॉकी विश्व कप 14 से 30 अगस्त 2026 तक वेवरे, बेल्जियम और अम्स्टेलवीन, नीदरलैंड में आयोजित किया जाएगा। वर्तमान में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैगफ्लिकरों में से एक हरमनप्रीत ने एचआईएल के शीर्ष स्कोरर जुगराज सिंह की फ्लिक करने की क्षमता की प्रशंसा की और कहा कि घरेलू खिलाड़ियों का इस तरह से सामने आना राष्ट्रीय टीम के लिए अच्छे संकेत हैं। उन्होंने कहा,''हमने एचआईएल में कुछ अच्छे घरेलू खिलाड़ी देखे हैं। यह युवाओं के लिए एक अच्छा मौका था और उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया। जुगराज ने सर्वाधिक गोल किए और उसका प्रदर्शन शानदार रहा। मैं उसके लिए खुश हूं और यह राष्ट्रीय टीम के लिए भी फायदेमंद है।'' हरमनप्रीत ने कहा कि उनकी टीम स्पेन को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी।

उन्होंने कहा,''स्पेन की टीम बहुत अच्छी है और हम उसे हल्के से नहीं ले सकते हैं। हमारा ध्यान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके मैच जीतने पर है।'' भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग टीम के लिए उचित संयोजन तैयार करने का एक मौका है। उन्होंने कहा,'' हमारे लिए यह उचित टीम संयोजन तैयार करने का मौका है। हम कुछ चीजों को आजमाएंगे और देखेंगे कि हमारे लिए सबसे बेहतर क्या है। ''

# श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को 174 रन से हराया

**एजेंसी, कोलंबो**


सीरीज में 2-0 से किया क्लीन स्वीप
शतक लगाने के बाद खुशी जाहिर करते कुसल मेंडिस।

चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले श्रीलंका ने वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 174 रन के बड़े अंतर से हरा दिया है। यह कंगारू टीम की रन के लिहाज से श्रीलंका के खिलाफ सबसे बड़ी वनडे हार है। इस जीत के सहारे श्रीलंका ने कंगारुओं पर 2 वनडे की सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। टीम ने पहला मुकाबला 49 रन से जीता था।

शुक्रवार को श्रीलंका ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 50 ओवर में 4 विकेट पर 281 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 24.2 ओवर में 107 रन पर ऑलआउट हो गई। कप्तान स्टीव स्मिथ ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाए। दुनिथ वेल्लालागे ने 4 विकेट झटके। वनिंदू हसरंगा और असिथ फर्नांडो ने 3-3 विकेट लिए। श्रीलंका से कुसल मेंडिस ने 115 गेंद पर 101 रन की शतकीय पारी खेली। निशान मदुष्का ने 70 बॉल पर 51 और चरिथ असलंका ने 66 बॉल पर नाबाद 78 रन बनाए। जनिथ लियानागे ने नाबाद 32 रन का योगदान दिया। 282 रन का टारगेट चेज कर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को शुरुआती झटके लगे। टीम ने 33 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। ओपनर मैथ्यू शॉर्ट 2, जैक फ्रेजर-मैगर्क 9 और ट्रैविस हेड 18 रन बनाकर आउट हुए। तीनों को असिथा फर्नांडो ने आउट किया।

स्टीव स्मिथ ने 29 और जोश इंग्लिस ने 22 रन बनाकर स्कोर 79 रन तक पहुंचाया। यहां इंग्लिस आउट हुए और टीम बिखर गई। टीम ने 29 रन बनाने में आखिर के 7 विकेट गंवा दिए।

ऑस्ट्रेलिया 24.2 ओवर में 107 रन ही बना सका। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही श्रीलंकाई टीम ने 15 रन के स्कोर पर पाथुम निसांका का विकेट गंवा दिया। वे 6 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एरोन हार्डी ने बोल्ड किया। यहां से ओपनर निशान मदुष्का ने कुसल मेंडिस के साथ मिलकर टीम को शुरुआती झटकों से उबारा। मदुष्का 51 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन ड्वारशस ने एडम जम्पा के हाथों कैच कराया। मदुष्का के बाद कामिंडु मेंडिस भी 4 रन बनाकर आउट हो गए।

## चीन में बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप

# क्वार्टर फाइनल में जापान से हारा भारत

**एजेंसी ,किंगदाओ ( चीन )**



भारत शुक्रवार को यहां बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जापान की अपेक्षाकृत कमजोर टीम से 0-3 से हार गया और इस तरह से प्रतियोगिता में उसके अभियान का निराशाजनक अंत हुआ।

दुबई में 2023 के कांस्य पदक विजेता भारत को अपनी लय पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा और 2017 के चैंपियन जापान के खिलाफ उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। क्वार्टर फाइनल के शुरुआती मैच में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी हिरोकी मिदोरिकावा और नात्सु सैतो से 13-21, 21-17, 13-21 से हार गई। पीवी सिंधु के चोटिल होने के कारण महिला एकल में भारत का दारोमदार मालविका बांसोड़ पर था लेकिन वह टोमोका मियाजाकी से 12-21, 19-21 से हार गई जिससे भारत 0-2 से पीछे हो गया।

भारत को मुकाबले में बनाए रखने की जिम्मेदारी एचएस प्रणय पर थी। सत्र के शुरू से फॉर्म से जूझ रहे 32 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी दुनिया के 16वें नंबर के केंटा निशिमोटो के खिलाफ दबाव बरकरार नहीं रख सके। जापानी स्टार ने एक घंटे और 17 मिनट में 21-14, 15-21, 21-12 से जीत दर्ज कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत के लिए यह हार इसलिए भी निराशाजनक है, क्योंकि जापान के शीर्ष खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं और उसने दूसरी श्रेणी की टीम उतारी है।